लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ । वर्ष: 15 । अंक: 347 । मूल्य: ₹ 3.00/- । पेज : 12 । गुरुवार । 03 अक्टूबर, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper




नवरात्रि का पहला दिन


**शैलपुत्री**

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा, सभी भाग्य का प्रदाता, देवी शैलपुत्री द्वारा शासित होता है और चंद्रमा के किसी भी बुरे प्रभाव को आदि शक्ति के इस रूप की पूजा करने से दूर किया जा सकता है।



# लेबनान में 2किमी तक घुसे इजराइली सैनिक

**हिजबुल्लाह से भिड़े:** इजराइल ने यूएन चीफ की एंट्री बैन की, कहा, उन्होंने ईरानी हमले की निंदा नहीं की



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव**

लेबनान के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार (2 अक्टूबर) को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। बीबीसी के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। आमने-सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 2 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है। मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। हालांकि, इजराइल के मुताबिक, ईरान ने उस पर 180 मिसाइलों से हमला किया था। इजराइली डिफेंस फोर्स ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया था। ईरान के हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ह चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

### भारत ने ईरान में रह रहे नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की

ईरान और इजराइल में टकराव के बाद भारत ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों से बिना इमरजेंसी ईरान न जाने की सलाह दी है। इसके अलावा ईरान में रह रहे भारतीयों को सतर्क और ऐम्बेसी से लगातार संपर्क में रहने को कहा है। ङ्कष्टस्न ने लेबनान में करीब 25 गांवों के लोगों से तुरंत इलाका खाली करने को कहा है। इजराइली सेना ने कहा क हिजबुल्लाह की हरकतों ने हमें उनके खिलाफ एक्शन लेने पर मजबूर कर दिया है। लेकिन हम आपको नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते हैं।

### हिजबुल्लाह का दावा, धमाका कर मारे कई इजराइली सैनिक

हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने एक विस्फोटक डिवाइस की मदद से कई इजराइली सैनिकों को मार गिराया है। अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने यह हमला दक्षिणी लेबनान के यारून इलाके में किया। हालांकि, इजराइल की तरफ से अब तक ऐसे किसी हमले की पुष्टि नहीं की गई है।

### नेतन्याहू की इजराइली सिक्योरिटी चीफ्स के साथ बैठक

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में देश के सभी सिक्योरिटी चीफ्स के साथ बैठक की। बैठक का मकसद ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने के लिए रणनीति तय करना था। इस मीटिंग में नेतन्याहू के साथ रक्षा मंत्री योव गैलेंट, मोसाद डायरेक्टर डेविड बार्निया, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हालेवी और शिन बेत के हेड रोनेन बार शामिल हुए।

### हिजबुल्लाह ने फिर दागीं 40 मिसाइलें

हिजबुल्लाह ने एक बार फिर इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। एनवाईटी के मुताबिक, बुधवार दोपहर लेबनान से इजराइल पर 40 मिसाइलों से अटैक किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि उन्होंने कुछ मिसाइलों को मार गिराया है।

### 'इजराइल के एयरबेस पर गिरीं ईरानी मिसाइलें'

आईडीएफ ने माना है कि ईरान के हमले में कुछ मिसाइलें इजराइल के एयरबेस पर गिरीं। हालांकि, इजराइली सेना ने कहा है कि इस हमले में कुछ ऑफिस बिल्डिंग्स को नुकसान पहुंचा, लेकिन इजराइली एयरफोर्स पर इसका कोई असर नहीं हुआ। ईरान की कोई भी मिसाइल इजराइल के एयरक्राफ्ट या दूसरे एयरबेस को नुकसान नहीं पहुंचा पाई।

### लेबनान का दावा, इजराइली सेना 400 मीटर अंदर घुसी

लेबनान की मिलिट्री ने बुधवार को बताया कि इजराइली सेना लेबनान में 400 मीटर अंदर तक घुस गई थी। ये घुसपैठ खीरबेत यारौन और आदेयसेह के इलाके में हुई थी। हालांकि घुसपैठ के कुछ देर बाद वापस लौट गई थी।

### 'अमेरिका-यूरोप की वजह से मिडिल ईस्ट में जंग हो रही'

ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका और यूरोपीय देशों की मौजूदगी क्षेत्र में जारी तनाव की वजह है। खामेनेई ने कहा कि दूसरे देशों की वजह से ही यहां जंग, टकराव और दुश्मनी बढ़ रही है। सुप्रीम लीडर ने कहा कि मिडिल ईस्ट के देश अपने मसलों को खुद सुलझाकर एक-दूसरे के साथ शांति से रह सकते हैं।

### 'ईरान ने इजराइल पर फतह मिसाइल से किया था हमला'

न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि ईरान ने इजराइल पर हमले के लिए अपने सबसे एडवांस्ड हथियारों और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। ह्लङ्घ ने एक्सपर्ट्स के हवाले से अनुमान लगाया है कि इनमें ईरान की फतह मिसाइल भी शामिल थी। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उन्होंने अपनी फतह मिसाइलों को तैनात कर दिया है। किसी भी खतरे की स्थिति में वे हमले के लिए तैयार हैं।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती में दूर होनी चहिए आरक्षण में अनियमितता: अनुप्रिया पटेल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक बार फिर से 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण में हुई अनियमितता को दूर करने के साथ ही जातीय जनगणना कराने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती में शामिल हुए पिछड़े व दलित अभ्यर्थियों को न्याय मिलना चाहिए। वहीं, जातीय जनगणना को लेकर कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को बराबर उठाती रही है। हालांकि उन्होंने अब तक जातीय जनगणना न कराए जाने को लेकर कांग्रेस और सपा को जिम्मेदार ठहराया। अनुप्रिया बुधवार को राजधानी के चारबाग स्थित रवींद्रालय प्रेक्षागृह में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने जातीय जनगणना के सवाल पर कहा कि जनगणना की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। इसलिए उनकी पार्टी की मांग है कि जनगणना की प्रक्रिया में जातीय जनगणना की जानी चाहिए। इस संबंध में पार्टी एनडीए की बैठकों में अपना पक्ष रख चुकी है। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस और यूपी में सपा की कई बार सरकार रही है, लेकिन सत्ता में रहते हुए इन दोनों दलों को कभी भी जातीय जनगणना की याद नहीं आई। जातीय जनगणना को लेकर दोनों दलों का नया-नया प्रेम है। बिहार में सरकार ने चाहा तब जातीय जनगणना कराई। वैसे ही सपा को यूपी में कराना चाहिए था। अनुप्रिया ने कहा कि उपचुनावों में एनडीए सभी 10 सीटों पर जीत हासिल करेगा।

# यूपी में महिला कल्याण को समर्पित होंगे नवरात्रि से 90 दिन

**सीएम योगी के निर्देश पर आज से अगले 90 दिन तक महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस सहित अन्य विभाग मिलकर नौ विशेष ऑपरेशन चलाएंगे**

- 10 -10 दिन के ऑपरेशन के तहत महिला सुरक्षा और जागरूकता के अलग-अलग घटकों पर फोकस किया जाएगा
- इस दौरान ऑपरेशन गरुड़, शील्ड, डेस्ट्रॉय, बचपन, खोज, मजनू ,नशा मुक्ति, रक्षा, ईगल चलाए जाएंगे

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** सीएम योगी ने नवरात्रि को महिला कल्याण, सशक्तिकरण, सुरक्षा और बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए चुना है। नवरात्रि के पहले दिन से 90 दिन तक विशेष ऑपरेशन चलाकर मातृशक्ति के लिए प्रदेश में अनुकूल माहौल तैयार किया जाएगा। सीएम योगी शारदीय नवरात्रि के पहले दिन, 3 अक्टूबर को मिशन 5.0 का शुभारंभ करेंगे। नवरात्रि से अगले 90 दिन तक महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस सहित अन्य विभाग मिलकर नौ विशेष ऑपरेशन चलाएंगे। 10 -10 दिन के ऑपरेशन के तहत महिला सुरक्षा और जागरूकता के अलग-अलग घटकों पर फोकस किया जाएगा। इस दौरान ऑपरेशन गरुड, शील्ड, डेस्ट्रॉय, बचपन, खोज, मजनू ,नशा मुक्ति, रक्षा, ईगल चलाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। सभी जिलों को लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ऑनलाइन लिंक से जोड़ा जाएगा। राजधानी लखनऊ के साथ सभी जिलों में महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव के निर्देश के मुताबिक राजधानी की तर्ज पर सभी जिलों में महिलाओं के लिए पिंक बूथ का निर्माण किया जाए।

### ये है 90 दिन के ऑपरेशन की रूपरेखा

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता के संबंध में तीन महीने की अवधि के दौरान 10-10 दिन के नौ विशेष अभियान चलाए जाएंगे। महिलाओं और बच्चों से संबंधित साइबर क्राइम के रजिस्टर अभियोगों और प्रार्थना पत्रों के पूरे निस्तारण के लिए पहले 10 दिन ऑपरेशन गरुड़ चलाया जाएगा। 11 से 20 दिन में एसिड की अवैध बिक्री और वितरण के विरुद्ध ऑपरेशन शील्ड, 21 से 30 दिन अश्लील सीडी, डीवीडी, किताबें साहित्य सामग्री की जांच, बरामदगी और जब्तीकरण के लिए ऑपरेशन डेस्ट्राय चलाया जाएगा। 31 से 40 दिवस में ऑपरेशन बचपन, 41 से 50 दिन में गुमशुदा बच्चों और बच्चों द्वारा संचालित आश्रय गृहों का निरीक्षण और बरामद बच्चों के पुनर्वास के लिए ऑपरेशन खोज संचालित होगा। 51 से 60 दिवस में महिला स्कूलों और कॉलेजों के आसपास अराजक और अवांछनीय तत्वों और मनचलों के खिलाफ ऑपरेशन मजनू चलाया जाएगा। 61 से 70 दिन नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन नशा मुक्ति अभियान संचालित किया जाएगा। इसके अलावा मसाज पार्लर और स्पा सेंटरों पर भी नजर रहेगी। 71 से 80 दिवस ऑपरेशन रक्षा और महिला संबंधी क्राइम और सामने आए अपराधी और जेल से बाहर आए अभियुक्तों के खिलाफ, 81 से 90 दिवस ऑपरेशन ईगल के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## बरेली में बड़ी घटना: तेज धमाकों के साथ धराशायी हुए पांच मकान, दो महिलाओं की मौत, चार गंभीर घायल

**जन एक्सप्रेस । बरेली**



बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में मंगलवार शाम को आतिशबाजी बनाते वक्त तेज धमाका हुआ, जिससे आसपास के पांच घर जमींदोज हो गए। घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। यह संख्या बढ़ सकती है। दो बच्चे लापता हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बचाव कार्य कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रहमान शाह के घर में आतिशबाजी बनाने का काम चोरी छिपे किया जा रहा था। इसी दौरान तेज धमाका हुआ। फिर एक के बाद एक कई धमाके हुए। इससे रहमान शाह के घर समेत आसपास के चार घर जमींदोज हो गए। घरों में मौजूद लोग मलबे में दब गए। चीखपुकार मच गई। घटना में रहमान शाह की पुत्रवधू समेत दो महिलाओं की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि चार लोगों को मलबे से गंभीर हालत में निकाला गया और रामनगर सीएससी भेजा गया। दो बच्चे हसन और हसनान लापता हैं। एसएसपी ने एसपी यातायात व सीओ मीरगंज को मौके पर भेजा है। बताया जा रहा है कि रहमान शाह के रिश्तेदार नाजिम व नासिर सिरौली में रहकर आतिशबाजी का काम करते हैं। रहमान शाह अपने यहां चोरी छिपे आतिशबाजी बनाकर उन्हें देता है।

**इनकी हुई मौत**

1. तबस्सुम पत्नी वाहिद
2. रुखसाना पत्नी इसरार

**ये हुए घायल**

1. फातिमा पत्नी नाजिम
2. सितारी पत्नी नासिर
3. रहमान पुत्र जोगिन शाह
4. छोटी बेगम पत्नी रहमान

## शहीद पथ पर युवती से छेड़छाड़ करने वाला शोहदा सीतापुर से गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के शहीद पथ पर रविवार रात स्कूटी सवार युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को बिजनौर पुलिस ने सीतापुर जनपद से गिरफ्तार किया है। एडीसीपी साउथ राजेश यादव ने बताया कि पुलिस ने बुधवार दोपहर सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की मदद से चलती स्कूटी में युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी सैरपुर निवासी फुरकान को गिरफ्तार किया। आरोपी को पुलिस टीम सीतापुर से लेकर लखनऊ आ रही है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से बाइक का नंबर मिला था। नंबर की मदद से पुलिस बाइक मालिक के घर विकास नगर पहुंची।

# प्रधानमंत्री मोदी ने असम को दिया चार बायो-गैस इकाइयों का तोहफा, कहा, किसानों को मिलेगी मदद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में ऑयल इंडिया लिमिटेड की चार कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) संयंत्रों के निर्माण की शुरुआत की। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर देशभर में कई सीबीजी संयंत्रों के लिए आयोजित भूमि पूजन समारोह का हिस्सा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से वर्चुअली इसका उद्घाटन किया। पीएम ने भोपाल में भी एक संयंत्र का उद्घाटन किया। इससे सतत और पारिस्थितिकी-सम्मत ऊर्जा परिदृश्य को बढ़ावा दिया जा सकेगा। असम में प्रमुख ओआईएल परियोजनाएं गुवाहाटी, जोरहाट, शिवसागर और तिनसुकिया में स्थित हैं। पीएम मोदी ने कहा, गोबर हमारे गांवों में बदलाव ला रहा है। भारत के गांवों में सैकड़ों बायो-गैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले गांव वालों के लिए गोबर का प्रबंधन एक समस्या थी, और यदि गाय या बैल उम्र के कारण अप्रभावी हो जाता था तो यह और भी जटिल हो जाता था। लेकिन अब इन बायो-गैस संयंत्रों के आने से अप्रभावी पशुओं का गोबर भी हमारे किसानों की मदद कर रहा है। उन्होंने कहा, शहरीकरण के कारण कचरे का उत्पादन बढ़ रहा है और नए प्रकार के कचरे जैसे ई-कचरा भी सामने आ रहे हैं। हमें इस मुद्दे को हल करने के लिए नई तकनीकों की आवश्यकता है। उन्होंने भविष्य में निर्माण में पुनर्नवीनीकरण को शामिल करने और नए आवासीय परिसर को न्यूनतम कचरा उत्पन्न करने के लिए डिजाइन करने पर जोर दिया। ऑयल इंडिया लिमिटेड, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ निकट

### सीबीजी की स्थापना हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

कंपनी के एक बयान में कहा गया, जब भारत साफ ऊर्जा अग्रणी बनने की अपनी दृष्टि की ओर बढ़ रहा है, तो इन सीबीजी संयंत्रों की स्थापना एक हरित और अधिक लचीले भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये संयंत्र उन्नत शून्य तरल निकासी प्रणालियों को शामिल करते हैं, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित होता है। प्रत्येक संयंत्र हर दिन आसपास के नगर निगमों से 125 टन ठोस शहरी कचरे को संसाधित करने में सक्षम है। इससे कचरे को हर दिन लगभग 2 टन सीबीजी में बदला जाएगा। उत्पन्न बायोगैस को निकटतम उपलब्ध शहर गैस वितरण नेटवर्क में एकीकृत किया जा सकता है या सीधे सीएनजी खुदरा विक्रेताओं को आपूर्ति की जा सकती है।

### प्रदूषण होगा कम

कंपनी ने कहा, कचरे का इस कुशल उपयोग प्रदूषण को कम करने में योगदान करता है, जबकि साफ ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत प्रदान करता है। यह पहल भारत सरकार की 'सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन' और गोबरधन योजना के साथ मेल खाती है, जिसका उद्देश्य सीबीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। कंपनी ने जोर दिया कि ये संयंत्र स्थानीय समुदायों में महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए तैयार हैं, जिससे आर्थिक विकास और इन क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार होगा। यह पहल देश की आयातित ईंधनों पर निर्भरता को कम करने में भी योगदान देगी, ऊर्जा स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी।

**रिपोर्ट** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की जयंती पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर की पुष्पांजलि

# गांधी जी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन: सीएम योगी

- सीएम योगी ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश
- स्कूली बच्चों व कलाकारों ने गीतों से दी राष्ट्रपिता को भावांजलि
- सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी किया नमन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के महानायक थे। महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र और मानवता के लिए किए गए उनके योगदान के प्रति देश कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मान्यता थी कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी अस्त नहीं होता था, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन उनके सूर्य को अस्त करने में सफल रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की जयंती पर क्षेत्रीय गांधी आश्रम में अपने विचार रखे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। सीएम ने यहां खादी के वस्त्रों की खरीदारी भी की। फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया।

### 12 करोड़ घरों में शौचालय निर्माण नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को ऊंचाई देना है, जिनकी प्रासंगकिता न केवल 100 वर्ष पहले, बल्कि आज भी उसी रूप में बनी है। जिस मिशन को पीएम मोदी ने दस वर्ष पहले प्रारंभ किया था, वह आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। देश में 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान भी है।

### हमारे जीवन का हिस्सा बने खादी

सीएम योगी ने कहा कि खादी हमारे जीवन का हिस्सा बने। उन्होंने बताया कि गांधी आश्रम में 108 दिन तक खादी के उत्पादों पर 25 फीसदी छूट दी जाएगी। सीएम ने आह्वान किया कि इस अवधि में खादी की कोई वस्तु अवश्य खरीदें। स्वदेशी वस्तुओं को उपहार स्वरूप भेंट करें। स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल के लिए लोगों को प्रेरित करें। इससे अधिक से अधिक रोजगार का सृजन होगा और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को भी साकार करने में मदद मिलेगी। यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अभियान के स्वरूप विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद करेगा। सीएम ने अपील की कि पर्व-त्योहार में विदेशी वस्तुओं की बजाय स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें।

### देश की आजादी का प्रतीक बना खादी

सीएम योगी ने कहा कि स्वदेशी जब तक भारत की आजादी का मंत्र नहीं बना था, तब तक आजादी की लड़ाई एकजुट होकर नहीं दिख रही थी। भारत की आजादी के आंदोलन के साथ महात्मा गांधी का जुड़ना और उसे स्वदेशी के साथ जोड़ने का जो अभियान रहा, इससे आजादी के लिए हर नागरिक के मन में गौरव व स्वावलंबन का भाव जागृत हुआ। खादी उसका प्रतीक बना।

### सीएम योगी ने लाल बहादुर शास्त्री को भी किया नमन

सीएम योगी ने खादी आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी राष्ट्रपिता के अनन्य भक्त व अनुयायी थे। वे गांधी जी के आह्वान पर देश के आजादी के आंदोलन में जुड़े थे। उन्हें 1964 में प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। देश खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, उसका परिणाम शास्त्री जी के छोटे कार्यकाल के दौरान भी देखने को मिला।

### शास्त्री जी के नेतृत्व में भारत ने कराया पराक्रम का परिचय

सीएम योगी ने कहा कि 1965 में दुश्मन देश द्वारा थोपे गए युद्ध का जवाब भारत ने तेजस्विता के साथ दिया था। यह देश के उस स्वरूप को दिखाता है कि विश्व मानवता के कल्याण के लिए कार्य करेंगे, लेकिन हमारी सीमाओं पर कोई अतिक्रमण करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी देंगे। शास्त्री जी के नेतृत्व में उस समय भारत ने भी अपने पराक्रम का परिचय दुश्मन देश को कराया और विश्व के सामने भारत को वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित करने में योगदान दिया।

### सीएम योगी ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां स्कूली बच्चों ने नारायण-नारायण जय गोविंद हरे, नारायण-नारायण जय गोपाल हरे, वह शक्ति हमें दो दयानिधे, रघुपति राघव राजाराम आदि गीतों से भावांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों की भी हौसलाअफजाई की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्रीय गांधी आश्रम में चरखा भी चलाया।

# भारत के स्वरूप में दोनों महानभुतियों का है महत्वपूर्ण योगदान: जिलाधिकारी

**जयंती पर याद किये गये महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री**

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है दोनों महानभुतियों कि महत्वपूर्ण योगदान था। कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुत बडा था। उन्होंने संघर्ष कर शोषितों, वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब महात्मा गांधी अफ्रीका से लौट के आए तो भारत के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद विश्व के कई देशों में आजादी मिली जो इनके प्रेरणा स्रोत रही। उन्होंने कहा कि यह भारत के राष्ट्रपिता नहीं बल्कि पूरे विश्व में उनके आदर्शों को मानते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग उनके विचारों पर चलते हैं कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी जब अपनी भूमिका में होते है तो जो गरीब से गरीब व असहाय होते हैं, उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी पहले अपने जीवन में किसी कार्य को करने से पहले आत्मसात करते थे, उसके बाद ही किसी को उपदेश देते थे। इसी तरह जब तक हम अपनी आदत में सुधार नहीं कर सकते तब तक हम किसी का सुधार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत सरकार महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान भी चल रही है। हमें अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास भी साफ सफाई रखना होगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का भी बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को प्रगति की राह पर लाए। उन्होंने कहा कि इन दोनों



महान विभूतियों के कार्यों का अपने जीवन में चरितार्थ करना होगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि हम लोग हर वर्ष महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मानते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता देश को स्वतंत्र कराए जाने के लिए थी, जिससे कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अपनी समस्या पर ध्यान केन्द्रित नहीं करना चाहिए हमें अपने लक्ष्य की तरफ देखना चाहिए। उन मूलभूत चीजों को अपने आचरण में उतार ले तो आगे बढ सकते हैं। कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। साथ ही उनका मानना था कि अगर स्वच्छ वातावरण हो तो समाज भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जय जवान जय किसान का नारा दिया। उन्होंने किसानों पर विशेष बल देकर देश में खाद्यान्न की कमी नहीं होने दिया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। जिसने इस देश की दशा और दिशा बदली। इतिहास में उनका योगदान सदियों तक चलता रहेगा। सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आजाद कराया। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि हम लोग हर साल महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं। महात्मा गांधी के मार्गों पर चलकर हम आगे बढ सकते हैं। उप जिला अधिकारी मोहम्मद जसीम ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का आज जन्म दिवस है इन दोनों महापुरुषों एवं उनके विचारधाराओं को याद किया जाता है गांधी जी का पश्चिमी अध्यात्म वाद दोनों को स्वीकार नहीं किया उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने दोनों के बीच को अपनाया जिसे आदर्शवाद कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व गांधीवादी की ओर बढता जा रहा है कहा कि सत्य अहिंसा पर विश्वास करते थे उन्होंने कहां की हमें वृक्षारोपण करना चाहिए नहीं तो आने वाली समय में इसका अच्छा परिणाम नहीं रहेगा।

# महात्मा गांधी के सच्चे अनुयाईयों को अपनाने होंगे उनके प्रत्येक विचार: नीलू मैनवाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय विश्व अंहिसा दिवस एवं गांधी जयन्ती के अवसर पर न्यायालय परिसर में वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी तथा लाल बहादूर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम गाया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादूर शास्त्री के विचारों पर प्रकाश डाला।

प्रभारी जनपद न्यायाधीश राममणि पाठक ने बताया कि अहिंसा का मतलब व्यक्ति को चोट पहुंचाने से नहीं बल्कि व्यक्ति के किसी भी आचरण में दूसरे व्यक्ति को आघात पहुंचता है तो यह अहिंसा की श्रेणी में आता है। लालबहादुर शास्त्री हमारे देश के एक कर्मठ, ईमानदार, शसक्त प्रधानमंत्री थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने कहा कियदि हम महात्मा गांधी के सच्चे अनुयाई बनना चाहते हैं तो उनके विचारों को प्रत्येक व्यक्ति को मन, वचन एवं कर्म से अपनाना होगा। इसके अलावा लालबहादूर शास्त्री के जीवन से हमें कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता समाज में प्रचलित विभित्र प्रकार के विवादों को आपसी सुलह-समझीते के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से समाधान किया जा सकता है।

इस मौके पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सिविल जज (सीडि) सचिन कुमार दीक्षित, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय एस आनन्द आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में गांधी जयन्ती के अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादूर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये महात्मा गांधी के विचारों एवं शिक्षाओं के बारे में बाल अपचारियों की बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आर्दर्शों पर चलकर एक अपराध मुक्त शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सकती है। इस मौके पर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजलिका प्रियदर्शिनी, संस्था प्रभारी वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला अस्पताल में चलाया गया सफाई अभियान



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सतगुरू माता सुदीक्षा महराज के मार्गदर्शन में बुधवार को संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउण्डेशन के तत्वाधान में जिला अस्तपाल में सेवादल के संचालक लोटन प्रसाद के नेतृत्व में निरंकारी सेवादल सदस्यों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वर्दी में सेवादल सदस्यों द्वारा सफाई के पहले सतगुरू से प्रार्थना की गयी। उसके बाद सफाई अभियान चित्रकूट के मुखी महात्मा शिवभवन निरंकारी की उपस्थित में प्रारम्भ हुआ। साथ में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वन्दना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। सफाई अभियान में जिला अस्पताल के अन्दर व बाहर झाडू लगाया गया व कूड़े का ढ़ेर साफ किया गया। साथ ही शौचालय, नालियां, कूड़ेदान की भी सफाई की गयी।

# डीएम-एसपी व जनप्रतिनिधियों ने जन जागरुकता वाहन रैली को दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस । उरई

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व जन सामान्य को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी प्रदान कराने हेतु शासन के निर्देशानुसार 02 से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को राजकीय इण्टर कॉलेज उरई से जन जागरूकता वाहन रैली को विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने



संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। जनप्रतिनिधियों ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, नशे की हालत में वाहन बिल्कुल ना चलाएं, वाहन चलाते समय ओवर स्पीडिंग व स्टंट आदि बिल्कुल ना करें, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें, जीवन अमूल्य है सभी लोग यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करें।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, संभागीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडे, सुरेश कुमार, राजेश कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, स्वयंसेवी संगठन छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# बापू ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को कराया आजाद: कुशल सिंह पटेल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला कौंग्रेस समिति के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 8 ट्रांसपोर्ट नगर में मनाई गई। इस अवसर पर प्रभात फेरी निहाई माता मंदिर से अंबेडकर चबूतरा तक निकाली गई। वहां पर मूर्ति पर माला पहनाकर प्रभात फेरी का समापन किया गया।

इसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बापू और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर कांग्रेसियों द्वारा माला पुष्प अर्पित कर याद किया गया। जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा बापू ने देश को आजादी दिलाने के लिए असहयोग आंदोलन नमक आंदोलन के माध्यम से देश को आजादी दिलाने के लिए कार्य किया।

सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद कराया। उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता आज हम सभी लोग शपथ ली की बापूजी की बताएं मार्ग पर चलकर देश में लोकतंत्र संविधान की रक्षा करें और कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करें। लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश की प्रगति के लिए काम किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, सेवादल अध्यक्ष चुनबाद प्रसाद, किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वीरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, मानवेंद्र सिंह, जग जाहिर पटेल आदि मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी का जीवन अनुकरणीय, गांधी दर्शन से प्रेरणा लेकर युवा लक्ष्य भेदी कृतित्व करें: कुलगुरु

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने आवाहन किया कि वह पूज्य बापू के विचारों और जीवन दर्शन को आत्मसात कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढे। उन्होंने पूज्य बापू और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुडे प्रसंगों को लेकर युवाओं के लिए प्रेरक व्याख्यान दिया। गांधी उद्यान और प्रशासनिक भवन प्रांगण में हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों की काव्य प्रस्तुति और अभिव्यक्ति की प्रस्तुति हुई। बापू के प्रिय भजनों वैष्णव जन तो को प्रस्तुत किया गया। रघुपति राघव राजा राम का गायन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम चरण में




निर्माणाधीन ग्राम दर्शन पार्क में सामूहिक श्रमदान किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी अधिष्ठाता प्रो आर पी बाजपेई ने किया। संचालन सह संयोजक डॉ ललित कुमार सिंह परीक्षा नियंत्रक ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के आगमन और पूज्य बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गांधी उद्यान के सम्मुख प्रशासनिक भवन सभागार में संगीत इकाई के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामोदय परिवार शामिल हुआ। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने की। इस अवसर प्रो मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अनेक संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का पूरा जीवन अनुकरणीय है। उन्होंने महात्मा गांधी की हरिश्चंद्र नाटक से मिली सत्य और अहिंसा की प्रेरणा, गरीबी से तंग एक ग्रामीण बहन को अपनी आधी धोती फाडकर देने के साथ ही आजीवन आधी धोती पहनने के संकल्प, देश की आजादी के लिए चल रहे आंदोलन को अहिंसात्मक दिशा में मोडने आदि प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने स्वदेशी अपनाओ और अंग्रेजो भारत छोडो का नारा बुलंद करते हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को अहिंसात्मक ढंग से गतिमान बनाया। इसी श्रृंखला में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी भरा था। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा लगाते हुए देश में आए अन्न संकट को दूर करने के लिए तत्समय भारतीय जनता को एक पहर भोजन न करने के लिए केवल व्योहारिक प्रेरणा ही नहीं दी अपितु राष्ट्र के आत्म सम्मान को गौरान्वित किया।

कार्यक्रम में कुलसचिव, अधिष्ठाता गण प्रो शशि कांत त्रिपाठी, डॉ सुधाकर मिश्रा सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

## कूलर का प्लग लगाते समय करंट लगने से वृद्ध किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर में करंट लगने से वृद्ध किसान की मौत हो गई। कालपी कोतवाली के ग्राम जोल्हूपुर निवासी रामस्वरूप 64 वर्ष मंगलवार की शाम को घर में रखे कूलर को चलाने के लिए प्लग लगा रहा था। तभी तार में कट होने के कारण उसको तेज करंट लग गया और वह वहीं गिर गया। दूसरे कमरे में मौजूद पत्नी कटोरी देवी ने जैसे ही गिरने की आवाज सुनी तो वह कमरे में पहुंच गई। जहां पर उसने पति को कूलर का तार पकड़े हुए जमीन पर पड़ा देखा तो वह चिल्लाने लगी। तभी पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और किसान को इलाज के लिए सीएचसी कालपी ले गए। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक किसान के दो बेटे सुभाष व अशोक हैं, जो कि गुजरात में रहकर मजदूरी करते हैं। उन्हें सूचना दी गई है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन




जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण, संवाद प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को अष्टावक्र सभागार में आयोजित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत आत्म निर्भर भारत वर्तमान में प्रधानमंत्री द्वारा किये जा रहें ऐतिहासिक निर्णय पर अडिग विचारों से प्रभावित है। पहले की सरकारों ने भारत को विदेशी हाथों में सौंप दिया था। जब भारत सशस्त्र बलों के साथ आज रक्षा बलों के लिए सेना, पुलिस बल, हथियार के मामलों में हम खुद तैयार कर रहे हैं। चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण, सोलर पावर प्लांट से लैस हो रहा है। आत्म निर्भर भारत से ही उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद का कार्य भी चल रहा है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत में सेवा पखवाडा लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश व देशभर में शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम चल रहा है। साफ सफाई व्यवस्था चारों तरफ चल रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डां आनंद कुमार ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय नायक ने किया।

इस मौके पर डीन डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ रजनीश सिंह, डॉ रवि प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रमा सोनी, जितेन्द्र सिंह, डॉ शांत चतुर्वेदी, एस पी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने जुए की फड़ पर दबिश देकर नौ जुआरी किए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई

माधौगढ़ कोतवाली के कैलोर में हजारों रुपए से हारजीत की बाजी लगाकर खेले जा रहे जुएं के फड़ की घेराबंदी कर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से मोबाइल व नगदी बरामद कर कारवाई की। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैलोर में कई महीनों से जुएं का फड़ सजवाया जा रहा था। जिसकी चर्चाएं भी क्षेत्र में जोरों पर गूंज रही थी। आए दिन हो रहे हजारों रुपए के जुएं की सूचना मुखबिर द्वारा पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही मंगलवार की शाम कोतवाल पप्पू सिंह यादव ने फोर्स के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी। जहां पर




स्थित अघोरी बाबा स्थान के पास जुआं के फड़ की घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस ने जुआं खेल रहे अजय दुबे, शिवकुमार सिंह, शिववीर सिंह, रामराज सिंह, पंकज, संदीप सिंह, राकेश कुमार, राहुल सिंह, बलभद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने जमातलाशी व मालफड़ से 22 हजार 124 रुपये, चार मोबाइल फोन बरामद किए। जबकि कुछ जुआरी मौके से भागने में सफल हो गए। जिनकी तलाश की जा रही है। मामले में प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि वह अपने क्षेत्र में जुएं, सट्टे जैसे कारोबार को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। फिलहाल पकड़े गए सभी जुआरी के विरुद्ध संबंधित कारवाई की जा रही है।

## सदस्यता अभियान की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक 5 अक्टूबर को

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि सदस्यता अभियान का एक सत्र पूरा हो चुका है। दूसरा सत्र 15 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमे सबको मण्डल के प्रत्येक बूथ पर प्रवास करना है। हर घर से सम्पर्क करके सदस्यता करानी है। साथ ही समाज के सभी वर्ग के लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने का काम करना है। भाजपा के सदस्यता अभियान की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक 5 अक्टूबर को सभी मण्डलों पर एक साथ करनी है। जिसमे मंडलों में लगे सभी मनिटिरिंग टीम के लोगों को मंडलों में जाकर बूथवार सदस्यता की समीक्षा करनी है।

# डीएम ने आउटरीच हेल्थ कैंप का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । उरई

शहर के राजेन्द्र नगर वार्ड नं- 9 में मलिन बस्ती में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गांधी जयंती पर विशाल आउटरीच हेल्थ कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने किया। राजेन्द्र नगर मलिन बस्ती के बार्ड नंबर 09 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगाया गया कैम्प में लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। जिलाधिकारी ने कैम्प में एक एक करके लोगो से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा और कहा कि अच्छी दिनचर्या रहन खान पान ही स्वास्थ्य व्यक्ति की पहचान है। उन्होंने उपस्थित लोगो से उनके रोजगार शिक्षा, दीक्षा की भी बात पूछी और अधीनस्थों को उन महिलाओं को सरकार की योजनाओं से लाभन्वित करने के निर्देश दिए बुजुर्ग महिला की आंखों का



ऑपरेशन कराने का आश्वासन दिया, साथ ही नन्दनी पुत्री महेश की आगे की पढ़ाई की भी बात कही। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य, टीकाकरण, सुगर आदि की जांच की गई एवम स्टाल लगाए गए। दिनेश सिंह, अर्बन कॉर्डिनेटर संजीव चंदेरिया, डॉ विष्णु गोपाल, गोपाल, डॉ अरिसूदन, एलटी हिमांशु सहित टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट अजीत जैसवाल, सीएमओ एनडी शर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वीरेंद्र सिंह, ईओ पालिका राम अचल कुरील, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के अवसर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के तीसरे चक्र में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बेसिक शिक्षा के प्राइमरी और जूनियर संवर्गों के जनपद के 48 संकुलों और नगर क्षेत्र के बच्चों के लिए 262 परीक्षा केन्द्रों में रंगोली, भाषण, क्विज, नृत्य, गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में लगभग 14000 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। आज के प्रतियोगिताओं में बरगढ, मानिकपुर, रसिन, सुरसेन आदि इलाकों में परीक्षा केन्द्र बनाकर बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 03 अक्टूबर 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 25°C |
| कानपुर | 34°C | 25°C |
| देहरादून | 31°C | 22°C |
| नई दिल्ली | 36°C | 25°C |

# कर्मठता, अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के साथ पीएम मोदी का हर काम देश के नाम: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को किया संबोधित
- आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिन: द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर भी की गई चर्चा
- लक्ष्य के साथ विकसित भारत का रास्ता भी बताना पीएम मोदी के विजनरी नेतृत्व का गुण: सीएम योगी
- पीएम के नेतृत्व में असम, त्रिपुरा, ओडिशा में भी बनी भाजपा सरकार: मुख्यमंत्री




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत जीवन अनुशासन व सादगी से भरा है। सामान्य नागरिक, कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने शून्य से यात्रा प्रारंभ की।

अपनी कर्मठता, विचार परिवार से मिले अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के जरिए हर काम देश के नाम के लक्ष्य के साथ उन्होंने जीवन को आगे बढ़ाया तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक प्रमुख (भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री) के रूप में हम सभी का नेतृत्व कर रहे हैं। आर. बाला सुब्रमण्यम की पुस्तक उनके विस्तृत स्वरूप का उल्लेख करती है। हर किसी को इस पुस्तक का हर किसी को अवलोकन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को संबोधित किया। सीएम योगी ने आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। यह कार्यक्रम लखनऊ समेत प्रदेश के अनेक जनपदों में भी आयोजित किया गया। सीएम योगी ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला।

### पीएम के नेतृत्व में असम, त्रिपुरा, ओडिशा में भी बनी भाजपा सरकार

योगी ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भाजपा ने कठिन क्षेत्रों में भी पहुंच बनाई। असम में जब भाजपा ने पहली बार सरकार बनाई तो आपके बीच से ही कार्यकर्ता डॉ. महेंद्र सिंह को प्रभारी के रूप में भेजा गया। त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनी। मणिपुर, अरुणांचल, मेघालय व नागालैंड में भाजपा के सहयोग से सरकार चल रही है। इन क्षेत्रों में भाजपा व भारत के बारे में लोगों के मन में संशय था। उनमें अलगाववाद का भाव देखने को मिलता था, क्योंकि कांग्रेस व 2014 के पहले की सरकारों ने उन्हें आत्मीयता के साथ नहीं जोड़ने का प्रयास नहीं किया। वहीं पीएम मोदी ने लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत नॉर्थ ईस्ट को जिस भाव से जोड़ा, उसकी बदौलत आज वह विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है। उग्रवाद से मुक्त होकर भारत की एकता-अखंडता को मजबूती प्रदान किया है। यह लोग भी सांस्कृतिक व राजनीतिक रूप से जुड़कर गौरव की अनुभूति करते हैं। ओडिशा में भाजपा की सरकार है तो प. बंगाल में भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। वहां भाजपा मजबूती के साथ जनता की आवाज बनकर बढ़ी है। देश के बड़े क्षेत्र में भाजपा की राज्य सरकारें काम कर रही हैं। मोदी जी ने कहा था कि देश के हित में भाजपा की जीत आवश्यक है।

### लक्ष्य के साथ विकसित भारत का रास्ता भी बताना पीएम मोदी के विजनरी नेतृत्व का गुण

सीएम योगी ने कहा कि कोई भी देश अचानक विकसित नहीं हुआ। उन सभी ने बड़े विजन व लक्ष्य के साथ काम किया। जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तो पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप दिया और इसके लिए पंच प्रण का रास्ता भी बताया। लक्ष्य देने के साथ ही रास्ता बताना विजनरी नेतृत्व का गुण होता है। दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने का कार्य भी दिया। भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में समृद्ध किया। जहां कोई नहीं पहुंच पाया, वहां भारत का चंद्रयान पहुंचा है।

### स्वच्छ भारत मिशन व मन की बात के जरिए जनता से जुड़े हैं पीएम मोदी

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनता-जनार्दन के साथ पीएम कनेक्ट हैं। बिना जनसहभागिता के कार्यक्रम नहीं होता है। उनका हर कार्यक्रम देश के नाम होता है और इसमें जनसहभागिता होती है। स्वच्छ भारत मिशन भी इसका उदाहरण है। मन की बात में पीएम ने आमजन से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को उठाया। अब पद्म पुरस्कार ऐसे तबके को मिल रहा है, जो विशिष्ट कार्य करने के बावजूद इससे अछूते थे। उन्होंने कहा कि यूपी में 2.62 करोड़ से अधिक परिवारों को शौचालय देकर नारी गरिमा का भी आह्वान किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### मोदी जी के विजनरी लीडरशिप में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुई भाजपा

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी का प्रयास रहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी न बने। भारत यदि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो भारत का वास्तविक प्रतिनिधित्व करने वाली भाजपा को सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में गौरव प्राप्त हो, यह भी पीएम मोदी के विजनरी लीडरशिप में संभव हो पाया। यदि देश किसी आपदा या चुनौती से घिर गया हो तो सेवा ही संगठन के मूल मंत्र का ध्यान रखते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया, इस पर कोरोना के दौरान भाजपा के लाखों कार्यकर्ता जनता की सेवा में लग गए थे। कोविड प्रबंधन को सफलतापूर्वक बढ़ाने में भारत ने बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया।

### पीएम मोदी के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करती है पुस्तक

सीएम योगी ने कहा कि आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी पीएम के संपूर्ण व्यक्तित्व को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल पुस्तक नहीं है, बल्कि शून्य से शिखर की यात्रा का नाम है, जिसे नया भारत न केवल देख रहा है, बल्कि उसके अनुसार जीवन भी जी रहा है। मोदी जी के सक्षम व विजनरी लीडरशिप में नए भारत का दर्शन हो रहा है। वे सेवा के संकल्प की जिस यात्रा को लेकर बढ़े हैं, उसे समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के प्रतिफल को इस पुस्तक के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने का प्रयास किया गया है।

### समावेशी विकास व कल्याणकारी योजनाओं का किया अनुभव

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के समावेशी विकास व कल्याण योजनाओं का हर किसी ने अनुभव किया। सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे सन्तु निरामया भारत की ऋषि परंपरा की देन रही है तो वहीं 2014 में पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दिया। संकट आने पर नेतृत्वकर्ता का गुण होता है कि डटकर मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार करे और जनता के उद्धार का मार्ग प्रशस्त कर सके। कोरोना के समय पीएम मोदी ने देखा कि श्रमिक वर्ग, कारीगर, हस्तशिल्पी के रोजगार पर बुरा असर पड़ा तो उन्होंने 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दी। इसके साथ ही अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया। इसमें चेहरा, जाति, भाषा, क्षेत्र देखे बिन सबका साथ, सबका विकास का समावेशी भाव था। इन योजनाओं ने भारत की छवि को ईज ऑफ लिविंग के बेहतरीन प्रयास करने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया।

### गरीबों की मदद तो पाकिस्तान को धूल भी चटाया

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक तरफ कोरोना में उन्होंने ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट, टीका फ्री में उपलब्ध कराया गया। जब रोजगार छीन गया तो गरीबों की हरसंभव मदद की। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने दुस्साहस किया तो सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट में एयर स्ट्राइक में भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि दिव्य जिम्मेदारी भी है। सिखों की आस्था से जुड़े करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण हुआ तो बाल दिवस को गुरु गोविंद सिंह के चार-चार साहिबजादों की स्मृति के रूप में मान्यता दिलाकर पीएम मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परंपरा को बढ़ाने का कार्य किया। योग ऋषि परंपरा का प्रसाद है। 21 जून पर विश्व योग दिवस के जरिए लगभग पौने दो सौ देश को योग परंपरा से जोड़ा। 2019 में प्रयागराज कुंभ को दिव्य-भव्य रूप से जुड़ने का अवसर मिला। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त हो, यह भी पीएम मोदी के प्रयास से संभव हुआ।

### अब भारत जो चाहेगा, दुनिया में वही होगा

सीएम योगी ने कहा कि एक समय था, जब दो ध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था बन चुकी थी। एक का नेतृत्व अमेरिका व दूसरे का रूस (सोवियत संघ) करता था। धीरे-धीरे व्यवस्था एकतरफा होती गई, लेकिन आज वैश्विक व्यवस्था का ध्रुवीकरण भारत के बिना संभव नहीं है। भारत जो चाहेगा, दुनिया में वही होगा। भारत में जी-20 समिट के सफलतापूर्वक कार्यक्रम भी हुए। अनेक कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश में जुड़ने का अवसर मिला। दिल्ली में कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने संवाद में कहा कि भारत जितना सफल कार्यक्रम कहीं नहीं हुआ। ब्रिक्स समिट और क्वाड जैसे मंचों पर पीएम मोदी की उपस्थिति ने दिखाया है कि दुनिया को एकजुट करना है।



# नशे की लत खुद के साथ-साथ समाज के लिए भी घातक होती है



- गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर विदुषी सीता मिश्रा सेवा न्यास व अन्य कई सामाजिक संगठनों की ओर से नशा उन्मूलन अभियान की शुरुआत की गई
- राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने युवा पीढ़ी के नशे की चपेट में आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पौध ही खराब हो जाएगी तो वृक्ष कैसे फलदार होंगे
- अर्थशास्त्री प्रोफेसर ए. पी. तिवारी ने इस पहल को सार्थक बताते हुए, घर-परिवार से नशा उन्मूलन की शुरुआत करने की बात कही

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर विदुषी सीता मिश्रा सेवा न्यास व अन्य कई सामाजिक संगठनों की ओर से नशा उन्मूलन अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान की शुरुआत करते हुए राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि नशे की चपेट में आने के बाद व्यक्ति खुद के साथ-साथ समाज के लिए भी घातक होता है। डॉ.अग्निहोत्री ने युवा पीढ़ी के नशे की चपेट में आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पौध ही खराब हो जाएगी तो वृक्ष कैसे फलदार होंगे।

इस अवसर पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर ए. पी. तिवारी ने इस पहल को सार्थक बताते हुए, घर-परिवार से नशा उन्मूलन की शुरुआत करने की बात कही।

प्रसिद्ध कवि अखिल आनंद ने जन-जागरूकता की सतत आवश्यकता पर बल दिया।

पुस्तक मेला के आयोजक मनोज चंदेल ने कहा कि नशा से मुक्ति ही विकसित भारत के लिए बहुत ज़रूरी है।

राष्ट्रीय पुस्तक मेला परिसर में इस अभियान की शुरुआत के दौरान विदुषी सीता मिश्रा सेवा न्यास के ट्रस्टी शरद मिश्र ने बताया कि इस अभियान में पंडित रामदुलारे त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट, आनंद श्री ट्रस्ट सहित कई सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन व बुद्धिजीवी विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों में, खासकर युवाओं के मध्य नशा उन्मूलन अभियान को ले जाएंगे।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कभी नशा न करने और किसी को न करने देने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रसिद्ध विचारक ज्ञान प्रकाश शर्मा, विवेक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फसल कटाई के दौरान राजस्व कर्मियों की कहीं और नहीं लगाई जाएगी ड्यूटी

- उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को क्रॉप कटिंग प्रयोगों की समीक्षा के भी निर्देश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



खरीफ फसलों की कटाई के समय को नजदीक देखते हुए योगी सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसमें विशेष तौर पर निर्देश दिया गया है कि फसल कटाई अवधि के दौरान राजस्व कर्मियों को अन्य ड्यूटी में न लगाया जाए। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही ऐसा किया जा सकेगा, जिसका कारण बताना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को फसल कटाई प्रयोगों के संपादन की समीक्षा का भी निर्देश जारी किया गया है।

निर्देशों के क्रम में कहा गया कि सभी जनपदों में कृषि, राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारियों को 15 प्रतिशत अनिवार्य निरीक्षण के लिए नामित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इंपैनल्ड बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी 30 प्रतिशत क्रॉप कटिंग प्रयोगों का अवलोकन कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, फसल कटाई के बाद पोर्टल पर कटाई प्रयोगों का परीक्षण कर ही उपज तौल अनुमोदित किया जाए।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष हुए प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि सीसीई एग्री एप के माध्यम से खरीफ 2022 से भारत सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक रूप से 100 प्रतिशत क्राप कटिंग लागू है। फसल बीमा में ली गयी फसलें खरीफ - धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, उर्द, मूँग, तिल, मूँगफली, सोयाबीन व अरहर (10 फसलें) और रबी- गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू (08 फसलें) सम्मिलित हैं। सीसीई एग्री ऐप से क्राप-कटिंग कराने हेतु राजस्व परिषद, उ0प्र0 से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। रबी 2023-24 में 86.09त्र प्रयोग सीसीई एग्री ऐप से संपादित कराये गये। वहीं जीसीईएस ऐप पर रबी 2023-24 से लागू है। जीसीईएस में ली गयी फसलें -खरीफ धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, उर्द, मूँग, तिल, मूँगफली, सोयाबीन व अरहर (10 फसलें) और रबी-गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू (08 फसलें) शामिल हैं। रबी 2023-24 में 13,388 क्राप कटिंग प्रयोग नियोजित हुए, जबकि 88त्र क्राप कटिंग प्रयोग जीसीईएस ऐप से संपादित कराए गए। इसी तरह खरीफ 2024 में 13,654 प्रयोग नियोजित कराए गए।

# काम आई योगी सरकार की सख्ती और प्रोत्साहन की नीति



- सात साल में करीब 46 फीसद घटीं पराली जलाने की घटनाएं
- पराली जलाने से होने वाली क्षति और कम्पोस्टिंग का लाभ बताने का सिलसिला जारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पराली जलाने को लेकर योगी सरकार की सख्ती और प्रोत्साहन की नीति कामयाब रही। दरअसल, योगी सरकार किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और जलाने की बजाय उनकी कम्पोस्टिंग करने या सीड ड्रिल से पराली के बीच ही बिना जोते ही गेहूं बोने से होने वाले लाभ को समझाने में सफल रही।

इस नीति की वजह से सात वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं में करीब 46 फीसद की कमी आई है। 2017 में पराली जलाने की 8784 घटनाएं हुई थीं। 2023 में ये घटकर 3996 हो गईं। किसानों को जागरूक करने का यह सिलसिला इस सीजन में भी जारी है। साथ ही सरकार पराली की खेत में ही कम्पोस्टिंग के लिए 7.5 बायो डी कंपोजर भी उपलब्ध करवा रही है।

एक बोतल डी कंपोजर से एक एकड़ खेत की पराली की कम्पोस्टिंग की जा सकती है। मालूम हो कि पराली जलाने पर 15 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

### पराली जलाने के दुष्प्रभाव

अगर आप कटाई के बाद धान की पराली जलाने की सोच रहे हैं तो रुकिए और सोचिए। आप सिर्फ खेत नहीं उसके साथ अपनी किस्मत खाक करने जा रहे हैं। क्योंकि, पराली के साथ फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं।

### पराली में छिपा है पोषक तत्वों का खजाना

शोधों से साबित हुआ है कि बचे डंठलों में एनपीके की मात्रा क्रमशः 0.5, 0.6 और 1.5 फीसद होती है। जलाने की बजाय अगर खेत में ही इनकी कम्पोस्टिंग कर दी जाय तो मिट्टी को यह खाद उपलब्ध हो जाएगी। इससे अगली फसल में करीब 25 फीसद उर्वरकों की बचत से खेती की लागत में इतनी ही कमी आएगी और लाभ इतना ही बढ़ जाएगा। भूमि के कार्बनिक तत्वों, बैक्टिरिया फफूंद का बचना, पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग में कमी बोनस होगा। गोरखपुर एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप के एक अध्ययन के अनुसार प्रति एकड़ डंठल जलाने पर पोषक तत्वों के अलावा 400 किग्रा उपयोगी कार्बन, प्रतिग्राम मिट्टी में मौजूद 10-40 करोड़ बैक्टीरिया और 1-2 लाख फफूंद जल जाते हैं।

### अन्य लाभ

फसल अवशेष से ढकी मिट्टी का तापमान नम होने से इसमें सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ जाती है,जो अगली फसल के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व मुहैया कराते हैं। इतना ही नहीं, अवशेष से ढकी मिट्टी की नमी संरक्षित रहने से भूमि के जल धारण की क्षमता भी बढ़ती है। इससे सिंचाई में कम पानी लगने से इसकी लागत घटती है। साथ ही दुर्लभ जल भी बचता है।

### विकल्प

डंठल जलाने की बजाय उसे गहरी जोताई कर खेत में पलट कर सिंचाई कर दें। शीघ्र सड़न के लिए सिंचाई के पहले प्रति एकड़ 5 किग्रा यूरिया का छिड़काव कर सकते हैं। इसके लिए कल्चर भी उपलब्ध है।

# भाद्रपद की अमावस्या पर चंद्रिका देवी मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु, किये दर्शन

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

- अमावस्या पर मंदिरों में रही भारी भीड़, पुलिस की रहीं चप्पे-चप्पे पर नजर

**लखनऊ।** पितृ पक्ष के आखिरी दिन भाद्रपद की अमावस्या पर मंदिरों पर भक्तों का तांता लगा रहा। बता दे कि पितृ पक्ष के आखिरी दिन भाद्रपद की अमावस्या पर मंदिरों में माता के भक्त श्रद्धा भक्ति से पूजा पाठ करते दिखाई दिए। वहीं बीकेटी के कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर अपनी पौराणिक कथाओं एवं भक्तों के कल्याण के लिए जाना जाता हैं यहां दूर दराज इलाकों ग्रामीण गांवों एवं अन्य शहरों व जिलों से मां चंद्रिका देवी के भक्त आकर मां की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी मनौती एवं मन्नत मांगते हुए मां के दर्शन करते हैं। यहां हर नवरात्रि को विशाल मेला लगता है जोकि नौ दिनों तक लगातार चलता रहता है प्रशासन की तरफ से पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रहती हैं। बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में कठवारा चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस बल मेले में तैनात व सतर्क रहता हैं। पुलिस मेले में गस्त कर करतीं रहतीं हैं जिससे भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रहतीं है। नवरात्रि को देखते हुए बीकेटी पुलिस के जवान जगह-जगह मेले में तैनात व सतर्क रहते हैं जिससे कि हुडदंगियों व अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सकें। मां चंद्रिका देवी मेला समिति कमेटी की तरफ से भक्तों के लिए नवरात्रि के महीने में फलाहार चाय व अन्य व्यवस्थाएं की जाती हैं जिससे भक्तों को काफी राहत व सुविधा मिलती है। वहीं भाद्रपद की अमावस्या के दिन सुबह से शाम तक विधिपूर्वक लाइन में लगकर भक्त मां चंद्रिका देवी के जयकारे लगाते हुए दिव्य अलौकिक दर्शन करके अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। गुरुवार को नवरात्रि का पहला दिन होने से अमावस्या से ही दूर दराज के भक्त मां के दर्शन के लिए रात्रि में ही मंदिर परिसर में पहुंचने लगें। वहीं नवरात्रि पर्व को देखते हुए बीकेटी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की हैं जिससे भक्त को मेले में असुविधवा एवं असुरक्षा महसूस ना हो सकें। वहीं महिगवां थाना क्षेत्र के उनई देवी मंदिर में भी अमावस्या के दिन भक्तों ने मां के दर्शन किए। उनई देवी मंदिर में नवरात्रि को मेला लगता है और दूर दराज गांवों व अन्य इलाकों से लोग यहां मां के दर्शन करने को आते हैं।

# सुबह 5 बजे बिजली की जांच को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, ग्रामीणों ने किया था प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

**लखनऊ।** लखनऊ जिले के इटौंजा विद्युत उपखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत रमपुरवा गांव में मंगलवार सुबह 5 बजे बिजली चोरी की जांच-पड़ताल करने बिजली विभाग की टीम पहुंची थी। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली टीम के कर्मचारीयों द्वारा जबरदस्ती छतों के सहारे लोगों के घरों में घुस गये और वीडियो बनाने लगे, इसी के विरोध में लोगों ने इटौंजा थाने पहुंच कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रमपुरवा गांव में कटिया लगाकर बिजली चोरी किए जाने की सूचना मिली थी जिस पर जांच की गई तो दस लोगों के घरों में बिजली चोरी पाई गई। वहीं राजेंद्र कुमार, राजरानी ने बताया कि बिजली विभाग कर्मचारी उनके घर की छत पर चढ़ गए जहां घर में महिलाएं स्नान कर रही थीं इस बीच एक कर्मचारी वीडियो बनाने लगा, गांव के अन्य लोगों ने भी जांच टीम पर इसी तरह के आरोप लगाए हैं। इस कार्रवाई से ग्रामीण आक्रोशित नजर आए और वहां लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया और धरने पर गांव की महिलाएं भी बैठी दिखाई दे रही थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जबरदस्ती वीडियो बनाई और मना करने पर महिलाओं से अभद्रता भी की गई। इटौंजा विद्युत उपखण्ड अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि बिजली चोरी करते 10 लोगों को पकड़ा गया, सभी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### क्या बोले अधिशासी अभियंता बीकेटी डिवीजन

अधिशासी अभियंता बीकेटी डिविजन लखनऊ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्युत उपखण्डों क्षेत्र में अगर किसी बिजली उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्याएं होती है या बिल संशोधन व मीटर गड़बड़ी, नया कनेक्शन लेने में कोई असुविधा हो रही हैं तो सीधे बिजली उपभोक्ता ऑफिस जाकर शिकायत कर सकता हैं और आगामी नवरात्रि दीपावली के त्योहारों को देखते हुए अब सुबह के समय बिजली चेकिंग अभियान नहीं चलाया जायेगा, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो सकें।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर, बुधवार को शक्ति वाहिनी के तत्वाधान में सरयू तट से वरुण आह्वान के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। यह यात्रा पिछले 24 वर्षों से हर वर्ष की भांति आयोजित की जा रही है। यात्रा मां के जयकारों के साथ सरयू तट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुंची। इस आयोजन का संयोजन केंद्रीय दुर्गापूजा और रामलीला समन्वय समिति द्वारा किया गया था। यात्रा नयाघाट, बाबू बाजार, श्रृंगारहाट, हनुमानगढ़ी और हरिद्वारी बाजार होते हुए मंदिर तक पहुंची।

नगर निगम महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने आचार्य पीठ तिवारी मंदिर के सामने माता जी की आरती की। उन्होंने बताया कि माता का अनुष्ठान प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में करना चाहिए और विसर्जन दशमी तिथि को होना चाहिए, जो शास्त्रों का निर्देश है।

केंद्रीय समिति के संयोजक महंत धनुषधारी शुक्ला ने बताया कि यह यात्रा नवरात्रि की पूर्व संध्या पर आयोजित होती है। अध्यक्ष रमापति पांडे ने कहा कि कलश यात्रा सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें किसी पवित्र नदी से जल भरकर घरों में मां की स्थापना की जाती है।

शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह ने माताओं और बहनों के उत्साह का जिक्र किया, जो इस यात्रा में शामिल होती हैं और 9 दिन तक पूजा करती हैं। दुर्गापूजा समिति के प्रवक्ता भानुप्रताप सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम में 57 स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की जाएगी और 76 स्थानों पर पूजा की जाएगी।

यात्रा का समापन देवकाली मंदिर पर प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों भाई-बहनों ने भाग लिया। अशोक शास्त्री ने वरुण पूजन कराया।

## विद्या मंदिर में सांस्कृतिक ढंग से मनाया गया लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी का जन्म दिवस

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नगर के रामनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उ॰ मा॰ विद्यालय में देश के दूसरे प्रधानमंत्री, लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस सांस्कृतिक ढंग से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ अतिथि, भारतीय मजदूर संघ के विधिक सलाहकार और आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास्तव ने तिरंगा फहराकर, लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, जैसे कि भैया अजय सिंह, अमित पाण्डेय, रामशंकर आचार्या, बहन श्रद्धा, सरिता, रूबी, शालिनी, सोनी आदि और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोली लगने से हुई थी मौत

# विमान से पैतृक गांव भेजा गया सीआरपीएफ जवान का शव

जन एक्सप्रेस। अमेठी

त्रिपुरा वेस्ट के अगरतला निवासी सुशांत कुमार शील (36) पुत्र प्रदीप कुमार शील सीआरपीएफ सेंटर त्रिसुंडी में बतौर कांस्टेबिल माली तैनात था। मंगलवार की शाम उसकी संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई थी।

अमेठी जिले में भादर में रामगंज क्षेत्र के त्रिसुंडी स्थित सीआरपीएफ सेंटर में मंगलवार की शाम संदिग्ध हालात में गोली लगने से जवान की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद जवान के शव को उसके पैतृक गांव भेजा गया है। सीआरपीएफ के अफसर जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

त्रिपुरा वेस्ट के अगरतला निवासी सुशांत कुमार शील (36) पुत्र प्रदीप कुमार शील सीआरपीएफ सेंटर त्रिसुंडी में बतौर कांस्टेबिल माली तैनात था। मंगलवार की शाम उसकी संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई थी। फिलहाल मामले में सीआरपीएफ के अफसरों का कहना है कि जवान ने साथी की राइफल से खुद को गोली मार कर सुसाइड किया है।

सुल्तानपुर में डॉक्टरों के पैनल ने सुशांत का पोस्टमार्टम किया। जहां डीआईजी राजेंद्र प्रसाद पांडेय, कमाडेंट अमित कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा सहित सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान पहुंचकर सुशांत कुमार माली को सलामी दी। सैन्य प्रक्रिया पूरी होने तक परिजनों के नहीं पहुंचने के बाद शव सीआरपीएफ के वाहन से लखनऊ एयरपोर्ट ले जाया गया। वहां से विमान के जरिए शव को पैतृक गांव अगरतला ले जाकर परिजनों को सौंपा जाएगा। डीआईजी जीसी राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया की मृतक जवान के परिजनों को मौत की सूचना दी गई थी। परिजन यहां नहीं पहुंच सके। शव पैतृक गांव भेज दिया गया। मृतक पारिवारिक कलह को लेकर प्रायः टेंशन में रहता था। जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# मोबाइल छिनैती करने वाले गिरोह के पांच अभियुक्त गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



लालगंज जनपद की लालगंज पुलिस ने मोबाइल छिनैती करने वाले गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया है अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मोबाइल छिनैती करने वाले गिरोह के पांच अभियुक्त बिन्देश लोध पुत्र शिवराम लोध निवासी ग्राम अतरी, अजय लोध पुत्र पवन लोध निवासी ग्राम रायपुर बंगला, नितेश लोध पुत्र नरेन्द्र लोध निवासी ग्राम अतरी, बलबीर लोध पुत्र रामसेवक लोध निवासी ग्राम अतरी, देवा पासी पुत्र देशराज पासी निवासी दुकनाहा को 02 अदद छिनैती के मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त 01 बजाज पल्सर क्32ह्क्9462 व 01 सीडी डीलक्स बिना नम्बर प्लेट के साथ थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर वलौली पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वे पाँचो लोग 02 मोटरसाइकिल पर जाते है। उनमें से एक मोटरसाइकिल पर बैठे लोग आगे जाकर मोबाइल छीनते है तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर बैठे लोग आने जाने वाले लोगो का ध्यान रखते हैं। यदि कभी कोई उन्हें पकड़ने का प्रयास करता है तो वह सब लोग उसके साथ मारपीट कर भाग जाते हैं। वह लोग झपट्टेमारी में छीने मोबाइलो को बेचकर अपना खर्चा चलाते हैं। पांचो लोग इन दोनो मोबाइलो को बेचने और अगली घटना यही कही लालगंज के आस-पास में करने हेतु योजना बना रहे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया

थाना लालगंज से गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, उ.नि. निखलेश कुमार, उ.नि. सौरव बालियान, उ.नि. राजेश कुमार, उ. नि. रवीन्द्र तिवारी, उ.नि. मोहित, का0 आशीष कुमार, का0 ऋषभ कुमार, का0 सचिन सिंह, का0 मुकुल चौधरी, उ.नि. अमरनाथ, का0 आशीष कुमार, का0 रमन कुमार, का0 किशन पटेल सम्मिलित रहे।

## भारत मौर्या को मिला स्वर गौरव सम्मान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** काव्यामृत कोष साहित्यिक संस्था द्वारा साहित्य में विशेष योगदान के लिए स्वर गौरव सम्मान एवं काव्य समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नसीराबाद रायबरेली के भारत मौर्या को आमंत्रित किया गया। भारत मौर्या ने काव्य समारोह में पहुच कर अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने अपने द्वारा लिखी कविता 'एक बेटे की व्यथा' और कुछ नई पंक्तियां पड़ी जिससे पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। भारत मौर्य को अच्छी प्रस्तुति देने हेतु समारोह में दूसरा स्थान मिला और स्वर गौरव सम्मान की ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयाकाव्यसमारोहकी संस्थापिका प्रीती एच प्रसाद और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कवि श्यामजीत सिंह एवं प्रयागराज के मशहूर शायर शाहिद सफर द्वारा हुआ। इसमें मुख्य अतिथि स्कवैड्रन लीडर डॉ. तूलिका एवं अति विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह होश लखनवी मौजूद रहे। भारत मौर्या इससे पहले भी दिल्ली और प्रयागराज जैसे बड़े शहरों में आयोजित काव्य समारोह में अच्छी प्रस्तुति देकर ट्रॉफी और सम्मान पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

# साहू समाज सतत परिवर्तनशील प्रतिमान है: रमा शंकर साहू

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा रायबरेली द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और बाबू राम नरायन साहू पूर्व राज्यसभा सांसद का जन्मदिवस का कार्यक्रम एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह स्थानीय गणेश होटल में बड़ी ही धूम धाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमा शंकर साहू, सदस्य उ0प्र0 पिछड़ा वर्ग आयोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि समाज सतत परिवर्तनशील प्रतिमान है। समय के साथ-साथ समाज में परिवर्तन अवश्यम्भावी है। परिवर्तन की इस धारा में उत्तर प्रदेश सहित जनपद रायबरेली का साहू समाज भी प्रभावित हुआ है। सामाजिक प्रगति ने धार्मिक क्रियाओं, अंधविश्वास तथा रूढ़िवादी मान्यताओं पर प्रहार किया है। महासभा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने गरीब बच्चों की आर्थिक मदद की बात कही और अपना सम्पूर्ण जीवन साहू समाज के हित में लगाने का संकल्प लिया।

जिला महामंत्री हरि शंकर साहू ने समाज के गरीब परिवार बच्चों की मदद करने पर बल दिया। कोषाध्यक्ष रमेश साहू ने शासकीय सेवाओं के लिए तैयारी कर रहे बच्चों की आर्थिक एवं हर तरह से मदद करने की बात कही। वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश साहू ने समाज के लोगों को निःशुल्क परामर्श तथा निःशुल्क कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही। नगर महामंत्री सुशील साहू ने समाज के छात्रों को पढ़ लिखकर आगे बढ़ाने पर जोर दिया और बताया कि शिक्षा के बल पर ही अपना और अपने परिवार का तथा समाज सहित देश का उत्थान किया जा सकता है। महराजगंज नगर पंचायत चेयरमैन के प्रतिनिधि प्रभात साहू ने गरीबों, कमजोरों, निर्बलों, शोषितों की सदैव मदद करने की बात पर बल दिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. वी.के. साहू, अर्चना साहू, प्रो. तुलिका साहू, नगर पंचायत महाराजगंज की अध्यक्ष सरला साहू, सुरेश गुप्ता सदस्य भारतीय लघु उद्योग उ0प्र0, राम सनेही साहू, इतरेन्द्र साहू प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, सभासद पंकज साहू, वैवाहिक प्रकोष्ठ लखनऊ के अध्यक्ष आलोक साहू, ग्राम प्रधान देवेश साहू, वरिष्ठ समाज सेवी दया शंकर साहू सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट नम्बर लाने वाले बच्चों सहित शासकीय नौकरी मे चयनित हुए युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने पोषण माह में गांधी जयंती पर लगाई स्टॉल प्रदर्शनी

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने पोषण माह के अंतर्गत गांधी जयंती पर गांधी पार्क में स्टाल प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकत्रियों ने विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों और मोटे अनाज के व्यंजनों का प्रदर्शन किया, जिससे महिलाओं और पुरुषों को जागरूक किया गया। रूपा सोनकर ने बताया कि प्रदर्शनी में विभाग द्वारा प्रदत्त राशन जैसे दलिया, चना दाल, चावल, रिफाइंड तेल, हरी सब्जियां, और अन्य खाद्य पदार्थों के व्यंजन प्रदर्शित किए गए। इसमें सोयाबीन, चना, गुण, राजमा और मसूर जैसे सस्ती खाद्य सामग्री के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन देने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को बच्चों को छह महीने के बाद ऊपरी आहार देने की शुरुआत करने के बारे में भी बताया गया। उदाहरण के तौर पर, केला, उबले आलू, पतली खिचड़ी, चावल और सूजी की खीर जैसी खाद्य सामग्री की जानकारी दी गई।

# प्रभुदास शास्त्री का जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित: जयराम दास वेदांती

जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम



सिद्धपीठ श्रीराम आश्रम रामकोट के संस्थापक महंत स्वामी प्रभुदास शास्त्री महाराज की पांचवीं पुण्यतिथि महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें रामनगरी के संतों ने पूर्वाचार्य के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

श्रीरामाश्रम के वर्तमान पीठाधीश्वर श्रीमहंत जयराम दास वेदांती महाराज ने कहा कि गुरुदेव भजनानंदी संत थे और उनका जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अयोध्यानगरी में एक विशाल आश्रम की स्थापना की, जहां ठाकुर जी की सेवा संग गाय, संत, विद्यार्थी एवं आगंतुकों की सेवा सुचारु रूप से चल रही है। आश्रम विभिन्न उत्सव, समैया और त्योहारों को परंपरागत रूप से मनाने के साथ-साथ उत्तरोत्तर समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर महंत जयराम दास ने पधारे हुए संतों और महंतों का स्वागत किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन, और अन्य कई प्रमुख संत-महंत उपस्थित थे। यह आयोजन संतों और भक्तों के लिए एक श्रद्धास्पद अवसर रहा, जिसमें महंत प्रभुदास शास्त्री के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया।

## संयमित जीवन शैली से ही होगा मधुमेह का बचाव : डॉ. के.के. मौर्य

**जन एक्सप्रेस/मयाबाजार, अयोध्या।** मधुमेह, जिसे डायबिटीज भी कहा जाता है, एक ऐसी बीमारी है जो मुख्यतः जीवन शैली में गड़बड़ी के कारण होती है। यह तब होता है जब शरीर के रक्त में ग्लूकोज का स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है। इसका मुख्य कारण या तो पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन नहीं होना है या फिर शरीर की इन्सुलिन के प्रति संवेदनशीलता में कमी आना है।डॉ. के.के. मौर्य ने बताया कि मधुमेह के प्रकार टाइप 1, टाइप 2 और गर्भावधि होते हैं, और इसके बढ़ने के पीछे आनुवांशिक कारण, अधिक वजन, अस्वास्थ्यकर आहार और जीवनशैली प्रमुख भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में, मधुमेह किसी भी उम्र में हो सकता है—बच्चे, युवा और वृद्ध सभी इसके शिकार हो रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यक्ति अपनी जीवनशैली और खान-पान में बदलाव करके मधुमेह से बच सकता है।

# जनता अवध इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई गांधी और शास्त्री जयंती

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




जनता अवध इंटर कॉलेज, अयोध्या धाम में प्रधानाचार्य वीर बिक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मोहनदास करमचंद गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम के तहत, शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे परिसर की सफाई का अभियान चलाया। इसके बाद झंडारोहण किया गया। छात्रों द्वारा कला, निबंध, भाषण, देश गीत और भक्तिगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें 51 मेधावियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन आदित्य सिंह ने किया, जो आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों को याद किया और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई जयंती



जन एक्सप्रेस। 000

एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और अपने हरेक कार्य के माध्यम से देश को बेहतर बनाने में लगातार योगदान दिया। महात्मा गांधी हरेक भारतीय के लिए आदर्श हैं। ऐसे महापुरुष की जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी राष्ट्रहित में अपने कार्यों को समर्पित करेंगे। यह संकल्प ही राष्ट्र की ओर से राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि सिद्ध होगा इस अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम पर आयोजित नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जन को स्वच्छता के महत्व और दैनिक जीवन में उसके पालन के सरल उपाय के बारे में बताया गया

इस अवसर पर प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा व अन्य सदस्यों सहित, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्रीमती रूमा दे शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) सत्यवान गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीयूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी व ऊर्जा विहार निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** गांधी जयंती के अवसर पर, प्रवासी भारतीय प्रणव देसाई की प्रेरणा से वॉइस ऑफ सैप वाइस ऑफ स्पेशली एबल्ड पीपल यू.एस.ए के सहयोग से कल्याणम करोति लखनऊ और श्री मणि राम दास छावनी सेवा ट्रस्ट ने अयोध्या में **ज्योति महायज्ञ** के तहत नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें 1000 निर्धन नेत्र रोगियों के निशुल्क ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है।इस कार्यक्रम का आरंभ महात्मा गाँधी और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। परम पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी के उत्तराधिकारी कमल नयन शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रणव देसाई के द्वारा दिव्यांग जनों की सेवा को प्रेरणादायक बताया और कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।कल्याणम करोति परिवार के प्रबंधकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# प्रभात फेरी निकाल कर शांति एकता-अखंडता का दिया संदेश



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनसुरिया दीन पासी जी की जयंती पूरे जनपद में सभी ब्लॉक मुख्यालय में प्रभात फेरी निकाल करके उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया गया वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय तिलक भवन में तीनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें पुष्पांजलि कर नमन किया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री निर्मल शुक्ला सईदुल हसन मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नी शशिकांत पांडे अजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई अवधेश चौधरी प्रियंका रावत अरुण यादव अखिलेश अवस्थी कामता गौड़ गिरीश सिंह विनोद सिंह संतोष त्रिवेदी दल बहादुर सिंह शंभू शरण पाल ओम प्रकाश त्रिपाठी कामतानाथ सिंह मोहम्मद अशरफ प्रदीप चौधरी मनोज तिवारी आकर्षन द्विवेदी अजय सिंह राजकुमार द्विवेदी राजकुमार दीक्षित कल्याण श्रीवास्तव अनीता श्रीवास चेतराम अखिलेश मिश्रा मदन सिंह परिहार आशीष द्विवेदी अभय सिंह मनोज मिश्रा सूर्य कुमार बाजपेई रमाकांत त्रिपाठी सहित पूरे जनपद के कांग्रेस जनों ने गांधी और शास्त्री जी के विचारों को रखा प्रभात फेरी के जरिए देश में सांप्रदायिक उन्माद जो फैलाया जा रहा है गांधी के विचारों को अंगीकृत करने का आह्वान किया गया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने मंदिर परिसर व विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शारदीय नवरात्र को लेकर आदर्श नगर पंचायत माँ कामाख्या में सोलर लाइट लगने का शुरू हुआ कार्य।आदर्श नगर पंचायत होने के बाद लगातार विकास की गति तेजी पकड़ती जा रही। नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला के प्रयास से नगर पंचायत को मिली 41 स्ट्रीट सोलर लाइट। माँ कामाख्या धाम प्रांगण से लेकर मेला परिसर व विसर्जन स्थल तक लगाई जा रही सोलर लाइट। शारदीय नवरात्र में माँ कामाख्या धाम पर लाखों श्रद्धालुओं की होती है भीड़।विजली कटने पर अंधेरे से मिलेगी निजात। क्योकि यह सोलर लाइट ऑटोमेटिक है शाम होते ही उजाला देने का कार्य करेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला व ईओ निखिलेश मिश्रा मंदिर से लेकर विसर्जन स्थल तक व आसपास जगह का लगातार निरीक्षण कर रहे है। मंदिर आने वालों श्रद्धालुओं को या परिक्रमार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका भी खास ध्यान रखा जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा की जल्द ही सोलर लाइट की इससे बड़ी खेप और आने वाली है।

## प्रॉपर्टी के विवाद मे पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट, खुद भी किया आत्महत्या का प्रयास





- ❋ प्रधान ने रेलवे ट्रैक पर घायल युवक को पड़ा देख फोटो की वायरल, पुलिस ने फौरन अस्पताल मे कराया भर्ती
- ❋ मृतिका अपने दोनों बेटों को देना चाहती थी प्लॉट, हत्यारे ने प्लॉट का ले लिया था बयाना
- ❋ बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, हत्यारे पति का चल रहा ईलाज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बीते दिन बुधवार को गुजैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हत्या का मामला सामने आया है। थाना गुजैनी के पिपौरी गांव मे कल बुधवार को पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी पति ने ट्रेन के आगे कूदकर खुद भी जान देने का प्रयास किया। आनन-फानन मे लोगों ने घायल को इलाज के लिए हैलट अस्पताल मे भर्ती कराया। उधर हत्या की वारदात से इलाके मे सनसनी फैल गई एवं इलाकाई लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर गुजैनी पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल मे जुट गई। वही मामले मे प्रॉपर्टी के विवाद मे हत्या करने की बात सामने आ रही है।

बता दें कि गुजैनी के पिपौरी गांव निवासी प्रहलाद के परिवार मे पत्नी शशि सैनी 55वर्ष व दो बेटे सिक्योरिटी गार्ड सतेन्द्र और आदित्य हैं। आदित्य अपनी पत्नी के साथ बाहर रहकर नौकरी करता है। जबकि बड़ा बेटा सतेन्द्र और उसकी पत्नी पूजा साथ मे रहती हैं। पूजा ने बताया कि ससुर प्रहलाद पुराना घर बेचना चाहते हैं जबकि मां उसे दोनों बेटों को देना चाहती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। शशि अड़ गई थीं कि पुराना मकान नही बिकने देंगी लेकिन प्रहलाद ने उसका बयाना ले लिया था। इसी बात को लेकर बुधवार सुबह भी दोनों का झगड़ा हुआ। जिसके बाद ही प्रहलाद ने पत्नी शशि की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। परिवार के लोग जब कमरे मे पहुंचे तब खून से लथपथ शव देख उनके होश उड़ गए।

### पत्नी की हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश

पत्नी शशि की हत्या करने के बाद प्रहलाद झांसी रेलवे लाइन पर पहुंचा। जहां उसने भी ट्रेन के आगे कूदकर जान देने का प्रयास किया। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया। हत्याकांड की जानकारी मिलते ही गुजैनी थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची एवं जांच के दौरान खून से सनी कुल्हाड़ी समेत अन्य साक्ष्य जुटाए। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि प्रॉपर्टी विवाद मे हत्या हुई है। पति को भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### प्रधान ने वायरल की ट्रैक पर पड़े होने की फोटो

हत्या करने के बाद प्रहलाद सुसाइड करने झांसी रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया था। सुबह ट्रैक पर घायल अवस्था मे पड़े होने पर इसकी फोटो क्षेत्र के प्रधान ने वायरल की थी। जिस पर पुलिस को सूचना होते ही मौके पर पहुंच घायल को अस्पताल मे भर्ती कराया। लेकिन इतने मे ही पुलिस को घायल व्यक्ति के बारे मे जानकारी हो गई। पुलिस सभी परिजनों से जानकारी जुटा रही है।

### एडीसीपी साउथ ने दी जानकारी

वहीं इस पूरे मामले पर एडीसीपी साउथ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आज सुबह 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी कि गुजैनी के पिपौरी मे पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी थी। जिसके बाद पति ने भी आत्महत्या का प्रयास किया था।मामले को लेकर यह भी जानकारी हुई है कि प्लाट बेचने को दोनों मे झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पति ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले को लेकर मृतिका के बेटे ने तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## बांग्लादेशी नागरिक के फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने के मामले मे इरफान सोलंकी को मिली जमानत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### जेल मे ही रहेंगे इरफान सोलंकी



भले ही हाईकोर्ट ने इरफान सोलंकी को जमानत दे दी है लेकिन उनके जेल से रिहा होने पर संशय बरकरार है। दरअसल पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को कानपुर मे जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी मे रहने वाली नजीर फातिमा की झोपड़ी मे आग लगाने के केस मे दोषी करार दिया गया था। कानपुर मे 8 नवंबर 2022 को इस मामले मे सपा नेता इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, मोहम्मद शरीफ, शौकत अली और अनूप यादव समेत कई लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराई गयी थी। इस मामले पर 3 जून 2024 को कानपुर के एम.पी. एम.एल.ए. कोर्ट ने उन्हें इस मामले मे दोषी करार देते हुए 7 साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद उनकी विधानसभा सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी।

सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी को बड़ी राहत मिली है। बांग्लादेशी नागरिक के फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने मे मदद करने के आरोप से जुड़े मामले मे मंगलवार को इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। इस मामले मे दो और लोगों को भी जमानत मिली है। जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने सुनवाई की। इरफान सोलंकी इस समय महाराजगंज जेल मे बंद हैं।

इस मामले मे अभियुक्त इरफान सोलंकी, पार्षद मन्नू रहमान और बांग्लादेशी नागरिक रिजवान ने जमानत याचिका हाईकोर्ट मे प्रस्तुत की थी। इन सभी पर आरोप है कि बांग्लादेशी नागरिक रिजवान ने कानपुर की हिना से शादी की और उसे अपने साथ बांग्लादेश ले गया। इसके बाद हिना ने बांग्लादेश की नागरिकता ले ली। उनके तीन बच्चे भी हुए। 2016 मे रिजवान और हिना अपने बच्चों को लेकर कानपुर आ गए। यहां पर पार्षद मन्नू रहमान और विधायक इरफान सोलंकी के सहयोग से फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए गए और उसके आधार पर बच्चों का कानपुर के स्कूलों मे दाखिला करवाया गया। इस मामले मे शुरुआत मे रिजवान, हिना और तीनों बच्चों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान यह प्रकाश मे आया कि इरफान सोलंकी और मन्नू रहमान ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने मे सहयोग किया था। विवेचक ने उनके नाम भी शामिल करते हुए सभी अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय मे प्रेषित किया। इस मामले मे हिना की जमानत पहले हो चुकी है। आरोपियों की ओर से तर्क दिया गया कि सह अभियुक्त की जमानत हो चुकी है। अन्य अभियुक्तों के खिलाफ कोई दस्तावेजी प्रमाण नही है। रिजवान वैध वीजा पर भारत आया है। उन पर लगाए गए आरोप सही नही हैं। कोर्ट ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों को देखते हुए तीनों अभियुक्तों की सर्शत जमानत मंजूर कर ली।

## राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर के छात्र एवं छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में 14 सितंबर, 2024 से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम मनाया गया। इस अवधि में संस्थान में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सूत्रवाक्य स्वच्छता ही सेवा के तहत विविध क्रिया-कलापों यथा-साफ-सफाई हेतु शपथ, विभिन्न स्थानों पर मिलकर सफाई, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें विभिन्न तिथियों में संस्थान द्वारा संपन्न करवाये गये कार्यक्रम इस प्रकार रहे-दिनांक-17.9.2024 को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। दिनांक-18.9.2024 को बाल आश्रम एवं अंध विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण अनुकूल सफाई सामग्री एवं अन्य वस्तुयें प्रदान की गईं। दिनांक-19.9.2024 को संस्थान स्थित कार्यालयों एवं भवन की साफ-सफाई की गई। दिनांक-20.9.2024 को संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संस्थान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा पूरे वर्ष भर में 100 घंटे साफ-सफाई को देने तथा इसी प्रकार की शपथ अपने जान-पहचना वालों से करवाने की शपथ ली गई। दिनांक-23.9.2024 को संस्थान परिसर में स्थित विभिन्न छात्रावासों की अच्छी साफ-सफाई की गई। दिनांक-24.9.2024 को संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा मनोरंजक एवं साफ-सफाई एवं स्वच्छता का संदेश देता हुआ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## मजिस्ट्रेट पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सचेंडी थाना क्षेत्र मे बीते दिनों औरैया मे तैनात महिला जज की कार पर हमला करने वाले मामले को लेकर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सचेंडी पुलिस ने कार पर हमला करने वाले दो आरोपियों को गुड़गांव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने कानपुर दिल्ली नेशनल हाईवे पर बी.एम.डब्लू. कार से मजिस्ट्रेट पर जानलेवा हमला किया था। इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घटना को लेकर पुलिस पूछताछ मे आरोपियों ने अपने नाम सिद्धांत सिंह निवासी कांति विला अपार्टमेंट केशव नगर थाना किदवई नगर और आशीष कुमार जरौली फेज-7 थाना बर्रा बताया है। वारदात के बाद ही आरोपी गुड़गांव भाग गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक होंडा सिटी कार भी बरामद की।

बता दें कि औरैया की जूडिशियल मजिस्ट्रेट निशा अली अपने भाई राहत अली और चालक रिजवान के साथ शनिवार रात अपनी कार से कानपुर से औरैया जा रही थीं। रात करीब 12 बजे वह सचेंडी थाने के एक किलोमीटर पहले भौंती पुल के पास पहुंची। हाईवे पर ट्रक खराब होने की वजह से वहां जाम मे उनकी कार फंस गई। इसी दौरान दो युवक तेज रफ्तार मे रोंग साइड से बाइक पर आए और उनकी कार मे टक्कर मार दी। इसके बाद ओवर टेक कर बाइक सवार युवकों ने उनकी कार को रोक लिया। इस पर कार पर सवार मजिस्ट्रेट ने एतराज किया। तो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। चालक ने कार आगे बढ़ाई तो बाइक सवार भड़क गए और कार रोकने के मकसद से हमला करने लगे। उन लोगों को कार से बाहर उतरने की धमकी देने लगे। साथ ही कार के आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद भी उन लोगों ने कार के शीशे नही खोले तो युवकों ने जान से मारने की नियत से कार मे पथराव कर दिया। इससे कार के शीश टूट गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई। किसी तरह वह लोग कार लेकर वहां से निकल सके।

## संविधान सम्मान सम्मलेन के बहाने कांग्रेस ने शुरू की सीसामऊ मे तैयारी



### इटावा सांसद को मिली कमान

इंडिया गठबंधन का हिस्सा समाजवादी पार्टी की टीमें सीसामऊ क्षेत्र मे पहले ही उतर चुकी हैं। फिलहाल दोनों ही पार्टियों के नेताओं से बीच प्रतिस्पर्धा चल रही है। ए.आई.सी.सी. सदस्य विकास अवस्थी और नौशाद आलम मंसूरी का कहना है कि नेतृत्व ने सम्मलेन मे सीसामऊ क्षेत्र के हर-गली मोहल्ले से कार्यकर्ता लाने के निर्देश दिए हैं। सपा मुखिया ने इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे को सीसामऊ सीट की कमान सौंपी है।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

यूपी की दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। जिसमे कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट सुर्खियों मे बनी हैं। इस सीट पर बीजेपी और सपा के बीच सीधी टक्कर है दोनों ही पार्टियां पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान मे उतरी हैं। वहीं संविधान सम्मान सम्मलेन के बहाने कांग्रेस सीसामऊ उपचुनाव की तैयारियों मे जुट गई है। सम्मलेन मे दस हजार कार्यकर्ता जुटाकर अपनी ताकत भी दिखाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता लंबे समय से सीसामऊ सीट पर चुनाव लड़ने और जीत का दावा कर रहे थे। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व मे सीसामऊ विधानसभा सीट पर प्रभारी, इंचार्ज तय करने के बाद शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, नगर ग्रामीण अध्यक्ष अमित पांडेय, मीडिया इंचार्ज अतर रहमान को नियुक्त किया है। इससे इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बाद पार्टी ने एकला चलने का संदेश दिया है। कांग्रेस पार्टी सीसामऊ मे 09 अक्टूबर को संविधान सम्मान सम्मलेन का आयोजन करने जा रही है।

### दस हजार से ज्यादा कार्यकर्ता जुटाने की तैयारी

संविधान सम्मलेन मे दस हजार की भीड़ जुटाने के लिए कार्यकर्ताओं को लगा दिया गया है। सीसामऊ सीट पर डेढ़ दर्जन से ज्यादा दावेदार सामने आ चुके हैं जिसमे ब्राह्मण, ठाकुर, दलित और मुस्लिम चेहरे हैं। इन्हे भी अंदरखाने अपनी-अपनी तरफ से निचले स्तर पर पैठ बनाने के संकेत दिए गए हैं। पार्टी नेतृत्व प्रभारी के माध्यम से बूथ-वार्ड तक इनके कामकाज का जायजा लेंगे।

## सभी स्टेशनों और डिपो पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर किया श्रमदान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर कल बुधवार को कानपुर मेट्रो स्टाफ ने सभी 09 मेट्रो स्टेशनों, निर्माण स्थलों एवं डिपो कम वर्कशॉप मे 1 घंटे का श्रमदान स्वच्छता अभियान को समर्पित किया। बुधवार सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक चले इस अभियान मे मेट्रो के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा ने मोतीझील स्टेशन पर मेट्रो स्टाफ के साथ श्रमदान किया।

कानपुर मेट्रो के विभिन्न निर्माण स्थलों पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया। महात्मा गांधी ने अपने संदेशों मे स्वच्छता के महत्व को बार बार रेखांकित किया है। महात्मा गांधी के बताए आदर्शों पर चलते हुए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यू.पी.एम.आर.सी.) ने आरंभ से ही उत्तम यात्री सेवा और विश्वस्तरीय सुविधाओं के लिए मेट्रो परिसर और ट्रेनों के अंदर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा है। गांधी जयंती पर अपने संदेश मे यू.पी.एम.आर.सी. के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि स्थापना के समय से ही यू.पी.एम.आर.सी. ने महात्मा गांधी जी के क्स्वच्छता ही सेवा' सिद्धांत का ईमानदारी से पालन किया है। निर्माण चरण से लेकर संचालन तक कार्यालयों, मेट्रो ट्रेनों और मेट्रो स्टेशनों मे स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है।

स्वस्थ जीवनशैली का एक अहम पहलू है कि हम अपने आसपास स्वच्छता का पालन करें। हमारे द्वारा स्वच्छता की दिशा मे बढ़ाया गया एक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाने मे मदद करेगा।

## स्नेह पैथोलॉजी में रक्तदान शिवर और पत्रकारों को सम्मानित किया गया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर डॉ. श्याम बिहारी तिवारी चैरिटेबल ब्लड बैंक एवं स्नेह ब्लड बैंक, किदवई नगर में पत्रकार बंधुओ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आये हुये समस्त पत्रकारों का सम्मान कर उनको उपहार भेंट किया गया। स्नेह पैथोलॉजी का मैंनेजमेंट देख रहे सर्वेश तिवारी ने कहा कि जिस तरह से डॉक्टर व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है, उसी तरह से पत्रकार समाज को नया रूप देता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने काम को करते हुए पत्रकारों के सामने कई कठिन परिस्थितियां आती हैं, लेकिन कलम के सिपाही अपने कर्तव्य पथ से कभी विमुख नहीं होते। इस अवसर पर एम ए खान, रागिनी श्रीवास्तव, अमित अवस्थी, इंद्रा बदन, पूजा भारती, प्रगति पटेल एवं पैथोलॉजी के अन्य लोग मौजूद रहें।



## सर्व पितृ अमावस्या के दिन बिठूर के घाटों पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सर्व पितृ अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों के लिए विभिन्न प्रकार के पूजा अनुष्ठान कर दान पुण्य करते हैं। मान्यता के अनुसार इस दिन पूर्वज धरती लोक में आते हैं। और सभी दुखों को दूर करते हैं। सर्व पितृ अमावस्या के दिन तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है ऐसा धर्म ग्रंथो में लिखा हुआ है। बीते दिन बुधवार को सर्व पितृ महापर्व पर बिठूर के समस्त घाटों पर श्रद्धालु भोर से ही पहुंचने लगे थे। गंगा स्नान करने के उपरांत घाट पर मौजूद पुरोहितों से पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान पूजन आदि करवाया। साथ ही साथ दान पुण्य भी किया। यह पितरों को समर्पित होती है। इस तिथि को पितृपक्ष के अंत का प्रतीक मानते हैं। इस बार यह तिथि 2 अक्टूबर को मनाई गई।

### पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए यह करें दान

सर्व पितृ अमावस्या के दिन तर्पण के बाद ब्राह्मणों को दक्षिण के रूप में बर्तन ऋतु फल कच्ची सब्जी अनाज मिष्ठान धोती धन आदि देना चाहिए। विधान के अनुसार जी पुरोहित को आप दान कर रहे हैं वह विवाहित होना अनिवार्य है। ऐसे में पुरोहित की पत्नी के लिए साड़ी श्रृंगार का सामान और यदि हो सके तो आभूषण भी देना चाहिए। ऐसा करने से सौभाग्य की वृद्धि होती है साथ ही साथ घर में धन-धन की वृद्धि व बरकात आती है। इतना ही नहीं ऐसा करने से पित्र देव प्रसन्न होते हैं।

### गंगा घाटों पर पुलिस प्रशासन दिखा मुस्तौद

सर्व पितृ अमावस्या के दिन बिठूर के घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। गंगा का जल गहरा होने की वजह से कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से घाटों पर काफी कड़े इंतजाम किए गए थे। घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ-साथ गोताखोरों की भी तैनाती की गई थी। जिससे कि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो सकें। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा स्वयं व्यवस्था का ज्यादा लेते हुए नजर आए।

## 1700 वर्ष पुराने बारादेवी मंदिर मे चुनरी बांधकर पूरी होती हैं सभी मन्नतें, आती है लाखों की भीड़

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर के बीचों बीच जूही मे माँ बारादेवी का मंदिर बना हुआ है। जहां पूरे साल भक्तों की भीड़ बनी रहती है। साल मे पड़ने वाले दो नवरात्रों मे यहां लाखों की तादाद मे भीड़ दर्शन करने आती है। इस मंदिर की लोगों के बीच मे काफी मान्यता है। रोजाना इस मंदिर मे हजारों भक्त मंदिर मे दर्शन करते है। लेकिन नवरात्रों मे दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या लाखो के तादाद मे हो जाती है।

वहीं इस मंदिर के इतिहास की बात करे यो इस मंदिर का इतिहास करीब 1700 साल पुराना बताया जाता है। मंदिर स्थल के आस पास हजारों की संख्या मे दुकानें लगती है और नवरात्र के समय काफी पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहता है। इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्टूबर को होने जा रही है। 11 अक्टूबर को नवमी पूजन के साथ नवरात्रि समाप्त हो जायेगी। दुर्गा पंडालों मे रखी जाने वाली मां की मूर्ति को दशमी के दिन विसर्जन के साथ शाम को रावन दहन किया जाएगा।

### मां बारादेवी मंदिर की प्रबंधक ने दी जानकारी

बारा देवी मंदिर के इतिहास को लेकर मंदिर की प्रबंधक रूपम ने बताया कि कानपुर मे स्थित मां बारा देवी मंदिर बेहद पुराना और चमत्कारिक मंदिर है। यह मंदिर लगभग 1700 वर्ष पुराना मंदिर है। इस मंदिर को लेकर यह कहानी है कि पिता से अनबन के बाद यहां पर 12 बहने आकर रहने लगी थी और वह पत्थर की बन गई थीं। तब से यह मंदिर पूजा जाने लगा। पिता से हुई अनबन और उनके कोप से बचने के लिए यह सब बहने घर से निकल आईं थीं। वहीं बहनों के श्राप देने की वजह से उनके पिता भी पत्थर के रूप मे हो गए थे। तब से यहां पर भक्तों की भीड़ लगने लगी इस इलाके का नाम भी बारा देवी पड़ गया।

### मन्नत मांगकर बांधते हैं चुनरी

उन्होंने बताया की इस मंदिर मे बहुत हर वर्ष बड़ा मेला लगता है और लाखों को तादात मे भक्त यहाँ दर्शन करने के लिए आते हैं। वहीं जो लोग इस मंदिर मे मन्नत मांगते है वह भी पूरी होती है। कुछ भक्त ऐसे भी है जो चैत की नवरात्रि पर मन्नत पूरी होने पर स्वांग और सुई लगवाकर पैदल मंदिर तक आते हैं। रूपम ने बताया कि बारादेवी मंदिर की सबसे खास बात यह है कि भक्त अपनी मनोकामना मानकर चुनरी बांधते हैं। नवरात्र मे सुबह से ही इस मंदिर पर लोगों की भीड़ लग जाती है। वहीं मुरादे पूरी होने के बाद भक्त यहां पर मां का श्रृंगार करते हैं।

## वैश्य समाज की गांधी जयंती पर गाँधी सन्देश पद यात्रा निकली

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर की व्यापारिक भूमि पर वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग, वक्फ बोर्ड की समाप्ति एवं राष्ट्रीय सनातन बोर्ड के गठन की मांग को लेकर वैश्य समाज की विशाल पद यात्रा निकाली गई। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता जी के नेतृत्व ने विशाल गांधी संदेश पदयात्रा घंटाघर स्थित भारत माता मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमे हजारों की संख्या में व्यापारी और वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराई संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सुमंत गुप्ता ने कहा कि हम सब गांधीवाद को मानने वाले लोग हैं इस देश में वक्फ बोर्ड को समाप्त कर राष्ट्रीय सनातन बोर्ड का गठन राष्ट्र हित में किया जाना अत्यंत आवश्यक ह

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

**सीवीसी ने कहा है कि कुछ संगठन आयोग की सलाह पर अमल करने और आरोपी अधिकारी को चार्जशीट जारी करने में देरी करते हैं। इससे कई मामलों में दोषी अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है और समय सीमा चूकने के कारण कोई भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में विषबेल की तरह बढ़ते भ्रष्टाचार पर भारत विश्व में कलंकित हो रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 वीं थी। अर्थात भारत में भ्रष्टाचार की रफ्तार थमी नहीं है। इसमें तेजी आई है। इस सूचकांक में भारत आठ पायदान आगे बढ़ गया।**

*वादे हैं वादों क्या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि सत्तातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारों पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर-कार्मिक फंसे हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। राज्यों/केंद्रशासित राज्यों में कुल 41 भ्रष्टाचार के मामलों 149 अधिकारी आरोपित हैं। इनमें महाराष्ट्र में 3 मामलों में 41 अधिकारी, उत्तर प्रदेश में 10 मामलों में 31, प.बंगाल में 4 मामलों 25, केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में 4 में 19, पंजाब में 4 में 6, मध्यप्रदेश में 1 भ्रष्टाचार के प्रकरण में एक अधिकारी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक नियमों के अनुसार सीबीआइ से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अधिकतम तीन माह में अभियोजन स्वीकृति देने का प्रयास किया जाना चाहिए लेकिन लंबित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले तीन माह की अवधि से अधिक पुराने हैं। सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी एआईएफ योजना में प्रगतिशील वृद्धि की एक श्रृंखला शुरू की है, जिससे यह अधिक समावेशी और काफी हद तक अधिक प्रभावशाली बन गई है। सरकार का प्रयास है कि कृषि लाभ का धंधा बने और किसानों की आय बढ़े, इसके लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत कम करना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण और प्राकृतिक खेती। जैसे कि हाइड्रोपोनिक खेती, मशरूम की खेती, वर्टिकल फार्मिंग, एरोपोनिक खेती, पॉलीहाउस और ग्रीनहाउस, किसान समूहों और सामूहिकों के लिए आरक्षित हैं।**

# एग्री इंफ्रा फंड से बदल रहा किसानों का जीवन



शिवराज सिंह चौहान

**इसी तरह, फसलोपरांत प्रबंधन की गतिविधियाँ केवल प्राथमिक प्रसंस्करण तक ही सीमित थीं। अब दिशा-निर्देशों का विस्तार करके इसे एकीकृत प्रसंस्करण बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक और द्वितीयक प्रसंस्करण दोनों शामिल हैं, जिससे परियोजना की व्यवहार्यता में वृद्धि हुई है और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्ति में मदद मिली है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का किसानों के प्रति गहरा प्रेम और संवेदनशीलता, उनके द्वारा लिए गए निर्णय, नीतियों और योजनाओं में स्पष्ट नजर आती है। अन्नदाताओं का जीवन बदलना ही उनका प्रथम लक्ष्य है और संकल्प भी। यही कारण है कि सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि और किसान सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहे द्य उनके नेतृत्व में, सरकार किसानों के सशक्तीकरण और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी नीतियों में स्पष्ट रूप से झलकता है। भारत में फसल के बाद होने वाला नुकसान बड़ी चुनौती है, जो कृषि क्षेत्र की क्षमता और लाखों किसानों की कड़ी मेहनत को प्रभावित कर रहे हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष इसके कुल खाद्य उत्पादन का लगभग 16-18त्न नष्ट हो जाता है द्य ये नुकसान कटाई, थ्रेसिंग, भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण सहित विभिन्न चरणों के दौरान होते हैं। उचित भंडारण की कमी, कोल्ड चेन और अपर्याप्त प्रसंस्करण इकाइयाँ, कुशल लॉजिस्टिक्स का अभाव इन बड़े नुकसानों में योगदान करते हैं, जिससे देश की समग्र खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इन्हे मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार नए सिरे से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए नवाचार के नित नये उपाय किये जा रहे हैं। वैज्ञानिकों के शोध को लैब से लैंड तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है, जिससे किसानों की उत्पादन की लागत घटे और फायदा ज्यादा हो। प्रधानमंत्री दूरदृष्टा हैं जिनके द्वारा जुलाई 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में एआईएफ की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने और खाद्यान्न की बर्बादी को कम करने के लिए कृषि परिसंपत्तियों के माध्यम से फसलोपरांत प्रबंधन परियोजनाओं और नए युग की तकनीकों को बढ़ावा देकर इन चुनौतियों का समाधान करना है। एआईएफ के तहत, बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा 3त्न प्रति वर्ष की ब्याज छूट और सीजीटीएमएसई के तहत 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी कवरेज के साथ ऋण के रूप में 1 लाख करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से सरकार का उद्देश्य न केवल उपज की गुणवत्ता और मात्रा को संरक्षित करना है, बल्कि किसानों को बाजारों तक अधिक कुशलता से पहुँचने में सक्षम बनाना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप अगस्त 2024 तक योजना के लाभ के लिए पात्र 35,747 करोड़ रुपये सहित इस योजना के तहत स्वीकृत राशि 47,500 करोड़ रुपये को पार कर चुकी है और 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण हो चुका है। उल्लेखनीय रूप से स्वीकृत परियोजनाओं में से



**यह रणनीतिक कन्वर्जेंस व्यक्तिगत किसानों और समूहों, दोनों को सशक्त बनाएगा, उनकी भूमिका को अन्नदाता से ऊर्जादाता तक बढ़ाएगा, साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वसनीय स्वच्छ ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देगा।**

54त्न योजनाएं किसानों, सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं, जो प्रधानमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप खेत-स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में किसानों की मजबूत भागीदारी को प्रदर्शित करती हैं। कृषि उपज का फसलोपरांत नुकसान का समाधान हो सके, इस दिशा में प्रधानमंत्री मोदी अत्यंत गंभीर है। उन्होंने भंडारण (ड्राई और कोल्ड), परिवहन आदि में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है, ताकि किसानों को फसल नुकसान से बचाया जा सके। शुष्क भंडारण के संदर्भ में, खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में भारत में 1740 लाख मीट्रिक टन क्षमता के स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है और वर्तमान में भारत में कुल अनाज उत्पादन की भंडारण क्षमता 44त्न है, जो बहुत कम है। इसी प्रकार बागवानी उत्पादों के लिए भारत में लगभग 441.9 लाख मीट्रिक टन भंडारण की कोल्ड चेन क्षमता है जो देश में फलों और सब्जियों के उत्पादन का केवल 15.72त्न है। इन पूर्ण परियोजनाओं ने क्षेत्र की भंडारण क्षमता में लगभग 500 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि की है। परिणामस्वरूप, नई शुष्क भंडारण सुविधाएं प्रति वर्ष 18.6 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का संरक्षण कर रही हैं, जिससे लगभग 5,700 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उचित कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के विकास से बागवानी उत्पादों के नुकसान में 10त्न की कमी आई है, जिससे फसलोपरांत 3.5 लाख मीट्रिक टन उपज सुरक्षित हो रही है और हर साल लगभग 1,250 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री का कृषि क्षेत्र और किसानों के प्रति यह समर्पण न केवल उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एआईएफ से कृषि अवसंरचनाओं के विकास को नई गति मिली है। अगस्त 2024 तक, एआईएफ के तहत देश भर में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित 74,695 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन इंफ्रास्ट्रक्चर में 18,508 कस्टम हायरिंग सेंटर, 16,238 प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्र, 13,702 गोदाम, 3,095 छंटाई और ग्रेडिंग इकाइयां, 1901 कोल्ड स्टोर और कोल्ड चेन और 21,251 अन्य प्रकार के एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। 74,695 परियोजनाओं की मंजूरी से कृषि क्षेत्र में कुल 78,702 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है, जो महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है, बल्कि युवाओं और किसानों के बीच उद्यमशीलता को भी प्रोत्साहित किया है, जिससे लगभग 50,000 नए कृषि उद्यम स्थापित हुए हैं। सरकार के प्रयासों से युवा भी कृषि की और आकर्षित हो रहे हैं, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। यह कदम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इन प्रयासों ने 800,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं और भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ेगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2.5 मिलियन नौकरियों का सृजन होगा। सरकार की कल्याणकारी नीतियों से किसानों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव आया है। खेत पर उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से किसानों को सीधे व्यापक उपभोक्ता आधार को बेचने की सुविधा मिली है, जिससे मूल्य प्राप्ति में वृद्धि हुई है और उनकी समग्र आय में वृद्धि हुई है। आधुनिक पैकेजिंग और कोल्ड स्टोरेज सिस्टम के कारण किसान अपनी बाजार बिक्री को समयबद्ध ढंग से अधिक रणनीतिक रूप से कर सकते हैं, जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति होती है। औसतन, इस इंफ्रास्ट्रक्चर ने किसानों को अपनी उपज के लिए 11-14 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। सरकार की नीतियाँ न केवल एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्रोत्साहित कर रही हैं, बल्कि ऋण जोखिम को भी कम कर रही हैं। क्रेडिट गारंटी समर्थन और ब्याज छूट के माध्यम से ऋण देने वाली संस्थाएं न्यूनतम जोखिम के साथ ऋण दे सकती हैं, जिससे उनके ग्राहक आधार और पोर्टफोलियो डाइवर्सिफिकेशन का विस्तार करने में सहायता मिलती है। विशेष रूप से, इस फंड ने नाबार्ड की पुनर्वित्त सुविधा के साथ मिलकर एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में शामिल प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के लिए प्रभावी ब्याज दर को घटाकर 1प्रतिशत कर दिया है। इससे इन पैक्स से जुड़े हजारों किसानों को महत्वपूर्ण लाभ हुआ है।





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 26:57 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 15:26 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | इंद्र, 28:13 |
| सूर्योदयः | 06:19 |
| सूर्यास्तः | 18:00 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 13:37-15:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:46-12:33 |

## जन एक्सप्रेस

### छोड़ रहे सब बाण !

*वादे और दावे का ।*
*छोड़ रहे सब बाण ।।*
*चल रही जो ख़बरें ।*
*हैं उसका प्रमाण ।।*
*अपने अपने पाले में ।*
*है करने का काल ।।*
*एक दूसरे से शुरू ।*
*है अभी सवाल ।।*
*हम ही हैं शुभचिंतक ।*
*याद है दिलाया ।।*
*रखना थोड़ा धैर्य ।*
*है उनका सफाया ।।*
*चालू है प्रचार ।*
*है यही निचोड़ ।।*
*ना जब तक परिणाम ।*
*हम ही हैं बेजोड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नवरात्रि व्रत में हाइड्रेट रहने के लिए जरूर पिएं ये 5 तरह की ड्रिंक्स, शरीर में बनी रहेगी एनर्जी

**नवरात्रि** का पर्व 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। ये समय भक्तों के लिए विशेष होता है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। कई लोग नवरात्रि के दौरान व्रत भी रखते हैं। कुछ लोग पहला और आखिरी व्रत करते हैं, तो कुछ लोग नौ दिनों का व्रत रखते हैं। ऐसे में साबुत अनाज और नमक का सेवन करने से परहेज करना होता है। हालांकि, सेंधा नमक का सेवन किया जा सकता है। नवरात्रि के व्रत के दौरान अक्सर लोग शुष्क भोजन करते हैं। इसकी वजह से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे आपको कमजोरी और थकान का अनुभव हो सकता है। ऐसे में नवरात्रि के व्रत के दिनों में आपको हाइड्रेट जरूर रहना चाहिए। इस दौरान हाइड्रेटेड रहने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।

**नारियल पानी:** अगर आपने नवरात्रि के व्रत रखे हैं, तो हाइड्रेटेड रहने के लिए आप नारियल पानी पी सकते हैं। नारियल पानी एक नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट है, जिसे पीने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है। नारियल पानी पीने से आप हाइड्रेटेड रहेंगे। इसे पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलेगा। आप नवरात्रि व्रत के



दौरान नारियल पानी का सेवन करके पानी की कमी दूर कर सकते हैं।

**सादा नींबू पानी:** नवरात्रि व्रत के दौरान आप सादा नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। नींबू पानी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इससे आपको इंस्टेंट एनर्जी मिलेगी। आप हाइड्रेटेड महसूस करेंगे। नींबू पानी पीने से पाचन-तंत्र में भी सुधार होता है। इसके लिए आप एक गिलास पानी में नींबू का रस और चीनी मिलाएं। इस पानी को पीने से आपको लाभ मिलेगा।


**सफेद पेठे का जूस:** सफेद पेठा सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। अगर आप नवरात्रि के व्रत रखे हैं, तो आप इन दिनों में हाइड्रेटेड रहने के लिए सफेद पेठे का जूस पी सकते हैं। सफेद पेठे के जूस में विटामिन्स और मिनरल्स अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसके लिए आप सफेद पेठे को पानी के साथ ग्राइंड कर लें। इसके बाद, इसे अच्छी तरह से निचोड़ लें और पी लें। आप नवरात्रि के व्रत के दिनों में रोज सुबह सफेद पेठे के जूस का सेवन कर सकते हैं। इसे पीने से आपको एनर्जी मिलेगी और आप स्वस्थ महसूस करेंगे।

**फलों का जूस:** नवरात्रि व्रत के दिनों में आप फलों का जूस भी पी सकते हैं। लेकिन आपको घर पर बना हुआ जूस ही पीना चाहिए। फलों के जूस में चीनी डालने से बचें। आप सेब, पपीता, संतरा जैसे फलों का जूस घर पर ही निकालकर पी सकते हैं। फूलों का जूस पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहेगा। इस जूस को पीने से आपको एनर्जी भी मिलेगी। इसलिए अगर आपने नवरात्रि के व्रत रखे हैं, तो अपनी डाइट में फलों का जूस जरूर शामिल करें। आप चाहें तो सीधे तौर पर फलों का सेवन भी कर सकते हैं।

**वेजिटेबल सूप:** नवरात्रि के व्रत में आप रात को वेजिटेबल सूप भी पी सकते हैं। वेजिटेबल सूप पीने से भी आप हाइड्रेटेड महसूस करेंगे। आप लौकी, कद्दू जैसी सब्जियों का जूस बनाकर पी सकते हैं। अगर आपने नवरात्रि के व्रत रखे हैं, तो हाइड्रेटेड रहने के लिए नींबू पानी, सफेद पेठे का जूस, फलों का जूस और वेजिटेबल सूप शामिल कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# ग्राम स्वराज से समग्र विकास



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री


**वह विश्व को अधिक संरक्षित बनाना चाहते थे। शांति, न्याय, पर्यावरण संरक्षण को वरीयता देते थे। वह समस्याओं के निराकरण में सबकी भागीदारी चाहते थे। समाज में सक्षम व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह निर्बलों की सहायता करे। अपने को संम्पत्ति का ट्रस्टी समझे।**

**महात्मा गांधी भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक महापुरुष थे। विश्व में कहीं भी जब अहिंसा, स्वतंत्रता मानवता, सौहार्द स्वच्छता,गरीबों की भलाई आदि का प्रसंग उठता है,तब महात्मा गांधी का स्मरण किया जाता है। भारत को स्वंतंत्र कराने में उन्होंने अपना जीवन लगा दिया। फिर भी वह अंग्रेजों से नहीं उनके शासन से घृणा करते थे, उनके शासन की भारत से समाप्ति चाहते थे। यह उनका मानवतावादी चिंतन था।**

**भारतीय** चिंतन में मानव मात्र के कल्याण की कामना की गई। महात्मा गांधी ने भारत की स्वतन्त्रता को भी इसी भाव में देखा। उन्होंने इस विचार को अपने जीवन व्यवहार में चरितार्थ किया। महात्मा गांधी ने साधन की पवित्रता का मार्ग दिखाया। वह भारत की स्वतंत्रता में दुनिया का स्वातंत्र्य लाभ देखते थे। उनका आंदोलन इसी विचार के अनुरूप था। वह स्वतन्त्रता के ऊपर सत्य को वरियता देते थे। इस मार्ग से वह कभी विचलित नहीं हुए। महात्मा गांधी केवल देश को स्वतंत्र कराने के प्रति ही समर्पित नहीं थे,बल्कि उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाली अर्थव्यवस्था का भी विचार दिया था। इसी के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया गया। वर्तमान समय में भी महात्मा गांधी के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। प्रत्येक नागरिक गांधी के विचारों और दर्शन से लाभ उठाकर देश को आत्मनिर्भर बना सकता है। पूरी दुनिया गांधीवादी दर्शन के महत्व और सत्य,प्रेम,विनम्रता और अहिंसा के उनके सिद्धांतों को महसूस कर रही है,खासकर जब यह कठिन समय से गुजर रहा है। गांधी की प्रासंगिकता सर्वविदित है। जीवन का कोई ऐसा हिस्सा नहीं है जहां गांधी के विचार प्रासंगिक नहीं लगते हैं। गांधीजी के विचार सच्चाई,शांति, अहिंसा,सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण,मूल्य आधारित शिक्षा आदि जैसे कई पहलुओं पर मार्गदर्शन करते हैं। छात्रों के पास आज गांधीजी के जीवन से बहुत कुछ सीखने का अवसर है कि छात्र राष्ट्र निर्माण में कैसे योगदान दे सकते हैं। आज देश का प्रत्येक नागरिक गांधी के विचारों और दर्शन से लाभ उठाकर देश को आत्मनिर्भर बना सकता है। विकास की आधुनिक मान्यताओं के सामने प्रश्नचिन्ह लगाया है। विकसित देशों को भी इस संकट में विवश देखा जा रहा है। भारतीय संस्कृति की मान्यताओं का महत्व बढा है। इसके जीवन मूल्यों व जीवन शैली को स्वीकार किया जा रहा है। इस संकट में भारत ने सही समय पर सही तरीके से कदम उठाए है। भारत विश्व को उचित दिशा दिखा सकता है। लेकिन इसके पहले भारत को स्वयं आत्मनिर्भर बनाना होगा। इसके लिये इच्छाशक्ति, समावेशी विचार,निवेश, अवसंरचना और नवप्रवर्तन की आवश्यकता है। गुलामी की जंजीरों को तोड़कर बापू के नेतृत्व में देश को आजादी मिली। महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया जा रहा है। पूरी दुनिया के लिए बापू का संघर्षपूर्ण व्यक्तित्व कौतूहल का विषय था। दुनिया अचरज में थी कि कैसे एक धोती धारण करने वाला व्यक्ति भारत को स्वतंत्र कराएगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कुछ वर्ष पहले सतत विकास के लक्ष्यों के निर्धारण किया था। इनको सभी देशों के लिए उपयोगी बताया गया था। भारत के लिए यह गौरव की बात थी। क्योंकि इन विकास लक्ष्यों में महात्मा गांधी का चिंतन समाहित था। महात्मा गांधी ने स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान ही मानव कल्याण के दृष्टिगत अर्थव्यवस्था का विचार दिया था। प.दीनदयाल उपाध्याय ने भी अंत्योदय व एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत किया था। इसमें भी सतत विकास के लक्ष्य थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा में संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा की गई थी। तब यह तथ्य सामने आया कि इसमें महात्मा गांधी व दीनदयाल उपाध्याय की अर्थनीति के तत्व है। इन महापुरुषों के विचार वस्तुतः प्राचीन भारत के चिंतन पर ही आधारित थे। संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य और उद्देश्य में वह बिंदु समाहित है जिन्हें हासिल करने का गांधी जी ने सदैव प्रयास किया। गरीबों को देखकर ही उन्होंने अपने ऊपर न्यूनतम उपभोग का सिद्धान्त लागू किया था। इससे वह कभी भी विचलित नहीं हुए। संयुक्त राष्ट्र संघ से सतत विकास प्रस्तावों में गरीबी, भुखमरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशहाली, शिक्षा,लैंगिक समानता, जल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, आर्थिक वृद्धि और उत्कृष्ट कार्य, बुनियादी सुविधाएं, उद्योग एवं नवाचार,असमानताओं में कमी, संवहनीय शहर, उपभोग एवं उत्पादन, जलवायु कार्रवाई, पारिस्थितिक प्रणालियां, शांति, न्याय,भागीदारी के विषय शामिल है। इनको ध्यान से देखें तो यही गांधी चिंतन के मूल आधार है। वह ऐसा विश्व चाहते थे जिसमें गरीबी, अशिक्षा,कुपोषण, बीमारी,असमानता भुखमरी न हो। इन्हीं पर तो संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी जोर दिया। गांधी का सपना समता मूलक समाज का था। वह विश्व को अधिक संरक्षित बनाना चाहते थे। शांति, न्याय, पर्यावरण संरक्षण को वरीयता देते थे। वह समस्याओं के निराकरण में सबकी भागीदारी चाहते थे। समाज में सक्षम व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह निर्बलों की सहायता करे। अपने को संम्पत्ति का ट्रस्टी समझे। इसी प्रकार धनी देश अविकसित देशों की सहायता करे। गांधी चिंतन की भावना थी कि कोई पीछे न छूटे।

# किसान पर बाघ ने किया हमला जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



क्षेत्र के गांव शाहपुर राजा में खेत पर गए किसान पर बाघ ने किया हमला जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। मृतक किसान का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के दूसरे दिन क्षेत्र में बाघ की चहल कदमी से लोग घरों में दुबके है।जिससे खेती किसानी ठप्प हो गई है। सूचना पर वन विभाग की टीम क्षेत्र में सर्च अभियान चला रही है।गांव शाहपुर राजा के किसान प्रभु दयाल 50 वर्ष को बाघ ने खेत पर काम करते समय मंगलवार को हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। जिससे गांव वालों में काफी रोष फैल गया था। विधायक के समझाने बुझाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। बुधवार को शव के गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया है। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना के दूसरे दिन क्षेत्र में मौजूद बाघ ने सियार को अपनी शिकार बना लिया और गांव के लोगों द्वारा क्षेत्र में चहल कदमी करने की सूचना वन विभाग और पुलिस को दी गई है। जिस पर सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू कर ग्रामीणों को सचित्र रहने की सलाह दी है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों में दहशत फैल गई। गांव वाले अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतरा रहे हैं। वही किसान झुंड बनाकर खेत में कार्य करने को मजबूर है। क्षेत्र में गन्ना और केला की बहुतायत फसल होने से वन विभाग लोकेशन ट्रेस करने में नाकाम साबित हो रहा है। विभाग द्वारा उड़ाए गए ड्रोन कैमरा से भी लोकेशन का पता नहीं चल सका है। अफवाहों का बाजार गर्म हुआ गांव मोहम्मदपुर कला में 10 बजे करीब बाघ द्वारा बच्चा को गन्ने के खेत में खींच ले जाने की सूचना पर हड़कंप मच गया था। मौके पर क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम डॉ.अवनीश कुमार, निरीक्षक इंद्रजीत सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पता किया तो दो बच्चों में किसी बात को लेकर गन्ने के खेत में मारपीट होना पता चला है। जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। वहीं फर्जी सूचना देने वाले के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

## श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। प्राथमिक विद्यालय गरकटिया में शिक्षकों छात्रों एवं अभिभावकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तथा रामधुन और गांधी जी के प्रीय भजनों का गायन किया। विधालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक रिजवाना खातून ने गांधी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि, स्वतन्त्रता आन्दोलन, सत्य, अहिंसा और सामाजिक बराबरी के लिए उनके योगदान पूरी मानवता के लिए एक मिसाल है गांधी जी को सिर्फ भारत ही नहीं पूरे संसार में सम्मान दिया जाता है उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों पर चलकर आज पूरे संसार में शांति स्थापित की जा सकती है।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर एक समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व प्रवक्ता युवराजदत्त महाविद्यालय एस सी मिश्र व विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने माँ सरस्वती महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित करके की।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और कार्यों पर आधारित नाट्य ड्रामा, कविता व्याख्यान, गायन, भाषण, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गांधी जी के प्रिय गीत रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक गायन किया। विद्यार्थियों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और कार्यों पर आधारित नाट्य ड्रामा प्रस्तुत किया।इस समारोह में विद्यालय के छात्रों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और कार्यों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा, विद्यालय के अध्यापकों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला व दोनो महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया।इसी क्रम मे विद्यालय के भैया बहन व आचार्य परिवार टोलिशः नगर के प्रमुख चौराहों श्री राम चौराहा, रेलवे स्टेशन, संकटा देवी मंदिर आदि जगह पर जाकर वहाँ की साफ सफाई की वजन सामान्य को जागरूक किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस सी मिश्र ने कहा की आज हम यहाँ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। ये दोनों महान नेता हमारे देश के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। गांधी जी ने अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से हमें स्वतंत्रता दिलाई, जबकि शास्त्री जी ने जय जवान-जय किसान का नारा देकर हमारे देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हमें इन दोनों महान नेताओं के आदर्शों को अपनाने और अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। हमें सादगी, सरलता, और देशभक्ति के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए और अपने देश के लिए काम करना चाहिए। इस समारोह के समाप्ति पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को अपनाने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। अन्त मे प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि, उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं व आचार्य परिवार का आभार व्यक्त किया।

# आप सभी दिल का रखें ध्यान, नहीं रहेंगे परेशान: डॉ.पंकज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जैनस इनीशिएटिव्स एवं प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर में लगभग डेढ़ सौ मरीजों को परामर्श और जांच सेवाएं प्रदान की गईं। यह शिविर प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के बेहजम रोड स्थित शिव कॉलोनी में आयोजित किया गया था, जहां ब्लड शुगर, ईसीजी जैसी जांच सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं।इस शिविर का उद्घाटन धौरहरा के विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा किया गया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, ÷आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते, जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आता है। ऐसे निःशुल्क शिविरों के माध्यम से हृदय रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में चरक हार्ट इंस्टिट्यूट, लखनऊ के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में खराब जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, अगर लोग अपने दिल का ध्यान रखेंगे तो वे कई परेशानियों से बच सकते हैं। नियमित व्यायाम, सही खान-पान और तनाव से दूर रहना हृदय की सेहत के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ.पंकज ने सलाह दी कि लोगों को प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट का व्यायाम या मॉर्निंग वॉक जरूर करनी चाहिए और अपने खान-पान में नमक और तेल की मात्रा को नियंत्रित रखना चाहिए। वसायुक्त और मसालेदार भोजन से बचने की भी सलाह दी गई।

इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.पुनीत मिश्रा ने कहा कि देश में मधुमेह और हृदय रोगों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर युवा पीढ़ी में। उन्होंने जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क शिविर लगाकर लोगों को इन गंभीर बीमारियों से बचने का मार्ग दिखाया जा सकता है।

प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार नन्द कुमार मिश्र ने भी शिविर की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के शिविरों के आयोजन का आश्वासन दिया, जिससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़े।

शिविर को सफल बनाने में अभिषेक अवस्थी, आशीष श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा और राघवेंद्र का अहम योगदान रहा।

# उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों पर दिया ज़ोर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




जुआरी इंडस्ट्रीज़ (एसपीई-डिविज़न) ने 'गन्ने की भावी सुरक्षाः उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों' पर पहले गोलमेज सम्मेलन का सफल समापन किया। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश के ऐरा स्थित गोबिंद शुगर मिल में 30 सितम्बर-1 अक्टूबर को किया गया। सम्मेलन में अग्रणी किसानों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं नीति निर्माताओं ने हिस्सा लिया तथा गन्ने की खेती में आने वाली मुख्य चुनौतियों तथा भावी विकास के लिए स्थायी रणनीतियों पर चर्चा की। खासतौर पर शुगर मिल एवं क्रॉस पॉलिनेशन वाले क्षेत्रों में फसल की उत्पादकता, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाना और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए गन्ना किसानों की चुनौतियों को हल करना इस गोलमेज सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था। सम्मेलन के पहले दिन श्री वीके शुक्ला, एडिशनल कैन कमिशनर एवं डायरेक्टर, यूपीसीएसआर, शहाजहांपुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा सम्मेलन का उद्घाटन लखीमपुर के डीसीओ वेद प्रकाश सिंह की मौजूदगी में किया गया। सम्मेलन में तकरीबन 150 किसानों और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे यूपीसीएसआर, आईसीएआर, सिंचाई विभाग, नेटाफिम, बलरामपुर चीनी, आईसीआरआईएसएटी आदि से 40 विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान हमारे मुख्य अतिथि, श्री वी.के. शुक्ला, एडिशनल कैन कमिश्नर, लखनऊ एवं डायरेक्टर, यूपीसीएसआर ने कहा, जुआरी के एसपीई डिविज़न ने गन्ने की भावी सुरक्षा पर इस सम्मेलन का आयोजन कर सराहनीय कदम बढ़ाया है। इस मंच पर किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक एकजुट हुए, जिन्होंने यूपी में गन्ना किसानों की चुनौतियों पर चर्चा की। अपने प्रयासों के माध्यम से जुआरी एसपीई डिविज़न गन्ने की खेती की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देता है, साथ ही किसानों, उद्योग जगत, टेक्नोलॉजी आपूर्तिकर्ताओं एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच अच्छे कनेक्शन बनाने के लिए भी प्रयासरत है। मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन से मिली सीख अन्य उद्योगों को भी इस तरह के सत्र आयोजित करने, सभी हितधारकों में जानकारी के प्रसार एवं चर्चा के लिए प्रोत्साहित करेगी। सम्मेलन के दौरान श्री आलोक सक्सेना, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर एवं युनिट हैड, एसपीई डिविज़न ने कहा, गोलमेज सम्मेलन के पहले संस्करण को आयोजन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो किसानों, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और नीतिनिर्माताओं को एक मंच पर लाया। इन सभी उपस्थितगणां ने गन्ने को मजबूत और हर मौसम की फसल में बदलने के लिए विचार रखे।

## नगरपालिका सभागार में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

महात्मा गांधी जी ने देश की आजादी के बाद स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, ग्राम्य स्वराज, स्वच्छता, छुआछूत की पूर्णतः सफाई का आह्वान के साथ सर्वधर्म समभाव के लिए कार्य किया। जल निगम जे ई आदर्श मिश्र, पूर्व सभासद अशोक सक्सेना आदि ने भी अपने विचार रखें।

कार्यक्रम का संचालन मोहित गिरि ने किया।

इस अवसर पर स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर सत्यप्रकाश अग्रवाल, सभासद आनंद सोनी, साहिद अंसारी, रज्जन खान, धर्मेन्द्र तिवारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, राजीव वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता हुई आयोजित



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रक्तदान के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डोर फाउंडेशन एवं संजीवन द्वारा संयुक्त रूप से पंजाबी धर्मशाला आर्यनगर मे किया गया। बच्चों द्वारा बनाये गए पोस्टर अपनी जीवंतता के साथ साथ संदेश परक लग रहे थे। जज के रूप मे बृजेश गुप्ता एवं वीरेंद्र कुमार आर्या ने निर्णय देते हुए जुनियर एवं सिनियर वर्ग मे दस-दस प्रतिभागियों का चयन किया। मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि जीवेश साहनी द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया द्य संजीवन संस्थापक आकाश बजरंगी ने रक्तदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से हर्षित गुप्ता, पूनम मिश्रा, श्रवण बाजपेयी, बृजेश तिवारी, सुभित् बाजपेयी, तिवारी, आयुष जयसवाल आदि उपस्थित रहे। डोर फाउंडेशन संस्थापक सुधांशु मिश्रा ने कार्यक्रम आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# नवरात्रि के पावन पर्व की तैयारियां शुरू हो चुकी है, दुर्गा पूजा सामग्री की लगी दुकान



भक्तों द्वारा नवरात्र में कलश स्थापना को लेकर मां संकटा देवी धाम के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम मिश्र ने बताया कि गुरूवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र को सुबह से अपराहन डेढ़ बजे का समय सर्वोत्तम है। हस्त नक्षत्र शुभ है। उन्होंने बताया कि अपराहन एक बजकर तीस मिनट से तीन बजे तक राहुकाल रहेगा। शारदीय नवरात्र पूरे नौ दिन होने के चलते इस वर्ष देवी मां के नौ स्वरूपों का पूजन-अर्चन भक्त कर सकेगें।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** शारदीय नवरात्र का शुभारंभ आज गुरूवार से होगा। क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में मंदिरों समेत पूरे परिसर की सफाई को मंदिर समिति के पदाधिकारी अंतिम रूप देते देखे गए। नवरात्र को लेकर क्षेत्र के देवी मंदिरों की साफ-सफाई के साथ विशेष सजावट बुधवार को भक्तों के द्वारा पूरी की गयी। क्षेत्र के सैकड़ों स्थानों पर देवी मां के भव्य पंडाल सजेंगें। नवरात्र को लेकर भक्तों के उपयोग में आने वाली सभी प्रकार की सामग्री के भाव काफी बढ़ गए हैं। श्री संकटा देवी धाम समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने बताया कि पूरे नवरात्र भर धाम में प्रतिदिन महामाई की सायं कालीन महाआरती का आयोजन साढ़े छह बजे से होगा। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तों का सुबह चार बजे से ही आना शुरू हो जाता है। सुरक्षा को लेकर प्रभावी बंदोबस्त किये गये हैं। रामकुंड चौराहे पर स्थित मां काली मंदिर की भव्य सजावट मंदिर के व्यवस्थापक गौरव गुप्त द्वारा की गयी। उन्होंने बताया कि पूरे नवरात्र में प्रतिदिन देवी मां की आरती के साथ शाम के समय महिलाओं के भजन का कार्यक्रम चलेगा। मां भगवती के हजारों भक्तों नवरात्र में उपवास के साथ सैकड़ों स्थानों पर भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। श्री नवदुर्गा पूजन महोत्सव समिति रमवापुर द्वारा मूर्ति स्थापना को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

नगर में श्री दुर्गा पूजा समितियां मूर्ति स्थापना के साथ नौ क्षेत्र के वार्ड बेहटी, सरावगी टोला बेहटा छावनी, बन्नी सहित क्षेत्र भर में करीब डेढ सौ स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना व भक्तों द्वारा पूजन-अर्चन किया जायेगा।

फल केला, सेब, अमरूद, मूंगफली, सिंघाड़ा, कूटू, मेवा, मखाना, नारियल सहित व्रत व पूजा पाठ में प्रयोग में आने वाली अन्य सामग्री के भाव में काफी इजाफा नवरात्र को लेकर देखा गया।

## नगरपालिका सभागार में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

महात्मा गांधी जी ने देश की आजादी के बाद स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, ग्राम्य स्वराज, स्वच्छता, छुआछूत की पूर्णतः सफाई का आह्वान के साथ सर्वधर्म समभाव के लिए कार्य किया। जल निगम जे ई आदर्श मिश्र, पूर्व सभासद अशोक सक्सेना आदि ने भी अपने विचार रखें।

कार्यक्रम का संचालन मोहित गिरि ने किया। इस अवसर पर स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर सत्यप्रकाश अग्रवाल, सभासद आनंद सोनी, साहिद अंसारी, रज्जन खान, धर्मेन्द्र तिवारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, राजीव वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई



जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

क़स्बे में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया। नगर पंचायत में बुधवार को चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने सभासदों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर महापुरुषों के चित्रों पर मलार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत के परिसर में सभी कर्मियों को कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। एसडीएम राजीव निगम ने के साथ नगर पंचायत के सभासद व कर्मचारियों ने वार्डों में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

मदरसा अंजुमन इस्लामियां में तजम्मुल खां ने ध्वजारोहण कर महापुरूषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण हुआ।

## महात्मा गांधी और स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बरखेड़ा पीलीभीत बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल बरखेड़ा में स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस संस्था के ईकाई प्रमुख आशीष त्रिपाठी सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्प माला अर्पित किया गया। इस अवसर पर सुबोध गुप्ता, जितेंद्र साहनी, हरीश ज्याला, दिनेश द्विवेदी सहित काफी संख्या मे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई

जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड में गांधी व शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।

बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड पलिया के यूनिट हेड ओ पी चौहान ने प्रशासनिक भवन में गांधी जी व शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए, तथा उनके आदर्शों का पालन करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया।

यूनिट हेड ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन से सीख लेने के लिए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा की हम सभी को चाहिए स्वच्छता, सफाई सादगी, एवम सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप हरिपाल सिंह, राजीव तोमर, संजीव दूवे, योगेन्द्र आर्य, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधान, पंचायत सचिव सहित तीन को नोटिस, मांगा जवाब

जन एक्सप्रेस । हरदोई। नहर के विभाग की ओर से कराए गए ड्रेन की सफाई के काम का ग्राम पंचायत में भी भुगतान निकाले जाने पर कार्रवाई शुरु हो गई है। श्रम रोजगार उपायुक्त ने प्रधान, पंचायत सचिव सहित तीन को नोटिस जारी किए हैं। तीन दिन के अंदर साक्ष्य सहित जवाब मांगे हैं। चेतावनी दी है कि तीन दिन में साक्ष्य और संतोषजनक जवाब न देने पर जवाबदेही तय की जाएगी। विकास खंड अहिरोरी की अटरा ड्रेन की नहर विभाग के राष्ट्रीय जल प्रबंध योजना खंड से मई 2022-2023 में साफ-सफाई कराने के साथ ही इसका भुगतान भी किया गया। ग्राम पंचायत अटरा ने इसी ड्रेन की साफ-सफाई मनरेगा मद से अगस्त से अक्तूबर 2023 तक दिखाकर 1,76,151 रुपये का भुगतान निकाल लिया।

# गांधी जयंती के अवसर पर जिला अध्यक्ष सहित भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में विश्व में सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की155 वीं जयंती के अवसर पर भाजपाइयों द्वारा बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा सीतापुर विधानसभा के तरीनपुर मोहल्ले में स्थित ताड़कनाथ बाबा मंदिर में साफ सफाई की गई, एवं मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन के अनुरूप आज हम सब अपने आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा पखवाड़ा में भाग ले और स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के संकल्प को सफल बनाएं। स्वच्छता से विकसित भारत का मार्ग भी प्रस्तत होगा। इस अवसर पर सीतापुर नगर टू मंडल के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी 40 मंडलों में पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से बिसवां में विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# कमिश्नर, एडीजी, डीआईजी व डीएम ने गांधी व शास्त्री जी को पुष्पांजलि देकर मनाई जयंती

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



कमिश्नर एडीजी डीआईजी व डीएम आफिस सहित अन्य विभागों में बड़े ही धूमधाम के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित सद्भावना सभाकर गांधी शास्त्री के आदर्शों पर चलने का लिया गया संकल्प पर स्कूली बच्चों के द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती है साथ ही देश भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती भी मना रहा है दोनों महान हस्तियों ने अपने कार्यों और विचारों से देश और दुनियाभर के जनमानस पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है अंग्रेजों को भारत से खदेड़ने में महात्मा गांधी की ओर से चलाए गए सत्याग्रह जन आंदोलनों की बड़ी भूमिका बताई जाती है तो वहीं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लाल बहादुर शास्त्री का भी महत्वपूर्ण योगदान है। महात्मा गांधी ने हमेशा लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सीख देते थे और लाल बहादुर शास्त्री की छवि भी सबसे ईमानदार नेता की है महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को उनकी स्मृति में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जून 2007 को 2 अक्टूबर की तारीख को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर एडीजी जोन डा. के. एस. प्रताप कुमार,कमिश्नर अनिल ढींगरा, रेंज के डीआईजी आनंद कुलकर्णी, डीएम ने अपने अपने कार्यालयों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। इस दौरान सभी आफिसों के कर्मी मौजूद रहे।

# गांधी और शास्त्री ने देश को अपनी क्षमता का कराया एहसास: सदर सांसद

जन एक्सप्रेस। देवरिया



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अहिंसावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए पूरे देश में व्यापक जनांदोलन चलाकर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने राष्ट्र को उत्तम नेतृत्व प्रदान किया और जय जवान-जय किसान का नारा दिया। इससे भारत की जनता का मनोबल बढ़ा और सारा देश एकजुट हो गया। उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश में नई क्रांति ला दी, उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ देश में सत्याग्रह, नमक आंदोलन, असहयोग आंदोलन, तथा अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई अन्य आंदोलनों के माध्यम से पूरे देश के लोगों में क्रांति की भावना भर दी, दूसरी तरफ आजाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में शास्त्री जी ने भारत पाकिस्तान युद्ध के समय अमेरिका द्वारा भारत को अनाज देने पर रोक लगा दिए जाने के कारण उपजे अन्न संकट से उबरने के लिए पहले अपने परिवार को एक दिन भूखा रखा उसके बाद स्वयं हल चलाकर पूरे देश से एक दिन का उपवास रखने का आह्वान किया और ये भी कहा कि हम अपना अनाज स्वयं उगाएंगे किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे, इस प्रकार से उन्होंने पूरे देश में हरित क्रांति ला दी। इन दोनो महापुरुषों ने समय समय पर देश के लोगों को उनकी क्षमता का एहसास कराया। ये दोनो महापुरुष भारत के अनमोल रत्न थे आज हम सभी इनको नमन करते हैं तथा इनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस दौरान सदर सांसद ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। इस दौरान भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नागेंद्र तिवारी, श्रीनिवास दुबे, आनंद मणि, जी आई सी के प्राचार्य रामकिंकर मिश्रा, सहित अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# नवयुवक सैनिक क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा

चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के माईधिया पोखर रामलीला मैदान में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नवयुवक सैनिक क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक राकेश यादव, रंजीत यादव और गुड्डु यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी 326 चौरीचौरा एडवोकेट मुन्नी लाल यादव ने किया। दौड़ प्रतियोगिता में 5000 मीटर की दौड़ में बनारस के जुगनू कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि पिंटू कुमार और रामाश्रय भारद्वाज क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में रामनगर के नितेश निषाद ने पहला स्थान हासिल किया, इसके बाद मुन्ना अंसारी और राकेश यादव क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जयप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं के बेरोजगारी की समस्या पर चिंता व्यक्त की और कहा कि भाजपा सरकार में रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उत्साह की सराहना की। कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता की सराहना की और युवाओं के विकास पर जोर दिया। सभी ने एक साथ मिलकर न सिर्फ प्रतियोगिता का आनंद लिया, बल्कि देश में बदलाव और रोजगार के अवसरों पर चर्चा की।इस आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जो निश्चित ही सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक कदम है।

## पुलिस अधीक्षक ने लेहड़ा माता मंदिर का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने आदिशक्ति लेहड़ा मंदिर का निरीक्षण कर लिया जायजा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने लेहड़ा मंदिर पर निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। गुरुवार से शुरू हो रही शारदीय नवरात्र यानी नवरात्र के प्रथम दिन लेहड़ा देवी मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन सुगमतापूर्वक एवं पूजा -अर्चना करने को लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए।इस पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, एसडीएम नवीन कुमार,सदर सीओ आभा सिंह, फरेंदा कोतवाल प्रशांत कुमार पाठक, लेहड़ा चौकी प्रभारी सहित तमाम पुलिसकर्मी रहे।

## बापू ने सत्य, अहिंसा का पढ़ाया पाठ, धर्म के रास्ते पर सिखाया चलना: ब्लॉक प्रमुख

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



पनियरा ब्लॉक के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों व कार्यालयों में बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महात्मा गांधी व लाल लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिले के ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने पनियरा ब्लॉक प्रांगण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया।

ब्लॉक प्रमुख बापू ने के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छुआछूत, जातिवाद और महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। बापू कहते थे कि किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब उसमें हर किसी को समान अधिकार मिले। हर गांधी जयंती हमें याद दिलाती है कि गांधी जी के विचारों और उनके दिखाए गए मार्ग को अपनाकर हम क्या कुछ हासिल कर सकते हैं। इस दौरान मौजूद रहे पनियरा खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पांडे, पूर्व प्रमुख जयनाथ सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज यादव, आलोक मद्धेशिया, गणेश, शिवम मणि त्रिपाठी, सुनील कन्नौजिया, राजेश पाल शैलेंद्र व अन्य लोग।

## आईजीएल द्वारा सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** गांधी जयंती के अवसर आईजीएल के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आईजीएल के सभी विभागाध्यक्षों एवं अन्य कर्मयोगियों के साथ आईजीएल से दाना पानी रोड पर साफ़-सफाई का कार्य सम्पादित किया गया। इसके पश्चात टेट्रा पैक के अपशिष्ट से बने 25 डेस्क बेन्च मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता एवं आईजीएल के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल, प्लान्ट हेड शैलेन्द्र पांडेय व् वरिष्ठ समाजसेवी परशुराम शुक्ल द्वारा सँयुक्त रूप से फीता काटकर प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय सहजनवां ए के सिंह को बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए भेंट किया गया। यह डेस्क बेन्च पूर्णतया पर्यावरण अनुकूल है और इन बेंचों को विद्यालय को भेंट करने में आईजीएल का सहयोगी कम्पनी टेट्रा पैक कम्पनी एवं द कबाड़ी वाला एनजीओ रही। इसके पश्चात तहसील सभागार सहजनवा में गांधी जयंती के अवसर पर सफाई कर्मियों को उनके बेहतर काम के लिए सम्मानित किया गया। आईजीएल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक, सहजनवां प्रदीप शुक्ल, पूर्व विधायक एवं मंत्री जी एम सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा डॉ आर डी पाण्डेय एवं उप जिलाधिकारी दीपक गुप्ता ने सफाई कर्मियों को सम्मानित किया और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में विशेष सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। बदलते परिवेश में गोरखपुर का कायाकल्प हो रहा है।

# टीबी मुक्त घोषित हुआ ग्राम पंचायत नारायनपुर

*** ग्रामीणों के सराहनीय प्रयास से टीवी पर पाया गया काबू: संजय चंद**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

संचारी दस्तक अभियान के तहत जहां सैकड़ो बीमारियों को जन जागरूकता अभियान और स्वच्छता मिशन के तहत खत्म किया जा रहा है वहीं इस अभियान का सकारात्मक परिणाम विकास खण्ड उरुवा के ग्राम पंचायत नारायनपुर में देखने को मिला। नारायनपुर गांव को टीबी (क्षय रोग) मुक्त घोषित किया गया है।

### क्या है टीबी (क्षय) संक्रमण रोग



उरुवा चिकित्सक अधीक्षक डा. जे.पी. तिवारी ने बताया कि टीबी एक ऐसा रोग है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण फैलता है। ये बैक्टीरिया हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हवाओं के माध्यम से फैलता हैं। जिसे फेफड़े पर सबसे पहले घातक प्रभाव पड़ता है और रोगी को सर्दी खासी छींक शारीर में दर्द खून का कमी, उल्टी, सर दर्द, खांसी के साथ खूनी आनी शुरू हो जाती है साथ ही साथ सांस लेने में भी काफी तकलीफ होती है और यदि समय पर इलाज ना हो तो उसके सांस के माध्यम से दूसरे व्यक्ति तक यह रोग हवाओं के माध्यम से बहुत तेजी से फैलता है तथा जल्द ही दूसरा व्यक्ति भी टीबी से ग्रसित हो जाता है। ऐसे समय पर डॉक्टर से मिले उचित इलाज कराए।

### क्या बोले...ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

वही ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि संजय चंद ने बताया स्वस्थ इंडिया फिट इंडिया अभियान, स्वच्छता मिशन, टीबी हारेगा इंडिया जीतेगा और संचारी दस्तक अभियान के तहत गांव में स्वस्थ्य संबंधित समस्याओं पर काम किया गया और साफ-सफाई कर जल जमाव जैसी समस्या को समाप्त कर टीकाकरण अभियान और संचारी दस्तक जैसे अभियान के तहत लगातार ग्राम सभा के अंदर यदि किसी को स्वास्थ्य से संबंधित कोई समस्याएं होती थी तो वह स्वयं उसे अपने साधन से इलाज हेतु चिकित्सालय ले जाते और उनका इलाज होता था। जिसके परिणाम स्वरूप गांव को क्षय रोग से मुक्त घोषित किया गया। आज गांव में एक भी टीवी के मरीज नही है। इस अभियान में ग्राम सभा के सम्मानित जानता का एक सराहनीय प्रयास रहा है। जिससे टीवी जैसे रोग पर विजय प्राप्त हुआ।

# सांसद, विधायक और डीएम ने हरी झंडी दिखा किया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



कलेक्ट्रेट प्रांगण से 2 से 16 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे एवं विधायक पडरौना मनीष कुमार जायसवाल तथा जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना कर किया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन करते हुए शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में निम्न बिन्दुओं पर सांसद द्वारा शपथ दिलाई गई। उक्त शपथ के पश्चात् सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के रूप में जागरूक्ता अभियान हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण से बैण्ड बाजे एवं इंटरसेप्टर वाहन के साथ रैली निकाली गयी जो रविन्द्रनगर धूस चौराहे तक जाकर पुनः ए0आर0 टी0ओ0 कार्यालय तक आकर रैली का समापन किया गया।

रैली में विभिन्न प्रकार के नारे जैसे सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है, सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती है, एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान सीओ कसया कुंदन सिंह, सड़क सुरक्षा समिति के सचिव अधिशासी अभियन्ता राजेश सिंह, सह सचिव मोहम्मद अजीम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्य सन्याल सत्यार्थी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, विभिन्न विद्यालयों के प्रबन्धक एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# गुरु गोरक्षनाथ की तपस्थली पर आज से मां आदिशक्ति की पूजा का होगा शुभांरभ

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नाथपंथ के अधिष्ठाता, शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ मां आदिशक्ति की पूजा के लिए तैयार है। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा गुरुवार, 3 अक्टूबर को गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम 5 बजे शक्ति मंदिर में कलश स्थापना करेंगे। इसके साथ ही दस दिवसीय विशेष अनुष्ठान का शुभारंभ हो जाएगा।गोरक्षपीठ में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के साथ ही शक्ति की आराधना की अद्भुत परंपरा है। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में पूरे नवरात्र (वासंतिक और शारदीय दोनों) अनवरत साधना चलती है। नवरात्र की पूर्णाहुति पर राघव अर्थात भगवान राम का राजतिलक करने की परंपरा अन्यत्र नहीं दिखती। विजयादशमी (दशहरा) पर राघव का राजतिलक करने के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर खुद मौजूद रहते हैं। इस शारदीय नवरात्र गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बारे में मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर गुरुवार (3 अक्टूबर) की शाम 5 बजे गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत कलश शोभायात्रा निकलेगी। यह यात्रा मंदिर के परम्परागत सैनिकों की सुरक्षा में निकलेगी जिसमें सभी साधु-संत, पुजारी, योगी, वेदपाठी बालक, पुरोहित एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा में शिव, शक्ति और महायोगी गोरखनाथ के अस्त्र त्रिशूल को मंदिर के मुख्य पुजारी लेकर चलेंगे। परंपरा के अनुसार त्रिशूल लेकर चलने वाले को 9 दिन मंदिर में ही रहना होता है। कलश शोभायात्रा के समापन पर भीम सरोवर के पवित्र जल पूरित कलश की स्थापना मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री कलश योगी आदित्यनाथ द्वारा करने के साथ मां भगवती की विशेष उपासना का शुभारंभ हो जाएगा।

### प्रतिदिन होगी श्रीमददेवीभागवत की कथा, अष्टमी की शाम महानिशा पूजन करेंगे पीठाधीश्वर

मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि मठ में शारदीय नवरात्र में श्रीमददेवीभागवत की कथा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ, प्रतिपदा 3 अक्टूबर से पूरे नवरात्र प्रतिदिन सुबह एवं शाम 4 बजे 6 बजे तक चलेगा। देवी-देवताओं के आह्वान के साथ पूजन-आरती होती रहेगी। 10 अक्टूबर, गुरुवार, अष्टमी की शाम 7 बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महानिशा पूजन एवं हवन करेंगे।

### महानवमी को कन्या पूजन करेंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

11 अक्टूबर, शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि के व्रत के साथ पूर्वाह्न 11 बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुमारी कन्याओं का पांव पखारकर पूजन करेंगे। इस अवसर पर मातृ स्वरूपा कन्याओं के लिए भोज का भी आयोजन होगा और गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें दक्षिणा तथा उपहार भेंट करेंगे। बटुक भैरव के रूप में कुछ बालक भी इस पूजन अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे।

## एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

बुधवार को जिले के रिजर्व पुलिस लाइन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाते हुए उनके आदर्शों पर चलने के बारे में भी बताया। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने भी बापू के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। तो वहीं क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, खड्डा उमेशचन्द्र भट्ट द्वारा सीओ कार्यालय व समस्त थानों पर राष्ट्रपति महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नमन

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

आज 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर सेनानायक आनंद कुमार आईपीएस के उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट ने महापुरुषों को पुष्प अर्पण कर कोटि कोटि नमन कर कर्तव्यनिष्ठा,ईमानदारी और निष्पक्षता से देश सेवा की शपथ ली तथा अधीनस्थ कर्मचारियों को शपथ दिलायी एवं गांधी जी के स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत मिशन को कामयाब बनाने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार वितरित किया और उनकी सराहना की तथा वाहिनी अस्पताल में भर्ती मरीज़ों की मिज़ाज पुरसी की व उन्हें फल वितरण करते हुए उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। तत्पश्चात् कमांडेंट द्वारा पुलिस मॉडर्न स्कूल में छात्रों व अध्यापकगण से मुलाक़ात की।

इस शुभ अवसर पर वाहिनी के तरफ़ से विद्यालय के लिए 03 झूलों, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, शाखा बिछिया के तरफ़ से 03 सेट की पाँच स्टील कुर्सियाँ तथा यूनियन बैंक, शाखा बिछिया के तरफ़ से 43इंच एलईडी टीवी का अनावरण किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य पीएमएस स्कूल उमेशचंद्र पाण्डे, दीपक कुमार शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक बिछिया, प्रवीण कुमार शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक बिछिया, शिविरपाल लूदर सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक धर्मेंद्र सिंह तथा स्कूल से समस्त अध्यापक गण सहित वाहिनी के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मां धर्मसम्धा मंदिर में सफाई कर किया श्रमदान

जन एक्सप्रेस। रामकोला कुशीनगर

स्थानीय उप नगर में गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में नगर पंचायत ने सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मां धर्मसंमधा देवी मंदिर में सफाई का श्रमदान किया उन्होंने स्वच्छता का संदेश दिया। और सभी कर्मचारियों के साथ महात्मा गांधी के जयंती पर नगर पंचायत में सफाई अभियान चला कर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने धर्मसंधा मंदिर के परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हर व्यक्ति सफाई के प्रति सजग रहे। और शहर में मलिन बस्ती बस स्टेशन मार्केट में सफाई अभियान चलाया गया उसके बाद सभी सफाई कर्मियों को स्वच्छता अपनाने और एक दूसरे को स्वच्छ के प्रति सजग रहने के लिए सीख देने के लिए कहा गया। इस अवसर पर अखिलेश कश्यप, विक्की गोविंद राव, नंदलाल प्रसाद, पिंटू रावत, संजय रावत, नागेश्वर, सूरज, दीपक, रामप्रवेश, बालेसर, मैनेजर रमेश, भीम, सतीश सहित सैकड़ों कर्मचारी लोग उपस्थित रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### ठग ठगा गैंग कंपनियों को बंद करें केंद्र सरकार : केशव पंडित

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। भ्रष्टाचार विरोधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित केशव देव गौतम ने कहा देश के गरीब मजदूर लोगों को ठग ठगा गैंग भ्रष्टाचारी कंपनियों को बंद करें केंद्र सरकार जमा पीड़ित परिवार संगठन आज सांसद सतीश गौतम अलीगढ़ के कार्यालय पर घेराव करने विद्यानगर पहुंचा लेकिन सांसद अपने आवास कार्यालय पर उपस्थित नहीं थे उनके प्रतिनिधि कार्यालय को ज्ञापन दिया गया सैकड़ो पीड़ित परिवार एवं एजेंट कंपनियों से अपना कंपनियों में जमा पैसा वापस कराने की मांग की जमा वापसी के लिए पूरे देश में आंदोलन चल रहा है। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर भ्रष्टाचार भारत छोड़ो के नारे के साथ ठग ठगा कंपनी गैंगो को बंद करने की मांग की गई इस अवसर पर सैकड़ो पीड़ित जमाकर्ता एवं एजेंट उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के तत्वाधान में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। महात्मा गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर अलीगढ़ में मलखान सिंह जिला अस्पताल में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश सचिव कैलाश गोयल ने फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षा परिषद पिछले लंबे समय से पत्रकार हितों की लड़ाई लड़ता रहा है और लड़ता रहेगा, साथ ही समाज सेवा में भी अपनी सक्रिय भूमिका का भी बखूबी निर्वहन करता आया है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजक व संगठन के जिला अध्यक्ष विश्वप्रताप सिंह ने रक्तदान के लाभ बताते हुए सभी रक्तवीरों का आभार प्रकट किया। शिविर में पहुंचे 25 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष वसीम अहमद, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र विनय माथुर, नीतू सिंह, सुनीता, पूजा, जहीर, आमिर, सौरभ, अंकित, राजेंद्र सिंह, नदीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

### स्टेट हॉकी प्लेयर सुसाइड मामले में आरोपी का कुबूलनामा

जन एक्सप्रेस/आगरा। ताजनगरी फेज-एक स्थित होटल स्टार ऑफ ताज में महिला हॉकी खिलाड़ी के सुसाइड मामले में पुलिस जांच में कई बातें सामने आई हैं। आरोपी और युवती के बीच में रात को होटल में तकरार हुई थी। इसके बाद ही युवती ने सुसाइड किया। आरोपी ने पुलिस के सामने उस रात कमरे में हुई घटना को कुबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना सदर क्षेत्र की 22 वर्षीय हॉकी खिलाड़ी 28 सितंबर को घर से हॉकी टीम के साथ अलीगढ़ जाने की कहकर निकली थी। सोमवार सुबह उसका शव ताजनगरी के होटल में दुपट्टे के फंदे पर पंखे से लटका मिला था। खिलाड़ी ने अपनी आइडी पर ही कमरा बुक किया था। परिजनों ने बुंदू कटरा के ट्रैवेल एजेंसी संचालक गगन कुमार को बेटी की मौत का जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी चेक किए। इसमें आरोपी गगन की होटल में आने और एक घंटा रुकने की पुष्टि हुई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया वो रात करीब साढ़े 8 बजे खाना लेकर होटल गया था।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, तीन लोग मरे, छह मकान क्षतिग्रस्त

जन एक्सप्रेस । बरेली



बरेली जिले में सिरौली थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके नितिन लोगों की जान ले ली जबकि छह घायल हैं। इस धमाके में छह मकानों को भी क्षति पहुंची है।

बरेली के कल्याणपुर गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके के बाद मौके पर जांच करते पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। बरेली जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार शाम अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका हो गया। थाना सिरौली के कल्याणपुर गांव में पटाखा बम बनाकर टेस्टिंग करने के दौरान धमाका हुआ। बम का विस्फोट जबरदस्त था। धमाके में छह मकान ढह गये। उनके मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। छह से ज्यादा लोग घायल हो गये।

यह धमाका शाम 5:00 बजे हुआ। धमाके के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। गांव के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकलने का काम शुरू किया। उधर पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सभी बड़े अधिकारी गांव पहुंच गए और राहत कार्य शुरू कराया।

सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसपी देहात, एडीएम, सीओ और एसडीएम पुलिस और रेस्क्यू आपरेशन की टीमों के साथ मौके पर पहुंच गये। मलबे में दबे शवों और घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों को रामनगर पीएचसी भेजा गया है। बरेली के पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि कल्याणपुर गांव में फटे पटाखा बम में तबस्सुम पत्नी वाहिद, रुखसाना पत्नी रुखसार और एक अन्य मृतक की मौत हुई है।रहमान शाह पुत्र जोगली शाह, छोटी पत्नी रहमान शाह, फातिमा पत्नी नाजिम और सितारा पत्नी नासिर घायल हो गए। सभी मृतक और घायल कल्याणपुर, थाना सिरौली के निवासी हैं घायल हो गयी हैं। बम धमाके के हादसे में करीब छह मकान गिर गये हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घायलों को सहायता पहुंचाने के साथ ही मामले की जांच पड़ताल भी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि घरों के अंदर पटाखा बम बनाये जा रहे थे। धमाके के बाद वहां पटाखों की बारूद और रद्दी मिली है। रहमान शाह के रिश्तेदार नाजिम व नासिर सिरौली में रहकर आतिशबाजी का काम करते हैं। रहमान शाह भी अपने घर में चोरी छिपे आतिशबाजी बनाकर उन्हें देता है। बुधवार शाम आतिशबाजी में तेज धमाका हुआ। इसकी वजह से घर मलबे में ढेर हो गये। धमाके से रहमान के घर में रखा गैस सिलेंडर भी फट गया था जिससे पूरे घर में आग फैल गई।

## आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने बिग फैंटेसीज पहल की शुरुआत की

जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद। भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी, जो रोजाना के पलों को खास अनुभवों में बदलने के लिए जाना जाता है, ने गर्व से अपनी अभिनव पहल, बिग फैंटेसीज÷ गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशन की घोषणा की है। इस पहल के माध्यम से, ब्रांड का लक्ष्य कला को तकनीक के साथ मिलाकर बच्चों में रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को जागृत करना है।

यह अनोखी और दूरदर्शी पहल सेंट जोसेफ स्कूल, बैंगलोर में बच्चों, उनके माता-पिता और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में शुरू की गई। इस कार्यक्रम में बच्चे की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के महत्व विषय पर एक विस्तृत पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, शिक्षा, मनोविज्ञान और रचनात्मक कला के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। पैनल चर्चा के अतिथि वक्ताओं में सुश्री मंदिरा बेदी, श्री प्रकाश राव (इसरो के पूर्व निदेशक), डॉ. मेघा महाजन (डीएम-निमहंस) और रेवरेंड फादर रोहन डी%अल्मेडा (प्रिंसिपल, सेंट जोसेफ स्कूल) जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं।

## कैंटर ने बाइक रौंदी : दो की मौत और तीसरा घायल, हाईवे जाम

जन एक्सप्रेस । आगरा



खंदौली थाना क्षेत्र के नंदलालपुर पर बुधवार की सुबह करीब आठ बजकर तीस मिनट पर घर से बाइक पर पेट्रोल लेने जा रहे रिश्ते के तीन भाइयों को आगे से आ रही कैंटर ने रौंद दिया। जिसमें दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस से नाराज होकर परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए एक घन्टे तक आगरा अलीगढ़ हाईवे जाम करते हुए हंगामा कर दिया

एक घन्टे बाद पुलिस के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने शवों को ले जाने दिया। पुलिस ने मृतकों को पीएम के लिये भेज घायल को ईलाज के लिए लिये अस्पताल भेज दिया

जानकारी के अनुसार इस्लामनगर टेडी बगिया निवासी आस मोहम्मद पुत्र अली शेर उम्र 18 वर्ष वह शान मोहम्मद पुर से दिल शेर15 वर्ष दोनों चचेरे भाई हैं वही इनका फुफेरा भाई बाबूजी पुत्र अयूब निवासी इस्लामनगर टेड़ी बगिया बुधवार की सुबह करीब 08÷30 बजे बाइक में घर से पेट्रोल लेने के लिए नंदलालपुर जा रहे थे जैसे ही तीनों लोग पेट्रोल पंप के पास आगरा अलीगढ़ हाईवे पर पहुंचे सामने से आ रही कैंटन ने टक्कर मार दी जिसमें आस मोहम्मद और शान मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई वहीं भाई बाबूजी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना के 1 घंटे बाद पहुंची पुलिस को देखकर ग्रामीणों ने आगरा अलीगढ़ हाईवे 1 घंटे तक जाम कर दिया वहीं गुसाएं लोगों ने हंगामा करते हुए शव को नहीं उठने दिया काफी देर बाद समझाने बुझाने पर ग्रामीण माने तब कहीं जाकर पुलिस ने शवो को पीएम के लिए भेजा और आगरा अलीगढ़ हाईवे मार्ग का जाम खुला। वहीं कैंटर चालक गाड़ी को लेकर फरार हो गया पुलिस सीसीटीवी की मदद से गाड़ी की तलाश कर रही है।

## अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री के आवासीय परिसर में स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री के आवासीय परिसर में गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएँ, श्रमिकों सहित अधिकारियों ने हिस्सा लिया और स्वच्छता अभियान को सफल बनाया और साथ ही %रन फॉर यूनिटि÷ का भी आयोजन किया गया। उस अक्सर पर अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री के इकाई प्रमुख नागेश उपाध्याय ने अपने उद्?बोधन के क्रम में महिलाएँ एवं बच्चों के भागीदारी को काफी सराहना एवं प्रसंशा किया और साथ ही मेडल प्रदान कर बच्चो तथा महिलाओं को उत्साहवर्धन भी किया एवं लोगो को इस बात के लिए प्रेरित किया कि फैक्ट्री का प्रत्येक व्यक्ति स्वयं खुद गंदगी ना फैलाएँ और ऐसा करने से दूसरों को भी रोकें टोके और हम जहाँ भी रहे वहाँ अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग करे जिससे गाँधी जी के सपनों का भारत बनाने एवं भारत राष्ट्र निर्माण में हम सबका सराहनीय योगदान होगा।

### राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका पर गोष्ठी

## महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं : डा0 बबीता चौहान

जन एक्सप्रेस । मथुरा/फरह



पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में बुधवार को राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका नारी एक रुप अनेक में विचार व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता चौहान ने कहा कि भारत की मां का राष्ट्र निर्माण में जो योगदान है वह अद्भुत है। पौराणिक काल में महिलाएं बहुत ही सशक्त थीं। जब मुगलों का शासन आया तब कुछ दशक तक कमजोर रहीं। अब वर्तमान में महिलाएं फिर से सशक्त हो गई हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ रही हैं। हर क्षेत्र में अपनी शक्ति का लोहा बनवा रही हैं। बेटियों का अवसर मिलता है तो यह आगे बढ़ती हुई समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। सहनशीलता महिला को एक गहना है इसी शक्ति के नारी आगे बढ़ती हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित केंद्र और असर कर योजनाओं के बारे में बताया।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि वेदों में भी नारी को पुरुषों के समान रखा गया है। इतिहास गवाह है कि जब- जब नारी ने अपनी शक्ति का परिचय दिया है तब-तब देश और समाज में बड़े- बड़े परिवर्तन हुए हैं। आधुनिक भारत में महिलाएं विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उल्लेखनीय भूमिका निभा रहीं हैं। नारी हर क्षेत्र में सक्षम है बशर्तें उसे अवसर मिले। नारी सशक्तिकरण और शिक्षा का प्रभाव समाज के हर क्षेत्र में परिलक्षित हो रहा है। आज की नारी ने राष्ट्र निर्माण के विविध क्षेत्रों में कार्य कर सिद्ध कर दिया है कि उन्हें अवसर मिले तो वह किसी भी रुप में पुरुषों से पीछे नही हैं। उन्होंने अपना आईपीएस अधिकारी बनने का अनुभव साझा कर उपस्थित नारी शक्ति को प्रेरित किया। डा0 पूनम सिंह प्राचार्य श्रीमती बैंकुठी देवी कन्या महाविद्यालय आगरा संचालन कार्यक्रम संयोजक निर्मला दीक्षित और एडवोकेट चंचल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आरएसएस प्रचारक डा0 दिनेश, प्रांत प्रचारक डा0 धर्मेंद्र, मेला समिति अध्यक्ष सोहन लाल शर्मा, मंत्री मनीष अग्रवाल, प्रचार विभाग आदि एसएसपी शैलेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## जिकड़ी की तान पर निकला सूरज



जन एक्सप्रेस । मथुरा/फरह

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में मंगलवार रात को जिकड़ी गायन की ऐसी तान छिड़ी कि सूरज निकल आया। बुधवार सुबह तक हजारों दर्शक गायन का आनंद लेने को पंडाल में जमे रहे। दश जिगड़ी भजन गायकों ने हारमोनियम और ढोलक के साथ धार्मिक और एतिहासिक वृतांत सुनाकर दर्शकों को पूरी रात बांधे रखा। बृज की प्रसिद्ध गायकी को सुनने के लिए हजारों दर्शक बुधवार सुबह सात बजे तक में सूरज जब सिर पर चढ़ने लगा तो आयोजकों ने कार्यक्रम का समापन करा दिया। बेसिक शिक्षक संघ फरह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संयोजक तेजवीर सिंह सोलंकी, मनीष वर्मा, रहे।संचालन मानसिंह राना ने और अध्यक्षता बृजेन्द्र पचौरी ने की। कार्यक्रम में भीकम चंद दुबे, महीपाल सिंह, प्रमोद कुमार, पवन कुमार, उत्तम सिंह, हीरा सिंह, विजयवीर निरंजन सिंह, कान्हा आदि मौजूद रहे। प्रथम पुरस्कार तेज सिंह ईसरौता अलवर, मोतीराम लोहकरेरा आगरा, प्रहलाद सिंह पुरा मौलीनी रुपवास, धर्मेन्द्र सिंह चिरमौली आगरा, हेमा फौंडर को मिला।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



अखिल भारतीय पंचायत परिषद के तत्वावधान में दीवानी परिसर में सत्य अहिंसा के पुजारी देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक राष्ट्रपिता समाज सुधारक महात्मा गांधी एवं सादगी ईमानदारी के प्रतीक स्वर्गीय लाल बहादुर की जयंती मनाई गई इस अवसर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह एडवोकेट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा यह महात्मा गांधी का ही करिश्मा था जिन्होंने बिना हथियार उठाए सत्य और अहिंसा के बल पर ब्रिटिश हुकूमत को भारत छोड़ने पर मजबूर कर देश को आजाद कराया उन्होंने आजादी की लड़ाई ही नहीं लड़ी बल्कि समाज में दलित एवं शोषितों की स्थिति बेहतर करने और समाज में बराबर का हक दिलाने एवं महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी और दलित आंदोलन किया।

छुआछूत के खिलाफ जबरदस्त आवाज उठाई उनके अहिंसा के सिद्धांत को पूरी दुनिया ने सलाम किया और आज पूरा विश्व उनके सिद्धांत के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है सत्य महात्मा गांधी जी के जीवन का सबसे बड़ा मौलिक गुण था उनका पूरा जीवन सत्य एवं अहिंसा के नैतिक मूल्यों पर आधारित था महात्मा गांधी के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत बलिक पूरे विश्व का मार्गदर्शन करते आए हैं और आगे करते भी रहेंगे और आने वाले समय में वैश्विक समस्याओं से निपटने में गांधी दर्शन और उनके विचार और ज्यादा प्रासंगिक होंगे आज के दिन हमें महात्मा गांधी के विचारों को अपने जीवन में उतारने का प्रण करना चाहिए पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सादगी और ईमानदारी के प्रतीक थे जिन्होंने देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को सशक्त एवं मजबूत किया।

## आगरा के युवक को मथुरा से मिले थे नकली नोट

जन एक्सप्रेस । आगरा

जनकपुरी में नकली नोट चलाते युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। युवक ने जनकपुरी में साढ़े तीन हजार रुपये खर्च किए। पूछताछ में युवक ने बताया कि मथुरा में रहने वाले विनोद ने उसे 10 हजार रुपये में 20 हजार रुपये के नोट दिए थे। युवक से सुरक्षा एजेंसियों ने भी पूछताछ की। जनकपुरी में रविवार रात को नकली नोट चलाते पकड़े गए युवक आकाश से दो दिन तक पूछताछ चलती रही। लक्ष्मी नगर जगदीशपुरा के रहने वाले आकाश से आईबी, एटीएस और एसटीएफ ने पूछताछ की। आकाश ने बताया कि वह मथुरा में एयरटेल फाइबर में इंस्टालेशन का काम करता है। उसके साथ काम करने वाले मथुरा के विनोद ने मेले में नकली नोट चलाने का आइडिया दिया था। विनोद ने ही उसे 10 हजार लेकर 20 हजार के नकली नोट दिए थे। आकाश ने बताया कि विनोद काफी पहले से यह काम कर रहा है। हालांकि आकाश ने कई बार सवालों के जवाब नहीं दिए। पहले बोला कि उसने गूगल पर नकली नोट बनाने वालों का नंबर तलाश कर उनसे संपर्क किया था। लेकिन पुलिस ने मोबाइल में हिस्ट्री चेक की तो ऐसी सर्च नहीं मिली। फिर आकाश ने बोला कि दिल्ली के एक युवक ने उसे 10 हजार रुपये में 20 हजार रुपये के नोट दिए थे। जब ज्यादा सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने विनोद का नाम लिया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब विनोद की तलाश कर रही है। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया आरोपित के खिलाफ कूटरचित जाली करेंसी चलाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आकाश के पास से 500-500 रुपये के 33 नकली नोट बरामद किए हैं। बाकी साढ़े तीन हजार रुपये वह जनकपुरी में खर्च किए थे। आकाश को जेल भेज दिया गया है।

## बायोफ्यूल सर्कल ग्रामीण बुनियादी ढांचे को देगा बढ़ावा; 70,000 किसानों को जोड़कर भारत के बायोएनर्जी परिदृश्य को बदलेगा

जन एक्सप्रेस । आगरा

बायोफ्यूल सर्कल, जो बायोएनर्जी सप्लाई चेन के लिए एक प्रमुख डिजिटल प्लेटफार्म है, ग्रामीण भारत में स्थायी बायोमास संग्रहण बुनियादी ढांचा बनाने के लिए अपने विस्तार की योजना बना रहा है। कंपनी अपने ग्रामीण गोदामों की संख्या 15 से बढ़ाकर 35 करने की योजना बना रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख कृषि राज्यों को शामिल किया गया है। बायोफ्यूल सर्कल के सह-संस्थापक और सीईओ सुहास बक्शी ने कहा, हम आर्थिक वर्ष 2024-25 के अंत तक 70,000 से अधिक किसानों को जोड़ने और 250,000 मीट्रिक टन से अधिक बायोमास का संग्रह करने का लक्ष्य रखते हैं। हमारा प्लेटफार्म किसानों को आधुनिक बुनियादी ढांचे तक पहुंच प्रदान करता है, कृषि अपशिष्ट को एक मूल्यवान संसाधन में बदलता है और सर्कुलर इकॉनामी में योगदान देता है।

कंपनी का मोबाइल प्लेटफार्म जीपीएस और टेलीमैटिक्स आधारित ऐप्स का उपयोग करके ग्रामीण बायोमास व्यवसायों को बढ़ावा देगा। यह विस्तार बायोमास संग्रहण को सुगम बनाने और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 75 करोड़ रुपये का निवेश अपेक्षित है। बायोफ्यूल सर्कल ने सफलतापूर्वक एक इक्विटी राउंड पूरा किया, जिसमें ?45 करोड़ जुटाए गए, जिसका नेतृत्व स्पेक्ट्रम इंपैक्ट ने किया और शेष निवेश के लिए जियो फाइनेंस के साथ एक टर्म लोन समझौता किया है। कंपनी का मॉडल ग्रामीण उद्यमिता का समर्थन करता है, जिसमें 1,000 से अधिक ट्रैक्टर चलाने वाले ग्रामीण भागीदार शामिल हैं।

बायोमास संग्रहण का अनुमान आर्थिक वर्ष 2023-24 में 232,000 एमटी से बढ़कर आर्थिक वर्ष 2024-25 में 800,000 एमटी से अधिक होने का है। बायोफ्यूल सर्कल मार्च 2025 तक 10 राज्यों में संचालन करने की योजना बना रहा है। यह पहल भारत में धान के अवशेष जलाने की समस्या का समाधान करती है और बायोफ्यूल सर्कल के पराली से उज्जवल भविष्य कार्यक्रम का अनुसरण करती है, जो बाराबंकी, उत्तर प्रदेश में चल रहा है। इस कार्यक्रम ने अवशेषों को इकट्ठा और संसाधित करने के लिए 40 से अधिक उन्नत, डिजिटल रूप से एकीकृत मशीनें स्थापित की है।

## प्रभारी मंत्री ने बापू एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित जनपद स्तरीय विशेष सम्मान समारोह में प्रदेश के गन्ना विकास, चीनी मिलें एवं जिला प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के लिए जागरूक ग्राम प्रधानों, सचिवों, पंचायत सहायकों, सफाई मित्रों, टीबी मुक्त ग्राम प्रधानों व स्वछता के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले एनजीओ को सम्मानित कर स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी कहते थे कि स्वच्छता आजादी से ज्यादा जरूरी है। निरन्तर प्रयास करते हुए हम भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। आज स्वच्छता सबसे बड़ा जनभागीदारी और जन नेतृत्व वाला मिशन बन चुका है। हर जगह स्वच्छता का संदेश पहुंच रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक की बात पर करोड़ों लोग जूट और कपड़े का बैग लेकर निकलने लगे हैं। वास्तव में आजादी के पश्चात गॉधी जी के स्वच्छता, स्वदेशी, ग्राम स्वराज जैसे आन्दोलनों को भुला ही दिया गया। मोदी जी ने आगे बढ़कर हाथ में झाड़ू उठाई और सभी को स्वच्छता का संदेश देकर सफाई को एक जन आन्दोलन बनाया। मोदी जी ने जो भी आन्दोलन चलाए जनसहयोग से उन्हें सफल भी बनाया।

एमएलसी चौ0 ऋषिपाल सिंह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री जी ने झाड़ू उठाई तो सभी ने स्वच्छता पर ध्यान दिया और आज देश की बहुत बड़ी आबादी निरोगी हुई है। लाखों लोगों की जानें केवल स्वच्छता को अपनाने से ही सुरक्षित हुई हैं। आज लोग स्वच्छता के मामले में रोकने-टोकने की स्थिति में हैं। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि 17 सितंबर से संचालित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के समापन में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी की अगुवाई में शहर ही क्या ग्राम भी साफ हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान को आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। स्वच्छता एक दिन का काम नहीं बल्कि निरन्तर चलने वाला काम है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अपने घर के कूड़े को बाहर दरवाजे पर न फेंके। बल्कि सामाजिक स्वच्छता का भी ध्यान रखें। महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य स्वच्छता है। स्वच्छता को घर परिवार में माताओं से बेहतर कोई नहीं जान सकता है। उनकी दिनचर्या में स्वच्छता एक महत्वपूर्ण पहलू है। पीएम ने झाड़ू पकड़कर स्वच्छता का सन्देश दिया तो उनके इस अभियान के साथ देश के शहर एवं गांव-गॉव जुड़कर स्वच्छ हो गए। इस अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। दुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एमएलसी प्रो0 तारिक मंसूर, डीएम विशाख जी0, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल एवं अन्य जनप्रतिनिध व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हजारा क्षेत्र में गांधी जयंती पर बापू को दी श्रद्धांजलि, शास्त्री को किया नमन





### खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था मे तहसीलदार ने किया ध्वजारोहण बांटा प्रशंसा पत्र

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**हजारा।** 2 अक्टूबर गांधी एवं शास्त्री जयंती पर हजारा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया तिरंगा ध्वज फहराते हुए मिष्ठान का वितरण किया तो वही जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था में तहसीलदार ने पहुंचकर ध्वजारोहण किया है साथ ही संस्था ने सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है।

दो अक्टूबर गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था में बुधवार को पलिया की तहसीलदार आरती यादव ने पहुंचकर ध्वजारोहण किया और गांधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया और अपने संबोधन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला और महात्मा गांधी के द्वारा चरखा द्वारा सूत काटने और पर प्रकाश डालते हुए खादी वस्त्र के बारे में भी लोगों को बताया साथ ही जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था के द्वारा क्षेत्र के सैकड़ो बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्ध करने पर प्रशंसा किया है इस दौरान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक गुरु कृपाल सिंह कबीरगंज ग्राम प्रधान इकबाल सिंह पाले शास्त्री नगर प्रधान मनोज सिंह राजकुमार सिंह ने भी संबोधित करते हुए महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डाला और खादी को अपनाने पर जोर दिया है। उधर जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था भुर्जुनिया हजारा के प्रबंधक निखिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर संस्था की ओर से खादी वस्त्रों सूती एवं ऊनी कपड़ों पर दो अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक सभी वस्त्रों पर चालीस प्रतिशत छूट दी जा रही है। छूट का फायदा उठाने के लिए ग्रामीणों से अपिल भी किया है।इस मौके पर संस्था के संस्थापक रामप्रवेश सिंह सचिव अपर्णा सिंह प्रबंधक निखिल सिंह समाजसेवी राजन यादव पीएचसी भरतपुर हजारा की महिला एमबीबीएस डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव होम्योपैथिक डाक्टर सुरेश चंद्रा पूर्व अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह प्रधान मनोज सिंह, शमशेर आलम, इकबाल सिंह पाले, मुकेश कुमार, सत्यप्रकाश सिंह, राजकुमार सिंह, सूर्यभान मदेशिया, बलविंदर सिंह, परमेंदर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुखविंदर कौर, नरेंद्र जायसवाल, परशुराम सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

### संस्था ने सराहनीय कार्य के लिए बांटा प्रशंसा-पत्र

दो अक्टूबर गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर हजारा क्षेत्र के जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था भुर्जुनिया फार्म में बुधवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक रामप्रवेश सिंह सचिव अपर्णा सिंह एवं प्रबंधक निखिल सिंह के द्वारा सराहनीय कार्य के लिए बबलू मांझी,कैंसर पीड़ित मरीजों की सहायता के लिए बमनपुरी भगीरथ के अमरजीत सिंह, पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य एवं क्षेत्र की समस्याओं को उठाने एवं लेखन शैली के लिए पत्रकार गौरव भारती, रणजीत सिंह भिंडर, अजय शर्मा, बृजनाथ प्रसाद, गुरुसेठ पाल सिंह, अरविंद यादव, रिजवान अहमद, राधेश्याम यादव, गोविंद गोयल आदि को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

# गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने घास काट रहे किसान पर किया हमला, लहूलुहान



### शोर शराबे पर दौड़े ग्रामीणों ने बमुश्किल छुड़ाया, दहशत

### वन विभाग की टीम किया घटनास्थल का निरीक्षण, निगरानी के लिए लगाई टीम

"बाघ ने रात्रि में बेसहारा गोवंश पर हमला कर निवाला बनाया था। घटनास्थल पर गोवंश का अध्खाया शव पड़ा हुआ था। किसान पर बाघ ने हमला किया है। बाघ की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। विभागीय टीम बाघ की निगरानी कर रही है।
अनिल कुमार, रेंजर बफर जोन संपूर्णानगर।

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**हजारा।** घास काट रहे किसान पर गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने हमला कर लहूलूहान कर दिया। मौके पर जुटे ग्रामीणों के शोर शराबा करने पर बाघ किसान को छोड़कर गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पग मार्क ट्रेस किए। निगरानी के लिए टीम लगाई गई है।
बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के कबीरगंज वन चौकी क्षेत्र के गांव नहरोसा निवासी इसरार शाह बुधवार को सुबह लगभग सात बजे गांव के निकट कासिम अली के गन्ने के खेत में घास काटने गया था। गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने किसान पर हमला कर दिया।पीठ में पंजे लगने से किसान लहूलुहान हो गया। चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के खेतों पर मौजूद दर्जनों ग्रामीण मौके पर जुट गए। शोर शराबा करने पर बाघ किसान को छोड़कर गन्ने के खेतों में जाकर छिप गया। आनन फानन में घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी से क्षेत्र में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी।
बफर जोन संपूर्णानगर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अनिल कुमार, वन दारोगा पुष्कर सिंह, वन रक्षक हीरा लाल सहित अन्य वन कर्मी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पग मार्क ट्रेस किए। गन्ने के खेत में कांबिंग कर बाघ की तलाश की। वन विभाग की टीम को बाघ की कोई लोकेशन नहीं मिली। दिनदहाड़े गांव के निकट बाघ के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने की मांग की है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उच्च आदर्शों का जीवन में करें पालन





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद भर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती जनपद में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों जीवन दर्शन, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता एवं उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर प्रकाश डालते हुये कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा दिये गये सत्य अंहिसा का मार्ग व स्वच्छता के प्रति उनके विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं और उनके विचारों का अनुपालन कर जीवन में विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दो विभूतियों ने देश स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके जीवन से हमें आज भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि अपने अच्छे सिद्वान्तों व विचारों से ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने गांधी जी के वाक्यों को बताते हुये सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ निभाऐ। देश और समाज के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा चरखा से सूत कातने का कार्यक्रम आयोजित किया, जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने कलेक्टेड्ट परिसर में चरखा से सूत कातने का कार्य किया। इस कार्यक्रम के उपरान्त गांधी सभागार में गांधी जयन्ती के अवसर पर आयोजित की गई वाद विवाद, चित्रकाल क्रिज सहित अन्य प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया। जनपदीय नोडल शिक्षक इन्ताजार खान को उनके नेतृत्व में आयोजित की गईं प्रतियोगिता को कराने में किए गए सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण ट्राई साईकिल, गांधी सभागार में वितरित की गई तथा जनपद के सबसे स्वच्छ मोहल्लों/ वार्डो के सफाई नायक एवं सफाई कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने गांधी सभागार परिसर में पौधा रोपण किया। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज गांधी सभागार से वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने शान्ति एकता मार्च को वाटर वर्क्स से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।उक्त शान्ति एकता मार्च वाटर वर्क्स से प्रारम्भ होकर गांधी स्टेडियम में समापन किया। इसके साथ ही उन्होंने वाटर वर्क्स रोड़ पर अधिकारियों के साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के अन्तर्गत साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय पहुॅचकर मरीजों को फल वितरित किये गये। कार्यक्रम का सफल संचालन मंसूर अहमद शम्सी द्वारा किया गया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), नगर मजिस्ट्रेट, सहित कलेक्टेड्ट के अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारीगण, समाजसेवी व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# विक्की गुप्ता अध्यक्ष व केपी यादव बने महामंत्री

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मुंगराबादशाहपुर।** अपराध निरोधक कमेटी की वार्षिक बैठक संरक्षक आलोक कुमार गुप्ता के आवास पर कमेटी अध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपराध विहिन समाज की स्थापना के लिए मंथन किया। साथ ही कमेटी का फिर से गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मत से आलोक कुमार गुप्ता व इंजी. उमाशंकर गुप्ता संरक्षक, विक्की कुमार गुप्ता अध्यक्ष, केपी यादव महामंत्री, मो.खालिद अंसारी कोषाध्यक्ष, नेहा पटेल महिला उपाध्यक्ष, त्रिपुरारी शंकर पटेल व अनुज श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, राजकुमार पटेल मुख्य सलाहकार, राज मौर्य संगठन मंत्री, अमित शुक्ला सलाहकार, भैया राम पटेल व्यवस्थापक,नमन गुप्ता, दिलीप सिंह व सूरज विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी व सलमान रज़ा को उपमंत्री चुना गया। मुख्य अतिथि भरत मिलाप मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने कहां कि पुलिस व पब्लिक के बीच आपसी समन्वय व सहयोग स्थापित कर अपराध पर नियंत्रण संभव है। अध्यक्ष विक्की गुप्ता ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जन जागरूकता अभियान शुरू करने की जरूरत है।

# बेसहारा गोवंशीय पशुओं को रौंदने वाले चालक के विरुद्ध प्राथमिकी

### ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर किया पुलिस के सुपुर्द

### पशु चिकित्सक ने किया पोस्टमार्टम, जेसीबी से दफन कराए पशुओं के शव



जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

नशे की हालत में ट्रक को अनियंत्रित गति से दौड़ा रहे चालक ने हाईवे पर घूम रहे तीन बेसहारा गोवंश पशुओं को रौंदा दिया। ट्रक की टक्कर से तीन बेसहारा गोवंशीय पशुओं की मृत्यु हो गई। विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग कर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की है।
मंगलवार रात्रि लगभग आठ बजे भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव इटौआ केदारनाथ रायपुर निवासी भूरा खान उत्तराखंड से मोरंग भरकर पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे से बंडा की तरफ जा रहा था।तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने नेशनल हाईवे पर खड़े तीन बेसहारा गोवंशीय पशुओं को रौंद दिया। टक्कर के बाद ट्रक में फंसकर एक गोवंशीय पशु हाईवे पर घिसटता हुआ थाना घुंघचाई थाना गेट तक पहुंच गया। घटना को देख दर्जनों ग्रामीण मौके पर जुट गए। जानकारी पर हिंदू संगठन से शिवम भदौरिया, जितेन गुप्ता, नितिन मिश्रा, प्रियांशु त्रिवेदी, दिवाकर अवस्थी, सुमित दीक्षित, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। भीड को देख चालक ने भागने का प्रयास किया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर चालक को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस चालक को लेकर थाना पहुंची। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने गैर समुदाय के चालक पर धार्मिक भेदभाव के चलते गोवंशीय पशुओं की हत्या का आरोप लगाया। कार्रवाई की मांग कर जमकर हंगामा किया। पशु चिकित्सक ने मौके पर पहुंचकर मृतक पशुओं का पोस्टमार्टम किया। देर रात हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मृत पशुओं को जेसीबी से गड्ढा कर दफन कराया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की।

# बिंद्रा प्रसाद यादव मेमोरियल मिनी मैराथन में अजय पटेल ने दिखाई दमखम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मछलीशहर में बिंद्रा प्रसाद यादव मेमोरियल मिनी मैराथन का आयोजन महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुधवार को किया गया। इस आयोजन में 90 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमरेश चंद्र अग्रहरी ने खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए मैराथन का शुभारंभ किया। कछवा, वाराणसी के अजय पटेल ने सभी धावकों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं किशन बिंद ने दूसरा स्थान और वाराणसी के दिलीप पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में लखनऊ की लक्ष्मी राजपूत ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विजयी रही। इसके अलावा, 10 अन्य धावकों को भी सम्मानित किया गया। समापन समारोह बेलासिन में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षाविद डॉ. ब्रजेश कुमार यदुवंशी और शिक्षक नेता डॉ. शैलेंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को नमन कर किया गया। इस मौके पर मछलीशहर थाने की दीक्षा सिंह, ग्राम प्रधान सूर्यभान यादव, जिला पंचायत सदस्य भारत यादव, अंतरराष्ट्रीय मैराथन धावक सभाजीत यादव, शिक्षक डॉ. हेमंत, सिकंदर बहादुर मौर्य, सहित अन्य प्रमुख लोगों ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, प्रमाण पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# श्री राम विवाह शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली कई रूठो से होते हुए परमत मंदिर पर ही हुई संपन्न





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

श्री राम विवाह जुलूस शोभायात्रा स्थानीय परमठ मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी अंशू जौहरी एडवोकेट एवं साधना जौहरी ने झंडी दिखाकर किया। श्री राम विवाह जुलूस शोभायात्रा परमठ मंदिर से प्रारंभ हो ड्रमंडगंज चौराहा, चौक बाजार, इमली चौराहा, साहूकारा, जमनी चौराहा, स्टेशन रोड, चावला चौराहा, गैस चौराहा, सुनगढ़ी, स्टेशन चौराहा होते हुए अरुण साहू के बाग पहुंची। जहां कुलगुरु वशिष्ठ तथा शतानंद ने दोनों कुलों की वंशावली बताकर प्रभु राम का सीता, लक्ष्मण का उर्मिला, भरत का मांडवी, तथा शत्रुघ्न का श्रुतिकीर्ति के साथ वेद मंत्रोच्चार पूर्ण विवाह संस्कार संपन्न कराया। इसके पश्चात श्री राम बारात नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, जाटों का चौराहा, बरेली दरवाजा, बड़ा गुरुद्वारा, जेपी रोड होते हुए देर रात्रि परमठ मंदिर पर आकर संपन्न हुई।
आज श्री राम बारात में राम लक्ष्मण एक दिव्य सिंहासन पर, भरत शत्रुघ्न एक अलग सिंहासन पर, महाराज दशरथ तथा राजा जनक अलग अलग सिंहासन पर शोभायमान थे। श्री राम बारात में अलग - अलग दो बैंड शोभायमान थे। भक्ति गीतों पर रंगशाला की छटा अलग बिखर रही थी। श्री राम बारात का अनेकों स्थानों पर भक्तगणों ने पुष्प वर्षा कर भोग आरती की। इसके साथ ही अनेकों स्थानों पर भक्तगणों ने प्रभु राम लक्ष्मण तथा सीता के साथ ही सभी स्वरूपों को उतारकर भोग आरती करने के पश्चात प्रसाद का वितरण किया। आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, केशव सक्सेना, अंकुर गुप्ता, रमाकांत पांडेय, नरेश शुक्ला, अमरीश शर्मा, संजीव मिश्रा, संजीव शर्मा, रविंद्र मोहन भटनागर, अवनीश शर्मा, आयुष सक्सेना, संजय पांडेय, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, निशांत तिवारी, अंकुर मिश्रा, निरंजन शर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, संजीव मोहन अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, मनोज गुप्ता, प्रशांत शुक्ला, राजेश मिश्रा, पारस गुप्ता, डा. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, नीरज गोयल, त्रिलोकी नाथ शर्मा, महेंद्र गुप्ता, संजय सक्सेना, शैली अग्रवाल, अम्बरीष मिश्र, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, अविचल मिश्रा, अशोक पाठक, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## लिखित रूप से देने पर ही होगा जन्म प्रमाण पत्र संबंधी समस्याओं का हल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सुइथाकला। विद्यालयों में एक तरफ जहां छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शासन का दबाव ,वहीं नियमानुसार बिना आधार के बच्चों का दाखिला करने में विद्यालय प्रबंधन अपने को असहाय महसूस कर रहा है। आधार कार्ड बनवाने में लगने वाले जन्म प्रमाण पत्र को लेकर अभिभावकों को ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी से लेकर तहसील मुख्यालय तक का चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। इधर आधार कार्ड बनवाने में लगने वाले जन्म प्रमाण पत्र को लेकर शिक्षकों के एक संगठन ने अलग निर्णय लिया है। बेसिक शिक्षकों का संगठन पीएसपीएसए के मांडलिक मंत्री पंकज सिंह ने इस बाबत आने वाली समस्याओं के सन्दर्भ में शिक्षा क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापकों व अभिभावकों से लिखित रूप से ब्लाक संसाधन केंद्र पर प्रार्थना पत्र देने की अपील की।

## राज्य मंत्री ने गांधी शास्त्री का भावपूर्ण स्मरण कर किया शत-शत नमन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मीले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण कर उनको शत-शत नमन किया। इस मौके पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को गुलामी से आजाद कराया आज आवश्यकता इस बात की है कि हम उनके बताए मार्ग पर और आदर्शों पर चलकर देश व समाज का विकास करें राज्य मंत्री श्री गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे जिनको हमेशा याद किया जाएगा उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को एक नई दिशा प्रदान की और देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया उन्होंने दोनों महान नेताओं के आदर्श और उनके बताएं मार्गों पर चने की अपील की ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी हमेशा हम लोगों के प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। जन सहयोग कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, भाजपा नेत्री कामिनी गंगवार, पूर्व प्रधान जसपाल सिंह, हरिशंकर, जगतपाल, ग्राम धुंधला वेद प्रकाश, ग्राम धुंधला मुकेश कुमार, शिशुपाल गंगवार, मीडिया प्रभारी ऋषि श्रीवास्तव सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# गांधी जयंती पर अमरिया में राज्य मंत्री में चलाया स्वच्छता अभियान






### साथ ही राज्य मंत्री ने कई लोगों को बनाया पार्टी का सदस्य

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर अमरिया में स्वच्छता अभियान चलाया और झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रथम सूत्र स्वच्छता अभियान ही था जिस पर उन्होंने जोर देकर कहा था कि स्वच्छता अभियान से हमारे आसपास स्वच्छता का वातावरण रहता है वही हम लोग निरोगी रहते हैं गंदगी बीमारी का एक प्रमुख कारण है उन्होंने लोगों से अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की इस मौके पर उन्होंने भूमि सेन मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा दी इसके बाद भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू किया गया जहां लगभग 100 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम में ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार अमरिया ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह के अलावा ग्राम प्रधान प्रिंस केवल सिंह शेर सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर आशीष गुप्ता चंदू गुप्ता बीडीसी अनिल गुप्ता डॉक्टर भूपराम सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं पार्टी अधिकारी कार्यकर्ता मौजूद है इस मौके पर कई लोगों ने शिकायत की थी ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और आवास आवंटन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इस पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि भाजपा मंडल के कार्य पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष इस मामले को देखकर आगे बढ़ाएंगे उसे पर कार्यवाही हो सके।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमेशा स्वच्छता के लिए ध्यान दिया: गिरीश चंद्र यादव

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह कार्यक्रम में माननीय राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव जी एवं माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों, ग्राम प्रधानों तथा पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।
नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया तथा उनकी प्रेरणादायक उद्बोधन को सुना गया राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव जी ने कहा कि स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है, महात्मा गांधी ने स्वच्छता को हमेशा प्राथमिकता दी और ग्राम स्वरोजगार की कल्पना की जिसके क्रम में आज प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय का निर्माण कराया गया है और गांधी जी के संकल्पों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने नैतिक कर्तव्य को समझें कूड़े को निश्चित स्थान पर ही फेके, अपने आसपास में साफ-सफाई का माहौल बनाए, यही महात्मा गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर जी के विचार अनुकरणीय है उनके जीवन से हम सबको प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।
राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी जी के प्रेरणा से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए अपने आसपास साफ सफाई का वातावरण बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी लोग ईमानदारी से कार्य करते हुए अपने जनपद को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इसी कर्म निष्ठा से कार्य करने वालों को आज सम्मानित करते हुए हर्ष हो रहा है।
राज्यमंत्री राज्यसभा सांसद और जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र सिंह ने स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अच्छे कार्य करने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया।

# जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारो को याद कराया

जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी



**हमीरपुर।** भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने के साथ-साथ देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती आज जनपद मे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान प्रातः में सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव सहित वहां मौजूद अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एव लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा गोष्ठी में अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट में गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे का तथा रघुपति राघव राजा राम जैसे अनेक गीतों एवं अन्य राष्ट्रीय गीतों को भी सुना गया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर आधारित भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने उनके जीवन परिचय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा भारत के महान पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती का यह दिन हम सब को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों, सिद्धांतों पर व उनके सदविचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों/बताए गए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जिलाधिकारी ने महात्मा गाँधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का परिचय कराया गया। दोनों महापुरुष भारत को नई दिशा व नई गति देने वाले महापुरुषों में से एक थे जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का हमारे देश को आजादी दिलाने में अप्रतिम योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। देश की राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में अप्रतिम भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन सहस्त्री ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का बेहतर अवसर देता है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के आदर्शों सिद्धान्तों व उनके सद्विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का सुअवसर प्रदान करता है।

कहा कि गांधीजी के विभिन्न विचारों यथा सत्य, अहिंसा, स्वच्छता जैसे मूल्यों को अपनाकर देश की प्रगति में अपना योगदान दें।

गोष्ठी के पश्चात गांधी जी की दांडी यात्रा की स्मृति में पदयात्रा आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों के महात्मा गांधी जी के वेशभूषा संबंधित किरदार ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

# जमीन बनी जान की दुश्मन

## बेटे ने की पिता की हत्या, ईंट से कूचा सिर आंखें भी फोड़ी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज जिले में छोटे बेटे के इलाज के लिए खेत बेचने की बात कहने से नाराज बड़ा बेटा पिता को घर से ले गया और ईंट से कूंचकर उनकी हत्या कर दी। शव को मक्का के खेत में फेंककर बेटा और बहू फरार हो गए। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने खेत में खून से लथपथ शव पड़ा देखा, तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

पुलिस ने बड़े बेटे और बहू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है, आरोपियों की तलाश कर रही है। तिर्वा क्षेत्र के ग्राम बेहरिन निवासी रामशंकर कुशवाहा (65) कंपोजिट विद्यालय में रसोइया थे। परिजनों ने बताया कि रामशंकर के तीन बेटे और चार बेटियां हैं और सभी की शादी हो चुकी है। बड़ा बेटा धर्मवीर गांव में ही अलग मकान में रहता है।

रामशंकर छोटे बेटे राजवीर व गोविंद के परिवार के साथ रहते थे। छोटा बेटा राजवीर बीमार चल रहा है। 23 सितंबर को राजवीर की तबीयत खराब होने पर कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहीं उसका इलाज चल रहा।

### एक बीघा जमीन के लिए की हत्या

एक बीघा जमीन बेचने की बात पर बेटे ने अपने ही खेत के ट्यूबवेल के पास ईंट से कूचकर पिता की हत्या कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वृद्ध की आंखों से भी खून निकल रहा था। ऐसा लग रहा है कि वृद्ध के सिर पर ईंट से हमला किया गया और आंखें भी फोड़ दी गईं। तिर्वा के बेहरिन गांव निवासी रामचंद्र खेतीबाड़ी करते थे। परिजनों ने बताया कि रामचंद्र के पास 26 बीघा जमीन थी। सबसे छोटा बेटा गोविंद उर्फ पंकज मानसिक मंदित है।

# नवरात्रि, दशहरा व दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



शारदीय नवरात्रि, दशहरा व दीपावली पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा पर्व से संबंधित जुलूस, मूर्ति स्थापना व अन्य कार्यक्रम परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ आयोजित किए जाएं। पांडालो में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए जाएं। पांडाल में आग से रोकथाम के प्रबंध रखे जाए।

पांडालों के आसपास तथा अन्य स्थलों पर जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त किया जाए। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त बैरिकेड किया जाए तथा वहां पर गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीजे में किसी भी प्रकार से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अथवा फूहड़ संगीत ना बजे। रात्रि में किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो। जमीन में रखे ट्रांसफार्मर को अच्छे ढंग से बैरिकेड कर दिए जाएं। आबादी क्षेत्र में पटाखे की दुकान नहीं होनी चाहिए। किसी भी दशा में मूर्तियां नदियों में नहीं विसर्जित हो यह सुनिश्चित किया जाए। हर्ष फायरिंग किसी भी दशा में ना होने पाय, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी जहां पूर्व में किसी भी प्रकार की घटना घटित हुई है वहां पर विशेष ध्यान दें। आयोजकों द्वारा कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य ली जाए। कहा कि त्यौहारों में कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहले से ही पर्याप्त गड्ढा व पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। जुलूस के मार्ग, विसर्जन स्थल आदि का सभी एसडीएम, सीओ, एसएचओ द्वारा निरीक्षण कर लिया जाए। जुलूस, शोभायात्रा, मूर्ति विसर्जन का कार्य परंपरागत ढंग व पूर्व निर्धारित स्थलों में आयोजित किया जाए। त्यौहारों के मौके पर साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। जो मूर्तियां/पंडाल स्थापित हैं तथा विसर्जन स्थल चिन्हित हैं उन सभी की सूची संबंधित थाने में उपलब्ध होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत पेयजल, विद्युत व सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। धार्मिक आयोजनों, जुलूस, पंडाल, मूर्ति विसर्जन इत्यादि अवसर पर नशा/ शराब का सेवन पूर्णतया प्रतिबंधित है। ऐसे अवसरों पर शराब पीकर अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलायी जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन और जुलूस एवं मूर्ति स्थापना हेतु संबंधित थाने तथा एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम नमामि गंगे, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी, सभी एस एच ओ तथा पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# हरे भरे पेड़ पौधे कटाने की ख़बर प्रकाशित करने पर हमीरपुर के अधिकारी ने पत्रकार के साथ कराई मारपीट





जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हरे पेडों की कटान के बाद साक्ष्य मिटा रहे ठेकेदारों ने कवरेज कर रहे पत्रकार संग जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्रता की व मोबाईल छीनकर गाली गलौज करते हुये उसे धक्के मारकर परिसर से बाहर कर दिया। पीडित पत्रकार ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देते हुये विधिक कार्यवाही की मांग की तो ठेकेदार ने भी छेडखानी आदि के आरोप लगाकर पत्रकार को ही दोषी ठहराने मे कोई कसर नहीं छोडी है। मामला जिला पंचायत परिसर हमीरपुर का है। पत्रकार रवीन्द्र कुमार द्वारा कोतवाली को दी गयी तहरीर मे बताया गया कि जिला परिषद मे हरे पेडों की कटाई अवैध तरीके से की गयी थी जिसे उन्होने कवरेज कर प्राथमिकता से समाचार प्रकाशित कराया था। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी को पत्राचार कर प्रकरण से अवगत कराते हुये जांच उपरान्त दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग भी की थी। बताया गया कि जांच से पहले ही साक्ष्य मिटाने के उददेश्य से जिला परिषद के अधिकारी द्वारा कटे पेडों के निशान मिटवाये जा रहे थे। जिसकी सूचना पर वह पुनः मौके पर पहुंचकर साक्ष्य मिटाने की कवरेज करने लगे तभी अपर मुख्य अधिकारी ने ठेकेदार मनोज द्विवेदी सहित एक अन्य को मौके पर भेजकर कवरेज मे बाधा उत्पन्न की गयी। इतना ही नहीं उनका मोबाईल छीनकर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये गाली गलौज की गयी व अभ्रदता करते हुये धक्के मारकर जिला परिषद के परिसर से बाहर निकाल दिया। वहीं उक्त मामले मे सदर कोतवाली प्रभारी द्वारा बताया गया कि पत्रकार की तहरीर के अतिरिक्त मनोज द्विवेदी की भी तहरीर प्राप्त हुयी है जिसमे पत्रकार पर महिलाओ से छेडखानी आदि के आरोप लगाये गये है। जांच प्रगति पर है, जांच उपरान्त उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

गौरतलब है कि वर्तमान मे धूर्तता अपनाकर भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण मे फर्जी मुकदमे दर्ज कर पीडित का ही मानसिक और आर्थिक शोषण करने का दौर चरम पर है, चरमराई कानून व्यवस्था का ताजा उदाहरण मौदहा कोतवाली क्षेत्र का है जहां रोजगार संग की गयी गुण्डागर्दी का वीडियो वायरल होने के बाद पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ तो दो दिन बाद गुण्डागर्दी करने वाले की तहरीर पर भी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीडित पर राजीनामे का दबाव बनाने का प्रयास किया है। ऐसे तमाम उदाहरण है जहां फर्जी मुकदमे कभी अतिरिक्त आय के चक्कर मे पडकर दर्ज किये जा रहे है तो कभी भ्रष्ट अधिकारियो की करतूतो पर पर्दा डालते हुये उन्हे खुश करने के लिये दर्ज हो रहे है। जिसका शिकार सिर्फ आम नागरिक ही नहीं बल्कि मीडिया भी बन रही है। भले ही शासन प्रशासन मे बैठे आलाओहदेदार पत्रकारों को सुरक्षा देने का दम भर रहे हो किन्तु चरमराई कानून व्यवस्था के बीच धरातल मे इनके दावे हवा हवाई साबित हो रहे है। क्षेत्र मे अपराध चरम पर है। लोग फर्जी मुकदमो के प्रेसर मे अपनी जान तक दे रहे है , यह उदाहरण भी जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र का ही है। यदि समय रहते हालात नहीं बदले तो वो दिन दूर नहीं जब कवरेज के लिये मीडिया कर्मी एक हाथ मे कलम अथवा माईक आईडी के साथ दूसरे हाथ मे आत्म रक्षा के लिये जूता लेकर बात करने को मजबूर होगा।

प्रगतिशील प्रेस क्लब शासन प्रशासन के आलाओहदेदारों से मांग करता है कि धूर्तता अपनाकर भ्रष्ट अधिकारियों के सरक्षण मे दर्ज होने वाले फर्जी मुकदमो पर लगाम लगाते हुये सम्बन्धित दोषियों पर कडी कार्यवाही करें ताकि मीडिया सहित आमजनमानस का भी विश्वास कानून व्यवस्था पर बना रहे।

# 25 हजार के इनामी डकैत को पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**तिर्वा।** डकैती में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी डकैत को ठठिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डकैत तिर्वा क्षेत्र के गांव बलनपुर का रहने वाला है, जो इस समय जनपद हरदोई के देहात कोतवाली क्षेत्र के ओमपुरी में रह रहा था। वह चुपचाप अपने गांव आया था, तभी पुलिस ने दबोच लिया। मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ठठिया क्षेत्र के ग्राम फतुआपुर और बस्ता के दो घरों में तीन सितंबर की रात बदमाशों ने डकैती डाली थी और फरार हो गए थे। पुलिस ने नौ दिन बाद 12 सितंबर को दो बदमाशों को गिरफ्तार कर डकैती का खुलासा कर दिया था। इसके बाद 15 सितंबर को पुलिस ने डकैती में शामिल तीन बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। डकैती में शामिल हरदोई के देहात कोतवाली क्षेत्र के ओमपुरी नानागंज झाला निवासी विनीश फरार चल रहा था, उस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। ठठिया थाना प्रभारी अरुण चौधरी की टीम ने विनीश को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास से पुलिस 21,540 रुपये बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि विनीश शातिर बदमाश है और वह घरों की रेकी करके अपने साथियों को जानकारी देता है। इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य रात में वारदात को अंजाम देते हैं।

# फरियादियों से वसूली में चौकी प्रभारी व दो सिपाही निलंबित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




कन्नौज जिले में मुकदमों और शिकायतों के निस्तारण में फरियादियों व आरोपियों से वसूली करने वाले तिर्वा कस्बा चौकी प्रभारी व दो सिपाहियों को एसपी ने निलंबित कर दिया है। तीनों पर पुलिस की गोपनीय सूचनाएं भंग करने का भी आरोप है। एसपी ने इस मामले की जांच सीओ सिटी कमलेश कुमार को सौंपी है। दो दिन पहले गोपनीयता भंग करने के आरोप में जिला जेल चौकी प्रभारी और दो कोर्ट मोहर्रिर भी निलंबित किए जा चुके हैं।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने देर शाम तिर्वा कस्बा चौकी प्रभारी मनुज चौधरी तथा कांस्टेबल अमर सिंह व दुष्यंत शर्मा को निलंबित कर दिया। बताया गया कि कस्बा चौकी प्रभारी और सिपाहियों पर कई भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। मुकदमों और शिकायतों के निस्तारण के दौरान फरियादियों तथा आरोपियों से रुपयों की वसूली की शिकायतें लगातार एसपी को प्राप्त हो रहीं थीं।

एसपी ने इसकी गोपनीय जांच कराई तो आरोप सही पाए गए, इसी आधार पर एसपी ने तीनों को निलंबित कर दिया। सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि मारपीट के एक मामले में धन उगाही की शिकायतें मिली थीं। जांच के बाद एसपी ने चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विदित हो कि लापरवाही और पुलिस की गोपनीयता भंग करने के मामले में दो दिन पहले जिला जेल चौकी प्रभारी किशनवीर सिंह व कोर्ट मोहर्रिर अवधेश कुमार व अनिल कुमार को भी निलंबित कर दिया गया था।

तिर्वा कस्बा चौकी प्रभारी व दोनों सिपाही मारपीट के एक मामले में आरोपियों से वसूली कर रहे थे। जांच में आरोप सही पाए गए। उसी आधार पर तीनों को निलंबित कर दिया गया है।

# किसान को सांप ने डसा, झाड़फूंक में चली गई जान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**तालग्राम।** तकनीकी युग में भी लोग अंधविश्वास नहीं छोड़ रहे हैं। सांप डंसने के बाद किसान के परिजन कई घंटे झाड़-फूंक कराने में लगे रहे। समय से अस्पताल न पहुंचने पर किसान की मौत हो गई। घटना से परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुत्र की मौत से बुजुर्ग पिता की भी हालत बिगड़ गई। तालग्राम क्षेत्र के हाजिरपुर गांव निवासी सरमन (42) खेती करते थे। परिजनों ने बताया कि सरमन छह भाइयों में सबसे बड़े थे। बुआई के लिए कोल्ड स्टोरेज से आलू लेकर घर पर सुखा रहे थे। सोमवार रात साढ़े नौ बजे के करीब सरमन आलू को इकट्ठा कर रहे थे, तभी हाथ में सांप ने डस लिया। परिजन अस्पताल ले जाने की जगह झाड़-फूंक कराने के लिए गांव ऊमरपुर ले गए, जहां पर झाड़फूंक के साथ उन्हें देसी दवा खिलाई गई। घर वापस आने पर आराम मिलने की बजाय हालत और बिगड़ गई। परिजन निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने ऑक्सीजन लगाई, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। भाई सुनील ने बताया कि सरमन के परिवार में पत्नी मंजू देवी, पुत्र अल्केश उर्फ आशू (16), नितिन (13) और बेटी अंजली (11) है।

# निराला नगर फेज-दो योजना के लिए यूएसडीए किसानों से खरीदेगा जमीन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण की निराला नगर फेज-दो योजना में प्लॉट मिलने का 12 साल से इंतजार कर रहे लोगों की उम्मीद पूरी होती नजर आ रही है। प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने योजना की फाइल निकलवाई है।

तय हुआ है कि भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे नौ किसानों से प्राधिकरण इस योजना में फंसी 1.94 हेक्टेअर जमीन खरीदेगा। अधिकारियों का दावा है कि अगले पांच-छह महीने में यह प्रक्रिया पूरी ली जाएगी। शहर में पूर्व विकसित आवासीय योजना प्रियदर्शिनी नगर के पास यूएसडीए ने वर्ष 2012 में 18.50 हेक्टेयर क्षेत्रफल की निराला नगर फेज-दो आवासीय योजना तैयार की थी। पार्क, पानी की टंकी और सड़कों का निर्माण कराने के साथ ही अलग-अलग आकार के प्लॉट बनाकर उनकी बुकिंग की थी। शहरी सुविधाओं से युक्त इस आवासीय जोन में प्लॉट लेने के लिए 2244 लोगों ने आवेदन किया था। नियमानुसार प्लॉट की कुल कीमत की 10 फीसदी धनराशि यूएसडीए के खाते में जमा करके पंजीकरण कराया था। इसके कुछ दिनों बाद नौ काश्तकारों के जमीन देने से इन्कार करते हुए न्यायालय में वाद दायर कर दिया। एक साल पहले न्यायालय ने यूएसडीए को किसानों से उनकी जमीन आपसी सहमति के आधार पर लेने का आदेश दिया था। इसके बाद प्राधिकरण ने योजना का क्षेत्रफल को घटाकर 15.50 हेक्टेयर किया। वर्तमान में उसके पास 10.86 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध है। जमीन की कमी को पूरा करने के लिए नौ किसानों से 1.94 हेक्टेयर जमीन खरीदने पर सहमति बनी है। वहीं 1.15 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज से भी ली जाएगी।

एसडीएम/यूएसडीए सचिव शुभम कुमार यादव ने बताया कि चार्ज लेने के बाद इस आवासीय योजना को पूरा करने को लेकर लगातार बैठक और प्रगति समीक्षा कर रहे हैं।

# चलती बस में सीट पर सो रही युवती से सहायक चालक ने की शर्मनाक हरकत



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चलती स्लीपर बस में सहायक चालक ने सीट पर सो रही युवती को दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने 112 पर फोन कर दिया, जिस पर पुलिस ने बस का पीछा करते हुए उसे सौरिख में पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता लखनऊ की रहने वाली है, वह स्लीपर बस से दिल्ली से लखनऊ जा रही थी। घटना आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रात तीन बजे की है। पीड़िता के मुताबिक वह निजी ट्रैवल्स कंपनी की स्लीपर बस से अकेले लखनऊ जा रही थी।

बस में दो ड्राइवर थे। रात तीन बजे के करीब वह अपनी सीट पर गहरी नींद में सो रही थी। बस का सहायक चालक उसके पास सीट पर लेट गया और अश्लील हरकतें करने लगा। उसने शोर मचाया तो बस में सवार अन्य यात्री जाग गए, लेकिन दूसरे चालक ने बस नहीं रोकी।

उसने 112 पर पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिस पर पुलिस की गाड़ी ने बस का पीछा किया और सौरिख कट पर बस को रोककर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल इटावा जनपद के अंतर्गत आता है, लेकिन बस सौरिख क्षेत्र में पकड़ी गई।

रात में ही थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंच गए और आरोपी जनपद गोंडा के थाना कोतवाली देहात के गांव भदौलिया निवासी रिजवान को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने बस के मालिक से बात करके अन्य सवारियों को लेकर बस रवाना कर दी।

पीड़िता की सूचना पर उसके परिजन भी सुबह थाने पहुंच गए और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी सहायक चालक को जेल भेजा जा रहा है। एक्सप्रेसवे पर रात में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

### एक्सप्रेस-वे पर 20 किमी पीछा कर पुलिस ने पकड़ी थी बस

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस में युवती के साथ हुई छेड़छाड़ की सूचना जब पुलिस की पीआरवी 112 को मिली तो पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बस का पीछा किया। कई किलोमीटर तक पीछा करने के बाद जब बस पकड़ में नहीं आई तो उन्होंने आगे सौरिख कट पर खड़ी पीआरवी को सूचना देते हुए बस का नंबर नोट करा दिया।

### नोएडा से पटना जा रही थी स्लीपर बस

पुलिस के मुताबिक स्लीपर बस वैशाली ट्रैवल्स पटना की है, जो नोएडा से सवारियां लेकर लखनऊ के रास्ते पटना जा रही थी। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। जिस समय पुलिस पीड़िता के पास पहुंची तो वह फूट-फूटकर रोने लगी, उसने दरिंदे की कहानी बताई और अपने परिवारीजनों को भी दास्तां बताई। भोर की किरण फूटते ही उसके परिजन भी थाने पहुंच गए थे।

### एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बसों की नहीं होती है चेकिंग

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रात में करीब एक सैंकड़ा स्लीपर बसें दिल्ली व अन्य शहरों के लिए फर्राटा भरतीं हैं। इन बसों की रात में चेकिंग नहीं होती है। एआरटीओ इज्या तिवारी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर कोई चेकिंग प्वाइंट नहीं है और रेसिंग लेन पर चेकिंग नहीं की जा सकती है। ज्यादातर बसों में पैनिक बटन भी नहीं लगा है। इन सभी बसों की दोबारा फिटनेस की जांच होनी चाहिए और लंबी दूरी की स्लीपर बसों में कैमरे भी लगाए जाने चाहिए।

# पड़ोसी ने बेटों संग मिलकर किसान को मार डाला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




सफीपुर। घर के सामने की तीन इंच की जमीन में खूंटा गाड़ने के विवाद में पड़ोसी ने दो बेटों के साथ मिलकर किसान की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी। बेटे की तहरीर पर पिता व उसके दो बेटों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई है। सीओ ने जांच की, जिसमें जमीन ग्राम समाज की होने की पुष्टि हुई है। आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुत्र फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

सफीपुर कोतवाली के कटियामऊ गांव निवासी रामकुमार सविता (38) और उनके घर से कुछ दूरी पर रहने वाले रामस्वरूप रावत का घर है। दोनों के घरों के बीच में ग्राम समाज की जमीन है। उसी जमीन पर मवेशियों को बांधने को लेकर पांच साल से विवाद चल रहा है। छह महीने पहले ग्राम प्रधान ने दोनों पक्षों में सुलह कराकर दोनों पक्षों की मवेशी बांधने की परिधि में तय कर दी थी। इसके बाद भी आए दिन हो रहे विवाद से रंजिश बढ़ती गई।

मंगलवार सुबह रामकुमार अपने मवेशी बांधने के लिए खूटा गाड़ने लगा तो पड़ोसी रामस्वरूप ने विरोध किया। विवाद बढ़ा और दोनों में मारपीट होने लगी। मारपीट में रामस्वरूप, उसके बेटे शिवपाल और शिवम ने मिलकर रामकुमार को पीट दिया। पति को बचाने दौड़ी अनीता व बड़ा बेटा साहिल भी घायल हो गए। तीनों घायलों को परिजनों व ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, रामकुमार की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

सीओ माया राय ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। मृतक के बेटे साहिल की तहरीर पर आरोपी पिता और उसके दो बेटों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रामस्वरूप और उसके बेटे शिवपाल को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी फरार है।

## पिटाई के बाद वृद्ध की मौत के मामले में चौकी इंचार्ज निलंबित

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सफीपुर। पिटाई के बाद वृद्ध की मौत के मामले में लापरवाही बरतने वाले चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है। एसपी ने विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव अजमतनगर निवासी श्रीराम (55) 21 सितंबर को अपनी ससुराल रसूलाबाद गए थे। वहां से लौटते समय रसूलाबाद चौराहे पर गांव के ही अमित, देवआनंद और एक अज्ञात युवक ने श्रीराम के साथ मारपीट की थी। 22 सितंबर को भोर पहर गश्त कर रही पुलिस ने श्रीराम को मरणासन्न अवस्था में पड़ा देख उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया था। घटना की सूचना पर पीड़ित श्रीराम के बेटे ने पुलिस को बताया था कि गांव का अमित मेरी बहन सविता को परेशान करता था। परेशान होकर उसने छह नवंबर 2020 को आत्महत्या कर ली थी। इसकी रिपोर्ट दर्ज थी। लंबित मुकदमें में सुलह न करने पर आरोपी अमित पिता श्रीराम पर सुलह का दबाव बनाता रहता था। पिता की ओर से सुलह न करने पर पिता की पीटकर हत्या कर दी थी। 22 सितंबर को मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद रसूलाबाद-परियर चौकी इंचार्ज द्वारा छुट्टा घूम रहे आरोपियों को नही पकड़ा गया तो 23 सितंबर को घायल के पुत्र अवधेश ने एसपी को तहरीर देकर चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था।

# पश्चिम बंगाल में रेलवे की तरफ से 60,000 करोड़ रुपये के निवेश का अवसर : रेल मंत्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि पश्चिम बंगाल में रेलवे की तरफ से 60,000 करोड़ रुपये के निवेश का अवसर है। इस दौरान उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि रेलवे को भूमि सौंपने से जुड़े मुद्दों के कारण राज्य में मौजूदा में 61 परियोजनाएं रुकी हुई हैं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए टीएमसी सरकार को राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है।

### 'राज्य सरकार के सहयोग से पूरी होंगी योजनाएं'

सियालदह स्टेशन पर कई रेलवे परियोजनाओं और ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन करने के बाद रेल मंत्री ने कहा, कि इस तरह के निवेश तभी संभव होंगे जब राज्य सरकार सहयोग करेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 26 किलोमीटर की मेट्रो रेलवे परियोजनाएं हैं जहां भूमि संबंधी मुद्दों के कारण काम आगे नहीं बढ़ सकता है।

### 'रेलवे परियोजनाओं को लेकर नहीं होनी चाहिए राजनीति'

ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड में स्वच्छ भारत कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, जहां उन्होंने पीएसयू का निरीक्षण भी किया, अश्विनी वैष्णव ने लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि विकास समय की मांग है, रेलवे परियोजनाओं को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर राज्य सरकार हमारा समर्थन करती है, तो लोगों की भलाई के लिए इन 61 लंबित परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। वहीं आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म-हत्या से जुड़े मामले के जवाब में उन्होंने कहा, कि पूजा का मौसम शुरू हो गया है, और हम अपनी बेटी, अपनी बहन के लिए न्याय की प्रार्थना कर रहे हैं।

### कवच को लेकर रेल मंत्री ने दी जानकारी

रेलवे दुर्घटनाओं के बारे में चिंताओं को लेकर उन्होंने कवच 4.2 के पूरा होने समेत सुरक्षा उपायों में महत्वपूर्ण प्रगति का उल्लेख किया। रेल मंत्री ने कहा- रेलवे सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कवच का विकास अब पूरा हो गया है। कवच 4.2 को हाल ही में कोटा और सवाई माधोपुर में लागू किया गया है, जिसमें लगभग 2,000 किमी रेलवे ट्रैक और 900 लोकोमोटिव शामिल हैं, जो बड़े पैमाने पर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हैं।

### यूपीए-एनडीए सरकारों की रेल मंत्री ने की तुलना

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय प्रणालीगत और संरचनात्मक मुद्दों को संबोधित करने के लिए हर दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करता है। दस साल पहले, सालाना 171 दुर्घटनाएं होती थीं, लेकिन पिछले साल यह संख्या घटकर 40 हो गई है - 60 प्रतिशत से अधिक की कमी। यूपीए सरकार के तहत औसतन 450-500 सालाना पटरी से उतरने की घटनाएं अब घटकर लगभग 80 हो गई हैं। इस महत्वपूर्ण कमी का श्रेय प्रौद्योगिकी में प्रगति, बेहतर रखरखाव प्रथाओं और रेलवे कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण को दिया जाता है।

# भारत 2028 तक एक ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनेगा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार की डिजिटल पहल के साथ, भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव आया है। आस्क कैपिटल की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि गहरी इंटरनेट पहुंच, कुशल और सस्ती 4 जी और 5 जी सेवाओं और डिजिटल क्षेत्र में सरकार की पहल से भारत 2028 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। भारत वास्तविक समय के भुगतान का एक वैश्विक उदाहरण बन गया है, जो यूपीआई जैसे घरेलू तकनीकी नवाचारों से लाभान्वित हो रहा है। भारत का डिजिटल परिवर्तन आर्थिक विकास के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण के साथ-साथ स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग ने कैशलेस लेनदेन और ऑनलाइन खरीदारी को बढ़ावा दिया है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद के अनुसार, डिजिटल कौशल पर भारत का स्कोर डिजिटलीकरण के समग्र स्तर पर जापान, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी जैसे विकसित देशों से आगे निकल गया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी सरकारी पहलों ने देश में सार्वभौमिक पहुंच और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में मदद की है। मोबाइल और ब्रॉडबैंड की बढ़ती पहुंच वित्तीय समावेशन को और गहरा करेगी और नई डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देगी। भारत में डिजिटल मनोरंजन, ऑनलाइन शिक्षा, टेली-मेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य, डिजास्टर रिस्पॉन्स और जीवन रक्षक सेवाएं बेहतर मोबाइल व इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठा रही हैं। किफायती डेटा, स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या और ई-कॉमर्स में वृद्धि भारत के डिजिटल परिवर्तन को गति दे रही है। मार्च 2024 तक, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में लगभग 120 करोड़ दूरसंचार ग्राहक हैं। मार्च 2023 में इंटरनेट ग्राहकों की कुल संख्या 88.1 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 के अंत तक 95.4 करोड़ हो गई, जिनमें से लगभग आधे ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। पिछले एक साल में 7.3 करोड़ से अधिक इंटरनेट ग्राहक और 7.7 करोड़ से अधिक ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े गए हैं।



## पीड़ितों की मदद को उड़ रहा हेलीकॉप्टर बाढ़ के पानी में गिरा, मुजफ्फरपुर में हादसा, लोगों ने बचाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुजफ्फरपुर

बिहार के बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से राहत सामग्री गिरने की जिम्मेदारी सेना के हेलीकॉप्टरों ने उठाई है। सबसे पहले सीतामढ़ी से इसकी शुरुआत हुई थी। उसके बाद राज्य के अन्य जिलों में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल शुरू हुआ। बुधवार को ऐसा ही एक हेलीकॉप्टर मुजफ्फरपुर में खुद ही बाढ़ के पानी में गिर गया। राहत सामग्री गिराते समय अनियंत्रित होकर यह हेलीकॉप्टर पानी में गिरा तो स्थानीय लोगों ने जल्दी से कूद कर बचाव दल के लोगों को बचाया। घटना कुछ देर पहले की बताई गई है, जहां राहत सामग्री लेकर जा रहा वायु सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। घटना मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखंड अंतर्गत घनश्यामपुर इलाके का है, जहां पर बाढ ग्रस्त इलाके में यह बड़ा हादसा हुआ है। घटना के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि गनीमत रही कि इस हादसे में पायलट और सेना के जवान सुरक्षित हैं। घटना होते ही घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के पहल पर उन सभी जवानों को बाढ़ के पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

# देवी पूजन से कोई मनोकामना पूर्ण होना नहीं बचता शेष, जन एक्सप्रेस के साथ मनाइये नवरात्रि पर्व विशेष

### नवरात्रि विशेष

जन एक्सप्रेस। विशेष

प्रिय पाठकगण आज से शारदीय नवरात्रि व्रत का प्रारंभ हो रहा है। जन-एक्सप्रेस की पूरी टीम की ओर से आपको एवं आपके परिवारजनों को शारदीय नवरात्रि की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएँ। आज से देश-विदेश में नव दिनों तक भक्तजन अलग-अलग प्रकार से देवी के अलग-अलग रुपों का पूजन-भजन,आरती, स्तुति करेंगे जिससे देवी उनपर प्रसन्न हो। भक्तजन शुभ मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु देवी का पूजन पूरे मनोभाव से करेंगे। आप अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र जन एक्सप्रेस में आज से पूरे नवरात्रि क्रमशः देवी के अलग-अलग रूपों के पूजनादि के बारे में पढ़ सकेंगे।



### शैलपुत्री होने की कथा

एक बार जब दक्ष प्रजापति ने यज्ञ किया तो उन्होंने समस्त देवताओं को उस यज्ञ में निमंत्रित किया परन्तु देवाधिदेव भगवान शिव को नहीं। इसे जब भगवान शिव की भार्या सती ने देखा तो उन्हें बेहद कष्ट हुआ। भगवान शिव की अर्धांगिनी सती यज्ञ में जाने के लिए विकल हो उठीं। शंकरजी ने कहा कि सारे देवताओं को निमंत्रित किया गया है परन्तु उन्हें नहीं। ऐसे में दक्ष प्रजापति के यहाँ जाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। परन्तु देवी सती बार- बार निवेदन करती रही। उनके प्रबल आग्रह को देखकर शंकरजी ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दीये। सती जब अपने पिता के घर पहुंचीं तो सिर्फ उनकी माँ ने ही उन्हें स्नेह दिया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव थे। भगवान शंकर के प्रति भी तिरस्कार का भाव था। दक्ष ने भी उनके प्रति अपमानजनक वचन कहे। इससे सती को और अधिक क्लेश पहुंचा। वह बार-बार अपने पति का अपमान सुनकर दु:खी हो उठी। अपने पिता प्रजापति दक्ष को समझाने की भी कोशिश की परन्तु अभिमान के मद में चूर दक्ष ने उनकी एक न सुनी। पति का यह अपमान देवी सती नहीं सह सकीं और यज्ञ में बने हवन कुण्ड में प्रवेश कर अपने को जलाकर भस्म कर ली। इसका पता जब भोलेनाथ को चला तो इस दारुण दु:ख से व्यथित होकर उन्होंने उस यज्ञ का विध्वंस करा दिया। सकल जगत में भय व्याप्त हो गया। इस अनर्थ का कोप पूरा संसार बनने लगा। इसके बाद प्रजापति एवं समस्त देवों बारम्बार के क्षमा याचना से भगवान शिव शान्त हुए। यही देवी सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मीं और शैलपुत्री कहलाईं।



राजीव नन्दन मिश्र

### देवी का प्रथम स्वरूप

## शैलपुत्री

माँ शैलपुत्री का ध्यान मंत्र-
वन्दे वांछितलाभाय,
चंद्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां, शैलपुत्रीं
यशस्विनीम् ॥

शैल अर्थात पर्वत, पर्वत राज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण देवी का नाम शैलपुत्री पड़ा। ये वृषभ पर सवार हैं। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल तो वहीं बाएँ हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है। त्रिशूल जहाँ पापियों का विनाश करता है, वहीं भक्तों को अभयदान भी देता है। बाएँ हाथ में सुशोभित कमल का पुष्प ज्ञान और शांति का प्रतीक है। जहाँ एक तरफ देवी त्रिशूल से शत्रुओं का नाश करती है वहीं भक्तों की रक्षा करने को सदा आतुर रहती हैं। इस रूप के दर्शन से चित को शान्ति मिलती है।

### शैलपुत्री स्तोत्र

प्रथम दुर्गा त्वंहि भवसागर: तारणीम् ।
धन ऐश्वर्य दायिनी शैलपुत्री प्रणमाम्यहम् ॥
त्रिलोजननी त्वंहि परमानन्द प्रदीयमान्।
सौभाग्यरोग्य दायिनी शैलपुत्री प्रणमाम्यहम् ॥
चराचरेश्वरी त्वंहि महामोह विनाशिनीम् ।
मुक्ति भुक्ति दायिनीं शैलपुत्री प्रणमाम्यहम् ॥

### शैलपुत्री देवी कवच

ऊँकार: में शिर: पातु मूलाधार निवासिनी।
हींकार: पातु ललाटे बीजरूपा महेश्वरी॥
श्रींकार पातु वदने लावण्या महेश्वरी।
हुंकार पातु हृदयम् तारिणी शक्ति स्वघृत।
फट्कार पातु सर्वाङ्गे सर्व सिद्धि फलप्रदा॥

### देवी शैलपुत्री को प्रिय-

वैसे तो सामान्य रूप से देवी को यथासम्भव रोली,अक्षत,जल, पुष्प, माला,चुनरी इत्र, विल्वपत्र, शमीपत्रादि अर्पित कर पूजन किया जा सकता है परंतु विशेष रूप से श्वेत रंग देवी शैलपुत्री को अत्यंत प्रिय होने के कारण पूजन में श्वेत पुष्प, दुग्ध में बने श्वेत भोग , श्वेत वस्त्रादि अर्पित करना चाहिए जिससे देवी की शीघ्र अतिशीघ्र कृपा प्राप्त हो।

### माँ शैलपुत्री की शक्ति

देवी शैलपुत्री मूलाधार मस्तिष्क से होते हुए सीधे ब्रह्मांड का प्रथम संपर्क सूत्र है। यदि शरीर में शैलपुत्री को जागृत कर लिया जाए, तो संपूर्ण सृष्टि को नियंत्रित करने वाली शक्ति शनै: शनै: शरीर में प्रकट हो जाती है।

## मध्याह्न भोजन खाने से बीमार 45 बच्चे अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे शहर के नजदीक एक निजी स्कूल में मध्याह्न भोजन के बाद 45 बच्चे बीमार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों ने मंगलवार को सिरदर्द, पेटदर्द और चक्कर आने की शिकायत की। शुरुआत में 8 से 11 आयु वर्ग के 38 बच्चों को कलवा के एक नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में सात और बच्चों को भर्ती किया गया, जिससे कुल संख्या 45 हो गई।

### स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

इस मामले में बच्चों के माता-पिता की शिकायत पर कलवा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (दूसरों के जीवन की सुरक्षा को खतरे में डालने) और एफडीए विनियमों के तहत की गई है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### 37 बच्चों को मिली अस्पताल से छुट्टी

अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध मालगांवकर ने बताया कि बच्चों की देखभाल की जा रही है। ठाणे नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि 37 बच्चे स्वस्थ हैं और 24 घंटे की भर्ती प्रक्रिया के बाद शाम पांच बजे उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। बाकी आठ बच्चों में बुखार और उल्टी के लक्षण हैं और उन्हें 12 घंटे और निगरानी में रखा जाएगा।

### अधिकारियों ने एकत्र किए भोजन के नमूने

ठाणे के अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त संदीप मालवी ने मंगलवार को पुष्टि की कि बच्चों ने स्कूल में मध्याह्न भोजन के दौरान चावल और मूठ बीन्स (मतकी) की सब्जी खाई थी। एफडीए के अधिकारियों ने छात्रों को दिए गए भोजन के नमूने एकत्र किए हैं। स्कूल प्रबंधन की ओर से एंबुलेंस बुलाने के बाद बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान बच्चों के माता-पिता भी अस्पताल में मौजूद थे।

## रक्षा क्षेत्र के 3.5 लाख कर्मियों वाले संगठन ने ली ओपीएस लागू कराने की प्रतिज्ञा, कहा, यूपीएस अस्वीकार्य

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गांधी जयंती पर 3.5 लाख कर्मियों वाले अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ एआईडीईएफ ने गैर-अंशदायी पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए प्रतिज्ञा ली है। रक्षा क्षेत्रों के कर्मचारियों का कहना है कि देश में एनपीएस को लागू हुए 20 वर्ष हो चुके हैं। पहली जनवरी 2004 या उसके बाद भर्ती हुए केंद्र सरकार के कर्मचारियों को एनपीएस में शामिल कर दिया गया। यह एक अंशदायी पेंशन योजना थी। इसके खिलाफ कर्मचारी, लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को किसी भी अंशदायी पेंशन योजना के अधीन नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें गैर-अंशदायी पुरानी पेंशन योजना का फायदा देना होगा।

# विदेश में रखी आपराधिक संपत्तियों के खिलाफ वैध घरेलू संपत्ति जब्त कर सकता है ईडी : मद्रास हाईकोर्ट




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत और देश के आर्थिक हित में आपराधिक गतिविधियों के जरिए विदेश में बनाई गई संपत्तियों के खिलाफ देश में उपलब्ध समान मूल्य की वैध संपत्तियों को जब्त कर सकता है।

### तीन कंपनियों की याचिका पर सुनवाई के दौरान फैसला

मद्रास हाईकोर्ट ने चेन्नई में मौजूद तीन कंपनियों की तरफ से दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये फैसला दिया, जिसमें तर्क दिया गया था कि उन्हें उनसे जुड़े व्यक्तियों और शेयरधारकों की तरफ से किए गए कथित अपराधों के लिए प्रतिरूपी रूप से उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है और संघीय जांच एजेंसी की तरफ से जब्त की गई उनकी संपत्तियां उनसे जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी अपराध के बहुत पहले खरीदी गई थीं।

### शेयरधारकों के कृत्यों के लिए प्रतिनिधि रूप से उत्तरदायी नहीं

अदालत ने कंपनियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि उन्हें धन शोधन निरोधक कानून की धारा 70 के तहत अपने प्रमोटरों या शेयरधारकों के कृत्यों के लिए प्रतिनिधि रूप से उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है, जबकि अदालत ने उनसे पीएमएलए के अपीलीय न्यायाधिकरण से संपर्क करने और गुण-दोष, दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर अपना बचाव स्थापित करने के लिए कहा।

### पीएमएलए की धारा से स्पष्ट है मामला

न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगनम की खंडपीठ ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 2(1)(यू) के तहत यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि देश या विदेश में रखी गई ऐसी किसी भी संपत्ति या उसके बराबर मूल्य की संपत्ति का मूल्य भी अपराध की आय के रूप में माना जाएगा। इसलिए, इस धारा के तहत बताई गई परिस्थितियां यह हैं कि किसी व्यक्ति की तरफ से अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप अर्जित की गई किसी भी संपत्ति को अपराध की आय माना जा सकता है। ऐसी किसी भी संपत्ति का मूल्य या यदि ऐसी संपत्ति देश के बाहर ली गई है या रखी गई है, तो देश के भीतर रखी गई संपत्ति के बराबर मूल्य को अपराध की आय के रूप में माना जा सकता है।

### देश के भीतर जब्त की गई संपत्ति जरूरी नहीं

उच्च न्यायालय ने अपने 14-पृष्ठ के आदेश में कहा- इसलिए, आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप कुछ संपत्ति देश के बाहर रखी जाती है, तो देश के भीतर रखी गई संपत्ति के बराबर मूल्य को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जब्त किया जा सकता है। पीठ ने कहा इस प्रावधान का उद्देश्य देश के आर्थिक हितों की रक्षा करना होगा। अदालत ने कहा कि देश के भीतर जब्त की गई संपत्ति जरूरी नहीं है कि वह अपराध या आपराधिक गतिविधि की आय से खरीदी गई संपत्ति हो। इसने कहा इस प्रावधान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत के बाहर की गई आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप अर्जित संपत्ति। अदालत ने फैसला सुनाया कि पीएमएलए के तहत अनुसूचित अपराध से पहले खरीदी गई संपत्ति भी जब्त की जा सकती है, अगर अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधि देश के बाहर ली गई है या रखी गई है।

# चेन्नई में बंगाल के मजदूर की भूख से मौत, राज्यपाल बोस ने ममता को बताया, मानव जीवन से खेलने वाली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने हाल ही में चेन्नई में एक प्रवासी की मौत को लेकर ममता बनर्जी की आलोचना की है। भूखमरी के कारण मौत का शिकार हुआ यह प्रवासी मजदूर पश्चिम बंगाल का रहना वाला था। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए बोस ने कहा कि, मेरी संवैधानिक सहयोगी मानव जीवन के साथ खेल रही हैं। बोस की यह टिप्पणी पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक प्रवासी मजदूर की सोमवार को तमिलनाडु की राजधानी में %भूख% के कारण हुई मौत के बाद आई है। उन्होंने राज्य के प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की है। जिन्हें आजीविका की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बोस ने कहा कि, क्या ममता बनर्जी गांधीजी के प्रिय दरिद्र नारायण की देखभाल इसी तरह करती हैं? सबको सन्मति दे भगवान।

### बेहोशी की हालत में मिले थे 5 मजदूर

उन्होंने आरोप लगाया कि ये मजदूर भूख और गरीबी से मर रहे हैं। जिनमें से कुछ को चेन्नई रेलवे स्टेशन से बेहोशी की हालत में बचाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस अस्पताल में पांचों को भर्ती कराया गया था। उनमें से तीन की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि मजदूरों में से एक समर खान की 30 सितंबर को मौत हो गई। हाल ही में कई प्रवासी कामगार नौकरी की तलाश में चेन्नई गए थे, लेकिन उन्हें कोई नौकरी नहीं मिल पाई। जिसके चलते वह कई दिनों से भूखे थे। एक अधिकारी ने बताया कि खान का शव पूर्वी मेदिनीपुर जिले में वापस भेजा जा रहा है, जबकि चार अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। बोस ने कहा कि राज्य सरकार को उन प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा के प्रति जीवंत, संवेदनशील और उत्तरदायी होना चाहिए।

### प्रवासी मजदूरों का बड़ा स्रोत है बंगाल

पश्चिम बंगाल देश में प्रवासी मजदूरों का बड़ा स्रोत माना जाता है। जहां 1 अक्टूबर तक ई-श्रम पोर्टल पर 2,63,72,911 ऐसे श्रमिक पंजीकृत हैं। जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। इसके अलावा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 21 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों ने कर्मसाथी परिजयी श्रमिक पोर्टल पर नामांकन के लिए आवेदन किया है। 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य देश में प्रवासी श्रमिकों का चौथा सबसे बड़ा स्रोत था। जिसमें 2001 और 2011 के बीच राज्य से लगभग 5,80,000 लोग पलायन कर गए थे।

## उखरूल में स्वच्छता अभियान के दौरान दो गुटों में झड़प, गोलीबारी में कई घायल, इलाके में निषेधाज्ञा लागू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर के उखरूल में बुधवार को स्वच्छता अभियान के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए। अस दौरान दोनों गुटें के बीच गोलीबारी हुई, जिसके बाद वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। दोनों गुट नागा समुदाय से थे, लेकिन अलग-अलग गांव से थे। गोलीबारी में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए असम राइफल्स को तैनात किया गया है। प्रतिबंध को लेकर उखरुल उप-मंडल मजिस्ट्रेट डी. कामेई ने पुलिस अधीक्षक के पत्र का हवाला दिया। पत्र में थवाईजाओ हुंगपुंग युवा छात्र संगठन (टीएचवाईएसओ) के सामाजिक कार्य में अनहोनी की आशंका जताई गई थी। इसके अलावा इसमें हुनफुन ग्राम प्राधिकरण की ओर से हुनफुन क्षेत्र में इसे लेकर आपत्ति जताए जाने की बात भी कही गई थी। आदेश के अनुसार, हुनफुन और हंगपुंग गांवों के बीच भूमि विवाद के संबंध में कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होने की संभावना है। इससे दोनों गांवों के बीच शांति भंग हो सकती है। ऐसी घटनाओं से मानव जीवन और संपत्तियों को खतरा हो सकता है।

### मणिपुर में बंद के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित

मणिपुर के पांच इंफाल घाटी जिलों में दो युवकों के अपहरण को लेकर मेइतेई समूह संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) द्वारा बुलाए गए बंद के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। इस दौरान दुकानें और अन्यवाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद थे। पूर्वी-पश्चिमी इंफाल, थौबल और बिष्णुपुर और काकचिन में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। थौबल में मंगलवार से बंद था, महिलाओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को अवरुद्ध कर दिया था। पूर्वी इंफाल जिले के खुरांग और लामलोंग में बंद को सख्ती से लागू किया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)